* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची 05 अक्टूबर, 2024, शनिवार, वर्ष 09, अंक 345, आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
Grand Opening
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

नवरात्रि की सौगात: जनता को मिला कांटाटोली फ्लाई ओवर

एक नजर में

- राज्य सरकार द्वारा निर्मित पहला फ्लाई ओवर।
- लंबाई 2.4 किलोमीटर और लागत लगभग 224 करोड़ रुपये।
- पूर्वोत्तर भारत का पहला प्रीकास्ट सेगमेंट्ल बाक्स गडर प्रणाली का फ्लाई ओवर।
- इसमें 486 प्रीकास्ट सेगमेंट्ल बाक्स लगे हैं।
- 42 स्पैन (पीलर) पर सेगमेंट्ल बाक्स टिके हैं।
- ब्रिज पर लगभग 125 बिजली के खंभे हैं।
- मेसर्स दिनेशचंद्र अग्रवाल एसोसिएट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने रिकॉर्ड दो वर्ष मे पूरा किया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया उद्घाटन, 27 योजनाओं का शिलान्यास भी हुआ

चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा कर रही सरकार: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी के सहयोग, सहभागिता एवं राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से ही योगदा सत्संग आश्रम-बहुबाजार-कांटाटोली-शांतिनगर, कोकर फ्लाई ओवर के निर्माण का रास्ता साफ हो सका। इस कार्य के लिए मैं वैसे सभी लोगों के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट करता हूं, जिन्होंने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से अपना सहयोग दिया है। रांची शहर में कोई भी मूलभूत सुविधा का निर्माण चुनौतीपूर्ण होता है। जब तक सभी का सहयोग प्राप्त न हो, तब तक निर्माण कार्य करना आसान नहीं होता है। आज इस फ्लाई ओवर के प्रारंभ होने से राजधानीवासियों को आये दिन होनेवाली ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा कर रही। आगे भी विकास कार्य इसी तरह से होते रहेंगे।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को कांटाटोली फ्लाई ओवर के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। फ्लाई ओवर को जनता को समर्पित करने के अलावा उन्होंने 27 योजनाओं की कुल लागत राशि 2471.90 करोड़ रुपये का शिलान्यास और 792.10 करोड़ रुपये की चार योजनाओं का उद्घाटन किया। हेमंत ने कहा कि इस फ्लाई ओवर के निर्माण में कई लोगों का छोटा-बड़ा योगदान रहा है। यह फ्लाई ओवर बेहतर ढंग से राजधानीवासियों की सेवा में रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस फ्लाई ओवर में लगे खंभे, स्ट्रीट लाइटिंग इत्यादि व्यवस्थाएं हमेशा सुरक्षित रहं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी लोग बेवजह अतिक्रमण करने लगते हैं। सरकार की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हैं। सरकार की संपत्ति विशेष रूप से जनता की संपत्ति है, इसका मतलब यह नहीं है कि हम उसे इस कदर बर्बाद कर दें कि वह किसी काम का न रहे। इन सभी बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

नफा-नुकसान देख कर काम करना चाहिए: मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं किसी की शिकायत नहीं कर रहा हूं, लेकिन लोहे की भार से रांची स्थित ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में बड़ा झंडा लगाया गया, जिस कारण पहाड़ी मंदिर का अस्तित्व खतरे में आ गया। इसलिए हमें पूरे वैज्ञानिक रूप से चीजों को समझने और जानने की जरूरत है, ताकि उसका नफा-नुकसान का आकलन कर कार्यों को अंजाम दिया जा सके।

सिरमटोली पुल का भी जल्द होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाई ओवर आने वाले समय में पांच किलोमीटर का होने जा रहा है। अभी सिरमटोली चौक के पास एक ऐसा पुल हमलोग बना रहे हैं, जो देश के इतिहास में रेलवे क्रॉसिंग पर इस तरह का पुल शायद ही देखने को मिले। यह कार्य बहुत ही चुनौती भरा है, लेकिन राज्य सरकार के प्रयास से यह सभी कार्य हो रहे हैं। आने वाले दो-तीन महीने के अंदर कांटाटोली-सिरमटोली-मेकॉन चौक तक बनाये जा रहे फ्लाई ओवर निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। इसके अलावा आज शिलान्यास हो रहे दो और महत्वपूर्ण फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य अगले डेढ़ वर्ष में बन कर तैयार हो जायेगा।

इनका हुआ उद्घाटन

- कांटा टोली फ्लाई ओवर
- बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर स्मार्ट पथ
- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ का चौड़ाकरण एवं मजबूतीकरण

इनका हुआ शिलान्यास

- सिरमटोली-मेकॉन चौक-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाई ओवर
- सहजानंद चौक-कांके रोड फ्लाई ओवर
- गोला-मुरी पथ का चार लेन निर्माण कार्य
- सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाई ओवर
- धनबाद जिला अंतर्गत मटकुरिया फ्लाई ओवर
- अन्य पथों का निर्माण कार्य

पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास को दे रहे गति

हेमंत ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए हमारी सरकार एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य में मूलभूत सुविधाओं को निरंतर सुदृढ़ और मजबूत किया जा रहा है। हमारी सरकार वर्तमान के साथ-साथ भविष्य का ख्याल रखते हुए विकास कार्यों को गति देने का काम कर रही है। रांची शहर का क्षेत्रफल सीमित है। उसी प्रकार पूरे झारखंड का क्षेत्रफल भी सीमित है। विकास कार्य भी इसी अनुरूप करने होंगे। मैं बार-बार कहता हूं शहर में हम बड़े-बड़े बिल्डिंग बना रहे हैं, लेकिन बिल्डिंग खड़ा करने के रेस में पेड़-पौधे भी बड़ी तेजी से काटे जा रहे हैं। पर्यावरण को सुरक्षित रखना होगा, नहीं तो आने वाले दिनों में मनुष्य जीवन को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ेगा।

वेस्ट मैनेजमेंट के लिए जल्द आदेश होगा जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के पैमाने को खींचते-खींचते कहीं हम पर्यावरण को नुकसान न करें, यह सुनिश्चित करना होगा। इन चीजों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। कोई भी योजना विभाग ले तो पहले पर्यावरण की क्षतिपूर्ति को कैसे पूरा किया जाये, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी सोसाइटी और कॉलोनी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था की जाये। मैं विभाग से इसके लिए शीघ्र आदेश जारी करने को कहूंगा। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद, राज्यसभा महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, राजेश कच्छप और कल्पना सोरेन समेत अधिकारीगण मौजूद थे।

न्यूज रील्स

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 40 नक्सली मार गिराये

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने 40 नक्सलियों को मार गिराया। राज्य की पुलिस के हवाले से न्यूज एजेंसी पीटीआइ ने बताया कि 28 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। मुठभेड़ दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के बॉर्डर पर ओरछा थाना इलाके के नेंदुर और थुलथुली गांव के बीच जंगल में हुई। एनकाउंटर के दौरान 2 घंटे तक रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। इसके बाद जब फायरिंग रुकी, तो सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जवानों ने शाम 6 बजे तक भारी मात्रा में एके-47, एसएलआर समेत कई हथियार भी बरामद किये।सुकमा जिले में 4 अक्टूबर को मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में नक्सलियों से सामग्री बरामद की गयी थी। यहां 11 दिन में यह तीसरी मुठभेड़ है। 24 सितंबर को भी सुकमा जिले में मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान एनकाउंटर में 2 नक्सलियों को ढेर किया गया था। हालांकि दोनों शव को उनके साथी अपने साथ ही ले गये।

झंझावातों के बीच से निकला फ्लाई ओवर

दो वर्ष में टीम ने कर दिखाया कारनामा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बधाई! आखिरकार कांटाटोली फ्लाई ओवर जनता को मिल ही गया। हेमंत सरकार ने तमाम झंझावातों को दूर करते हुए शुक्रवार को इस फ्लाई ओवर को जनता के हवाले कर दिया। रांचीवासी अगर याद करें तो इस फ्लाई ओवर के निर्माण की चर्चा दशकों से हो रही थी। पूर्व की हर सरकार ने इसके लिए प्रयास किये। कभी भूमि अधिग्रहण की समस्या सामने आयी, तो इस इलाके से लोगों को खाली कराना समस्या बनी। इसे लेकर राजनीति भी कम नहीं हुई। वोट बैंक बचाने के चक्कर में कई नेताओं ने इसके निर्माण को लेकर समय-समय पर अड़ंगा डाला। स्थानीय लोगों का विरोध और नाराजगी का भी सामना करना पड़ा। अंततः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नगर विकास विभाग और जुडको की टीम ने इस फ्लाई ओवर को धरातल पर उतार कर दिखा दिया। वह भी केवल दो वर्ष में निर्माण कार्य को पूरा किया। इसलिए पूरी टीम बधाई के पात्र है।

नगर विकास विभाग, जुडको और डीआरडी की टीम की चर्चा की जाये तो विभाग के सचिव सुनील कुमार, डीआरए के समन्वयक प्रशांत कुमार, वरीय परियोजना प्रबंधक रामप्रवेश, गुणवत्ता अभियंता सुमित कुमार, साइट अभियंता मुकेश कुमार और दीपक कुमार और एजीएम नितिन मिश्र हैं। वहीं, जुडको के पूर्व परियोजना निदेशक (तकनिकी) रमेश कुमार, परियोजना निदेशक (तकनीकी) गोपालजी, पूर्व महाप्रबंधक (परिवहन) बिरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (परिवहन) विनय कुमार, सहायक महाप्रबंधक अभिनेंद्र कुमार, परियोजना प्रबंधक शीतांशु वैभव और नयन मोदक, उप परियोजना प्रबंधक प्रत्युष आनंद झा, सहायक परियोजना प्रबंधक बिनय कुमार शील, राहुल मिश्र और संजय कुमार के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

हेमंत सरकार के लिए इस फ्लाई ओवर का निर्माण एक चुनौती थी। इस बात को खुद हेमंत सोरेन भी कबूल करते हैं। उन्होंने कहा भी सरकार चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा करने में लगी है। इसे साबित करते हुए उन्होंने कांटाटोली फ्लाई ओवर जनता को समर्पित कर दिया। कहते हैं अगर मंशा सही हो।

दिशा सही हो, तो रास्ते भी निकलते जाते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ मंशा से राजधानी के लोगों को कांटाटोली फ्लाई ओवर की सौगात देने का मन बनाया। टीम का मार्गदर्शन किया। समय-समय पर समीक्षा की। सभी का उत्साह बढ़ाया। हर बाधा का हल निकाला। हाल के चंद महीनों को देखें तो दिन-रात फ्लाई ओवर निर्माण का काम तेजी से हुआ। नतीजतन नवरात्रि की दूसरी पूजा के दिन लोगों को यह सौगात मिल गयी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फ्लाई ओवर पर खुद चलायी गाड़ी, पत्नी कल्पना ने बनायी वीडियो

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांटाटोली फ्लाई ओवर पर खुद गाड़ी चलायी। उनके बगल वाली सीट पर उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सोरेन बैठी थीं। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एक वीडियो भी शूट की। उसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन लोगों को शुभकामनाएं दी हैं, जिन लोगों ने फ्लाई ओवर बनाने में दिन रात एक कर दिया। उन्होंने कहा कि ये फ्लाई ओवर पब्लिक को समर्पित किया जा रहा है। अब भीड़, जाम से मुक्ति मिलेगी।

पुराने विधानसभा मैदान का पूजा पंडाल आज जनता के लिए खुलेगा

राज्यपाल संतोष गंगवार करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्रीराम लला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में पुराना विधानसभा मैदान धुर्वा में अयोध्या के नवनिर्मित श्रीराम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। यह पंडाल अयोध्या धाम के श्रीराम लला के मंदिर जैसा दिखेगा। मंदिर के प्रारूप के स्तंभ, शिखर एवं अन्य डिजाइनों का निर्माण अयोध्या के प्रारूप जैसा है। पूजा पंडाल को शनिवार से जनता के लिए खोला जा रहा है। पूजा पंडाल 5 से 12 अक्तूबर तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहेगा। इसका उद्घाटन शनिवार सुबह 10 बजे राज्यपाल संतोष गंगावार करेंगे। इस मौके पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

चौधरी ने कहा कि पंडाल की लंबाई 170 फीट और चौड़ाई 120 फीट सहित पंडाल की 120 फीट ऊंचाई ने भव्य रूप ले लिया है। प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से अयोध्या में स्थापित भगवान श्रीराम की प्रतिमा जैसी रहेगी। लोग पंडाल में आकर अयोध्याधाम के श्रीराम मंदिर के प्रारूप का दर्शन प्रतिपदा से पूरे नवरात्र में लगातार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि धुर्वावासियों के द्वारा काफी उत्साह के साथ समिति को पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरे मैदान में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। सुरक्षा में 50 से ज्यादा प्राइवेट सिक्योरिटी पंडाल में अपनी सेवा देगे। संवाददाता सम्मेलन में समिति महासचिव कुणाल अजमानी, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रकाश धेलिया, रोहित अग्रवाल, रोहित पांडेय, धीरज तनेजा समेत अन्य पदाधिकारी मौजद थे।

हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा में शामिल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा रहे मौजूद, सरमा ने कमलेश को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया, कमलेश के साथ उनके समर्थकों ने भी सदस्यता ली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष और हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गये। कमलेश और उनके समर्थकों ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह में कमलेश सिंह को पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी मौजूद थे। इस अवसर पर कमलेश सिंह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से जुड़ कर गर्व महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुंद्र है। एक सिपाही की तरह भाजपा से जुड़ कर काम करेंगे।

झारखंड को मुश्किल से निकालना है: बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता संकट में थी। सरकार में रहते हुए कमलेश सिंह ने भाजपा का साथ दिया। भाजपा ने जब आवाज दी, तब कमलेश साथ देने के लिए तैयार रहे। एनसीपी से बात करके ही कमलेश सिंह भाजपा में शमिल हुए हैं। पार्टी में सभी का स्वागत है। जो संगठन के कार्यकर्ता है, वे बड़े लक्ष्य को देखें। झारखंड को मुश्किल से निकालना है।

पसंद-नापसंद से ऊपर उठ कर काम करें कार्यकर्ता: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के सदस्य के रूप में पूर्व से ही कमलेश सिंह रहे हैं। आज केवल तकनीकी औपचारिकता पूरी हुई है। धीरे-धीरे समय आ रहा है चुनाव की घोषणा होगी। कमलेश सिंह से आग्रह है कि सबको साथ लेकर चलें। इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। सबका विश्वास हो तो परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता है। कमलेश सिंह के योगदान से परिवर्तन को बल मिलेगा। विकास के मापदंड पर प्रथम पांच राज्यों में झारखंड को ले जाना है। हमारे सामने बहुत बड़ा युद्ध है। इस युद्ध में कैसे हम जीत हासिल करें, यह संगठन में काम करनेवाला एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती है। हम पार्टी को सहयोग करें। हमें अपनी पसंद और नापसंद से ऊपर उठ कर यह देखना चाहिए कि झारखंड को विकास की राह पर और अंधकार युग से बाहर ले जाने के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार की जरूरत है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,500 रु./10 ग्राम
चांदी 94,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 05 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in

झारखंड की जनता मांगे फुल प्रूफ प्लान

■ दलों के सामने मुद्दों की हकीकत बताने की चुनौती

■ सत्ता पक्ष के काम दिख रहे धरातल पर, विपक्ष को जल्द लाना होगा फुल प्रूफ प्लान

15 नवंबर, 2000 को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में उभरा झारखंड इस समय विधानसभा चुनाव की दहलीज पर खड़ा है। राज्य विधानसभा की 81 सीटों पर चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है और लोकतंत्र के इस सबसे बड़े अनुष्ठान में आहुति देने के लिए सभी राजनीतिक दल तैयार हैं। झारखंड का यह सियासी युद्ध कितना भीषण होनेवाला है, इसका अंदाजा विभिन्न राजनीतिक दलों की तैयारियों को देख कर ही लगाया जा सकता है। राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद का गठबंधन और विपक्षी भाजपा-आजसू की तरफ से इस्तेमाल किये जानेवाले हथियारों, यानी चुनावी मुद्दों की रूपरेखा तय कर ली गयी है। यह तय हो गया है कि झारखंड विधानसभा के आसन्न चुनाव में सत्ता पक्ष की तरफ से आदिवासी अस्मिता और पांच साल के दौरान किये गये कार्यों के साथ केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के प्रति किये गये सौतेले व्यवहार जैसे मुद्दे उठाये जायेंगे। जबकि भाजपा-आजसू की तरफ से घुसपैठ, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बालू-कोयले की तस्करी और गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी जैसे मुद्दों पर वोट मांगा जायेगा। चुनावी मुद्दों के इस शोर में झारखंड का मतदाता किस तरफ झुकता है, यह तो चुनाव परिणाम के बाद ही पता चलेगा, लेकिन अभी इतना तय है कि दोनों पक्ष अपने-अपने मुद्दों को अंतिम रूप दे चुके हैं और दावे-प्रतिदावे भी कर रहे हैं। एक तरफ जहां सत्ता पक्ष के मुद्दे धरातल पर दिखने लगे हैं, वहीं विपक्षी दलों के मुद्दे भी हुंकार लेने लगे हैं, लेकिन अब इन मुद्दों को आकार देने का भी वक्त आ चुका है। भाजपा के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है कि वह अपने मुद्दों के समर्थन में आम लोगों के सामने कुछ तथ्य प्रस्तुत करे, क्योंकि अब केवल बयानबाजी से काम चलनेवाला नहीं है। भाजपा को जल्द ही अपना घोषणा पत्र जारी कर जनता के समक्ष अपना एजेंडा रखना होगा। सत्ता पक्ष अपना विजन रख चुका है, वहीं एनडीए को भी झारखंड और उसकी जनता के समक्ष अपना विजन रखने की जरूरत है। प्रत्याशियों को लेकर भी मंथन का दौर सभी दलों में चल रहा है। इसमें जो बाजी मारेगा, उसके पास एक एज रहेगा। क्या हैं दोनों पक्षों के चुनावी मुद्दे और क्या है उनकी हकीकत, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में 15 नवंबर, 2000 को उभरा झारखंड, जिसे कभी राजनीति की प्रयोगशाला कहा गया था, इस समय अपनी छठी विधानसभा चुनने के लिए तैयार बैठा है। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए बिगुल किसी भी वक्त बज सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के इस सबसे बड़े आयोजन में भागीदारी निभाने और अगले पांच साल तक झारखंड की सवा तीन करोड़ आबादी की नुमाइंदगी करने का जनादेश हासिल करने की जद्दोजहद भी जारी है। राजनीतिक दलों के बीच मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम चल रहे हैं, मुद्दे उछाले जा रहे हैं और वादों-घोषणाओं का दौर जारी है। इन राजनीतिक परिस्थितियों में एक बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि आखिर इन चुनावी मुद्दों का असर क्या हो सकता है और राजनीतिक दलों के लिए इनका क्या मतलब होता है।

झारखंड के ग्रामीण बड़े जागरूक

झारखंड भ्रमण के दौरान मैंने पाया कि झारखंड की जनता बहुत जागरूक है। उसे अब मुद्दों की समझ है। खासकर ग्रामीण राजनीतिक मुद्दों और उससे लाभ-हानि पर ज्यादा सजग हो चुके हैं। संथाल से लेकर कोल्हान तक जहां भी मैं गया, पाया कि जनता अब राजनीतिक दलों से यह उम्मीद कर रही है कि उनके लिए दलों के पिटारे में क्या है। अगर कोई दल, कुछ वादा करता है, तो उसे वह कैसे पूरा करेगा, जनता अब राजनीतिक दलों से फुल प्रूफ प्लान की उम्मीद कर रही है। अगर सत्ता पक्ष चुनाव के समय कोई योजना ला रहा है तो वह भी जनता समझ रही है। अगर विपक्ष सत्ता पक्ष की योजना पर उंगली उठा रहा है तो उससे भी जनता क्रॉस क्वेश्चन कर रही है कि आप क्या देंगे। अगर देंगे तो कैसे भरोसा दिलायेंगे कि आपकी योजना ज्यादा कारगर होगी। क्योंकि झारखंड में सभी दल ट्राइड एंड टेस्टेड हैं। उनके कामों के बारे में भी जनता को पता है। कौन नेता कैसा है, उसके पास कितना विजन है, उसका भी अंदाजा जनता को है। कौन झूठ बोल रहा है, कौन बरगला रहा है, कौन सच्चा बोल रहा है, कौन सही मायनो में झारखंड के लिए सोच रहा है, जनता सब जानती है। झारखंड की जनता सबको बारी-बारी मौका देते आयी है। अब जो इसमें अच्छा परफॉर्म करेगा, उसके सिर पर सेहरा सजेगा।

राजनीतिक दलों को भी जनता के सामने अपने उस चेहरे को लेकर आना पड़ेगा, जिसके सहारे उसकी नींव पड़ी हो। अगर भाजपा भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रही है तो उसे यह भी देखना होगा कि उसके मंच पर कोई ऐसा चेहरा तो नहीं है, जिसके कारण लोग उस पर भी उंगली उठायें। अगर भाजपा झारखंड में कोयला चोरी का मुद्दा उठा रही है, तो उसे सतर्क रहना होगा कि क्या कोई कोयला चोर उसकी टीम में तो नहीं है। अगर भाजपा महिलाओं के खिलाफ दुराचारियों को सबक सिखाने की बात कर रही है, तो उसे अपने दल के अंदर भी उन लोगों के खिलाफ भी एक्शन लेना पड़ेगा, जिनके ऊपर यौन शोषण का आरोप हो। अगर बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भाजपा उठा रही है तो उसे घुसपैठियों के ठिकानों, चंद नाम उसे देंगे भी होंगे। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा के पास अपना विजन है। लेकिन भाजपा को यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल चंद लम्हो की खुशी के लिए पार्टी की अस्मिता पर दाग न लग जाये। भाजपा को पहले अपना एजेंडा क्लियर करना होगा। जो मुद्दे वह उठा रही है, उसे धरातल पर कैसे लायेगी, उसका फुल प्रूफ प्लान जनता को बताना पड़ेगा।

चुनावी योजनाओं से बचना होगा

सत्ता पक्ष के सामने यह प्लस होता है कि वह योजनाओं को धरातल पर उतार सकता है। लेकिन उसे भी यह ध्यान देने की जरूरत है कि कोई योजना जो धरातल पर लायी जा रही है या लायी गयी है, उसे महज चुनावी लाभ के लिए लोगों के सामने प्रस्तुत करना उचित नहीं। सिर्फ चुनाव के वक्त धड़ाधड़ योजनाओं के लाने से जनता को आंशिक लाभ हो सकता है, लेकिन दल को इससे कोई फायदा नहीं मिलनेवाला। जनता अब सब समझती है। उनके पारंपरिक वोटर्स को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन जो वोटर्स शिफ्ट होते हैं, उनमे तो पड़ता है भाई।

वैसे झारखंड में एक तरफ सत्तारूढ़ गठबंधन है, जिसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और वाम दल हैं, तो दूसरी तरफ विपक्ष में भाजपा और आजसू है। जहां तक चुनावी मुद्दों की बात है, तो दोनों ही तरफ से अपने-अपने मुद्दे जनता के सामने रख दिये गये हैं। लेकिन जनता इस पर फैसला सुनाये, इससे पहले उसे इन मुद्दों को तौलना है। हालांकि दोनों ही पक्ष अपने-अपने मुद्दों को वजनदार बताने में लगे हुए हैं, लेकिन जनता तो जमीन पर है। वह हवाई बातों पर कम भरोसा करने लगी है। इसलिए मुद्दों को वजनदार साबित करने की चुनौती दोनों के सामने है।

ये हैं झारखंड के चुनावी मुद्दे

जहां तक झारखंड का सवाल है, तो इस बार सत्ता पक्ष की तरफ से आदिवासी अस्मिता, विकास, कल्याणकारी योजनाएं और झारखंड के प्रति केंद्र सरकार के कथित सौतेले व्यवहार को मुद्दा बनाया जा रहा है। उधर भाजपा-आजसू की तरफ से घुसपैठ, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और सत्ताधारी दलों की वादाखिलाफी को अपना मुख्य मुद्दा बनाया गया है। दोनों ही पक्ष अपने-अपने मुद्दों को जनता की अदालत में पेश कर चुके हैं। जनता अब क्या फैसला लेती है, यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेगा, लेकिन फिलहाल इस मोर्चे पर सत्ताधारी गठबंधन आगे दिखाई दे रहा है।

सत्ता पक्ष के मुद्दे धरातल पर दिखते हैं

सत्ता पक्ष के चुनावी मुद्दे धरातल पर दिखने लगे हैं। चाहे आदिवासी अस्मिता का मुद्दा हो या फिर विकास का या कल्याणकारी योजनाओं का, हरेक का क्रियान्वयन या तो हो गया है या फिर उन्हें लागू करने की प्रक्रिया जारी है। सरना धर्म कोड, स्थानीयता नीति, विस्थापन आयोग और झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान जैसे भावनात्मक मुद्दों पर राज्य सरकार अपना कदम उठा चुकी है, भले नतीजा जो हो। पिछले दो महीने में विकास योजनाओं की जितनी सौगात झारखंड सरकार ने दी है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। मंईयां सम्मान योजना से लेकर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और सर्वजन पेंशन योजना का लाभ लोगों को मिलने लगा है। किसान ऋण माफी योजना और बिजली बिल माफी योजना का लाभ भी लोग उठाने लगे हैं। । ढांचागत विकास की बात की जाये, तो आज ही राजधानी रांची को 24 साल बाद पहला फ्लाई ओवर नसीब हुआ है, जबकि कई अन्य पर काम तेजी से चल रहा है।

भाजपा के सामने मुद्दों को साबित करने की चुनौती

दूसरी तरफ भाजपा के सामने उसके द्वारा उठाये गये मुद्दों को जनता की कसौटी पर साबित करने की चुनौती है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और दूसरे केंद्रीय नेताओं ने झारखंड के दौरे के दौरान पार्टी के मुद्दों को खूब हवा दी है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ से आदिवासियों की आबादी घटने के अलावा भ्रष्टाचार और झामुमो-कांग्रेस की वादाखिलाफी का भी मुद्दा पार्टी ने उठाया है। पार्टी ने हाल ही में अपनी राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा के माध्यम से इन मुद्दों को जनता के सामने रख तो दिया, लेकिन अब इन मुद्दों की ठोस हकीकत का इंतजार है। घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा आक्रामक हो रही है। लेकिन लोगों को तब विश्वास होगा, जब भाजपा घुसपैठी वाले गांव और घुसपैठ करनेवाले लोगों के नाम लेकर सामने आयेगी।

इसी तरह भ्रष्टाचार का मुद्दा भी भाजपा के लिए शायद उतना बड़ा अस्त्र साबित नहीं होनेवाला। भाजपा ने झामुमो-कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप तो लगाया है, लेकिन अब मधु कोड़ा, हरिनारायण राय और कमलेश सिंह सरीखे नेताओं को अपने खेमे में लेने के बाद भ्रष्टाचार पर उसके स्टैंड को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इसी तरह कानून-व्यवस्था और कोयला तस्करी जैसे मुद्दों को लेकर भी भाजपा के सामने बड़ा सवाल खड़ा किया जाने लगा है। धनबाद में हाल के दिनों में जिस तरह कोयला तस्करों ने भाजपा की भी छतरी ओढ़ी है, उसमें भाजपा पर सवाल उठना लाजिमी है। कुल मिला कर चुनावी मुद्दों की शोर में असली चुनौती विपक्षी भाजपा के सामने है, क्योंकि उसने शोर तो खूब मचाया है, लेकिन यह शोर हवा में खो जाये, इससे पहले भाजपा इन्हें धरातल पर साबित कर दे, तो फिर बात बन सकती है।

जदयू-आजसू के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी भाजपा : हिमंता बिस्वा सरमा

कमलेश सिंह को टिकट देने का निर्णय केंद्रीय पार्लियामेंटरी कमिटी लेगी

आज जारी होगा पहले चरण का पांच बिंदुओं वाला घोषणा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि भाजपा झारखंड विधानसभा का चुनाव जदयू और आजसू के साथ मिल कर लड़ेगी। सीट बंटवारे की भी बात लगभग पूरी हो चुकी है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड चुनाव का आकलन करने के पश्चात हमें लगा कि एनसीपी के नेता कमलेश सिंह को बीजेपी में आना चाहिए। हमने एनसीपी के नेताओं से बात की और उन्हें पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि कमलेश सिंह पिछले एक महीने से भाजपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। अगर हम चाहते तो इनको एक महीना पहले ही पार्टी में शामिल करा सकते थे। लेकिन देश में भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने पहले उनके दल के सभी नेताओं से बात की, उनको समझाया। फिर उनकी सहमति और उनको विश्वास में लिया। दूसरी तरफ कांग्रेस में एक रैली में ही किसी नेता को शामिल कराने का निर्णय लिया जाता है और उसे पार्टी में शामिल कर लिया जाता है। कमलेश सिंह को टिकट दिये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्लियामेंट्री बोर्ड लेगा। कमलेश सिंह के आने से भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा इस्तीफा देने की धमकी की बाबत उन्होंने कहा कि भाजपा में ऐसी बात नहीं है। भाजपा में अगर कोई व्यक्ति आता है, तो पार्टी के सभी कार्यकर्ता उसका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह नाराज होने का समय नहीं है। यह युद्ध जीतने का समय है। यह युद्ध झारखंड को बचाने का है।

हुसैनाबाद और चंदनकियारी सीट आजसू को दिये जाने के सवाल पर हिमंता ने कहा कि बात हो चुकी है और इसमें किसी प्रकार का कोई जिच नहीं है। आजसू के साथ एक या दो सीट को छोड़ कर हमारी बात लगभग पूरी हो चुकी है। कुछ मुद्दों पर फैसला पार्लियामेंट्री बोर्ड लेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण का घोषणा पत्र शनिवार को जारी किया जायेगा। इसमें पांच बिंदुओं को शामिल किया गया है। प्रत्याशियों की सूची के बारे में अब तक फैसला नहीं हुआ है। 7 या 8 अक्टूबर तक इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा।

---

103 पदाधिकारियों को अपर समाहर्ता कोटि में प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार ने 28 सितंबर 2024 को संपन्न विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक की अनुशंसा के आलोक में झारखंड प्रशासनिक सेवा के 103 पदाधिकारी को अनुमंडल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि से अपर समाहर्ता समकक्ष कोटि में पुनरीक्षित वेतनमान पीवी 3 15600, 39100 ग्रेड पे 7600 में प्रोन्नति प्रदान की है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

इन्हें मिला प्रमोशन

सुधीर कुमार दास संजय पीएम कुजूर ,गौरांग महतो ,संजीव कुमार, वैभव कुमार सिंह, सुशील कुमार रंथु महतो, हीरा कुमार सुरेंद्र कुमार , जितेंद्र कुमार यादव, विष्णु देव कश्यप ,अरविंद कुमार, ओझा कुमार ,अभिनव स्वरूप, अविनाश पूर्णेन्दु ,शैलेश कुमार, रवीश राज सिंह , प्रभास कुमार दत्ता ,गिरजा शंकर महतो, श्वेता, श्वेता कुमारी, ज्ञान शंकर जायसवाल ,ओमप्रकाश मंडल, प्रभात रंजन चौधरी, संध्या मुंडू, अब्दुस समद इत्यादि।

6 दिसंबर तक पूरी करें चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया: हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को 6 दिसंबर तक राज्य में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को चौकीदार नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस एसएन पाठक ने यह निर्देश दिया है। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता एमएम शर्मा ने बहस की। उनकी ओर से अदालत को बताया गया कि गृह सचिव ने अदालत को यह अंडरटेकिंग दी थी कि तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी, लेकिन अंडरटेकिंग देने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गयी। बता दें कि राज्यभर में कुल 4861 चौकीदारों की नियुक्ति होनी है। लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया में देर के विरुद्ध हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

---

8 को लोहरदगा जायेंगी कल्पना

मंईयां योजना की लाभुकों को करेंगी संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा में 8 अक्टूबर को मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन शिरकत करेंगी। यह कल्पना सोरेन का पहला लोहरदगा दौरा होगा। इस मौके पर वे मंईयां योजना के लाभुकों को संबोधित करेंगी। कार्यक्रम को लेकर झामुमो और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसके लिए झामुमो जिला कार्यालय में बैठक हुई।

इसमें कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बनायी गयी। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

जयराम महतो 6 अक्टूबर को जायेंगे देवघर, जनसभा को करेंगे संबोधित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द हो सकती है। इसके कारण सभी प्रमुख राजनीतिक दल सक्रिय हो गये हैं। इसी क्रम में जेएलकेएम के नेता जयराम महतो भी जनसभाओं के माध्यम से अपना प्रचार अभियान तेज कर रहे हैं। 6 अक्टूबर को जयराम महतो देवघर के सारवा प्रखंड के हाईस्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां वे जरमुंडी विधानसभा के लोगों से समर्थन और वोट की अपील करेंगे। जेएलकेएम के महामंत्री धीरज झा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जयराम महतो मौजूदा भ्रष्ट सरकार के खिलाफ अवाज उठायेंगे और यह बतायेंगे कि किस तरह से राज्य सरकार यहां के मूल निवासियों और आदिवासियों को धोखा दे रही है। जयराम महतो लगातार झारखंड के युवाओं के रोजगार और राज्य में संचालित कोल कंपनियों के मुख्यालय को झारखंड में स्थापित करने जैसी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	30.8 °c	23.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.33 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.41 बजे

झारखंड खेल विभाग ने 529 खिलाड़ियों को सम्मानित किया

खिलाड़ियों को हरसंभव मदद करेगी हेमंत सरकार : मंत्री

झारखंड खेल प्राधिकरण की नयी वेबसाइट का अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड खेल विभाग ने शुक्रवार को रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में खिलाड़ी का सम्मान नकद पुरस्कार राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेल सचिव मनोज कुमार और खेल निदेशक संदीप कुमार ने खिलाड़ियों के बीच इनामी राशि का वितरण किया।

21 खेलों के खिलाड़ी को मिली इनामी राशि : उक्त समारोह में 21 खेलों में पदक जीतने वाले 529 खिलाड़ियों को इनामी राशि से सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच लगभग 4.3290 करोड़ रुपये की इनामी राशि का वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, नारायण महतो और सिम्पा मिंज को 7-7 लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी। इस मौके पर खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झारखंड खेल प्राधिकरण की नयी वेबसाइट का अनावरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान खेल मंत्री ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को हमेशा मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रयास कर रहा है। इसके अलावा समय पर खेल उपकरण और इनामी राशि का वितरण हो पाये, इसे भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। ठाकुर ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन खेल के विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं और वह हमेशा खिलाड़ियों के लिए बातें करते हैं। इस कार्यक्रम में रांची डीएसओ शिवेंद्र कुमार, रूपा रानी, खेल विभाग के अधिकारी, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर समेत सभी कर्मचारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

खूंटी के खिलाड़ियों को मंत्री ने किया सम्मानित

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले के हॉकी, रग्बी, नेटबॉल समेत अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार देकर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों में मुख्य रूप से मैनुअल कंडुलना, रेमिश भेंगरा, अजय हेमरोम, प्रवीण कोंगड़ी, सुखु गुड़िया, जेसन कंडुलना, डेविड मुंडा, नमिता धान, सेलेस्टियन होरो, संजना होरो समेत अन्य को 60 हजार एवं 50 हजार रुपये का चेक सौंपा। खूंटी जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची उपायुक्त बनाये जाने पर जताया कड़ा एतराज, 15 दिनों में मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

कहा, भजंत्री को रांची डीसी बनाना हाइकोर्ट के आदेश का उल्लंघन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने पर राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर कड़ा एतराज जताते हुए इसे झारखंड हाइकोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है। आयोग ने मुख्य सचिव को हाइकोर्ट के 6 दिसंबर, 2021 के आदेश का अनुपालन करने को कहा है, जिसमें उसने देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था। साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया है।

चुनाव आयोग ने अपने पत्र में लिखा है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी के आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने की वजह से उन्हें 26 अप्रैल, 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था, लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर पदस्थापित करने का आदेश दिया था। इसके करीब छह माह बाद मुख्य निर्वाची अधिकारी

(सीइओ) ने आयोग को रिपोर्ट भेजी थी। इस रिपोर्ट में सीइओ ने बताया कि डीसी ने आचार संहिता खत्म होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। चुनाव आयोग ने सीइओ की रिपोर्ट पर डीसी से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन उनकी ओर से संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने के बाद 6 दिसंबर, 2021 को आयोग ने उपायुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था, लेकिन फिर भी सरकार ने उन्हें पद से नहीं हटाया। चुनाव आयोग ने पत्र में लिखा है कि 23 दिसंबर, 2021 को कार्मिक विभाग की ओर से आयोग को एक पत्र लिखा गया। इसमें कहा गया कि आयोग अपना आदेश वापस ले। क्योंकि, आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस तरह का आदेश देने का अधिकार आयोग को नहीं है। इस तरह के आदेश से राज्य की संप्रभुता प्रभावित होती है। इसके बाद आयोग ने 15 दिसंबर, 2022 को पत्र भेज कर इस मामले में मुख्य सचिव की राय मांगी, लेकिन उन्होंने अपनी राय नहीं दी। इसके बाद 26 दिसंबर, 2022 को मंजूनाथ भजंत्री से जिला निर्वाचन पदाधिकारी का काम वापस ले लिया गया था और उसे डीडीसी को सौंप दिया। उल्लेखनीय है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने को लेकर चुनाव आयोग ने 6 दिसंबर, 2021 को मंजूनाथ भजंत्री को उपायुक्त के पद से हटाने का आदेश दिया था। मंजूनाथ भजंत्री ने आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए हाइकोर्ट में याचिका (5716/22) दायर की थी। हाइकोर्ट ने सुनवाई के बाद 30 सितंबर को फैसला सुनाया और चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया। न्यायालय ने आदेश में कहा था कि आयोग का आदेश नहीं मानना संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार करने जैसा है। उसका निर्देश मानना राज्य के लिए बाध्यकारी है।

नवरात्रि : तीसरा दिन

चंद्रघंटा

मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपुर' चक्र में प्रविष्ट होता है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी माना गया है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करनी चाहिए। उनका ध्यान हमारे इहलोक और परलोक दोनों के लिए कल्याणकारी और सद्गति देने वाला है। इस देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्र है। इसीलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है। इनके शरीर का रंग सोने के समान बहुत चमकीला है। इस देवी के दस हाथ हैं। वे खडग और अन्य अस्त्र-शस्त्र से विभूषित हैं। सिंह पर सवार इस देवी की मुद्रा युद्ध के लिए उद्धत रहने की है। इसके घंटे सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस कांपते रहते हैं। नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है। इस देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाईं देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए। इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। इसलिए हमें चाहिए कि मन, वचन और कर्म के साथ ही काया को विहित विधि-विधान के अनुसार परिशुद्ध-पवित्र करके चंद्रघंटा के शरणागत होकर उनकी उपासना-आराधना करनी चाहिए। इससे सारे कष्टों से मुक्त होकर सहज ही परम पद के अधिकारी बन सकते हैं। यह देवी कल्याणकारी हैं।

मंत्र

पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकेयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

पीएम राहत कोष से इलाज के लिए 25 मरीजों को मिले 59 लाख रुपये

किडनी, कैंसर और किडनी ट्रांसप्लांट जैसे गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दी गयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के 25 लोगों को गंभीर बीमीरियों के उपचार हेतु लगभग 59 लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी है। यह राशि जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच संबंधित अस्पतालों को वितरित की गयी है। सांसद संजय सेठ ने बताया कि यह राशि मुख्यतः किडनी, कैंसर और किडनी ट्रांसप्लांट जैसे गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दी गयी है। इनमें से 11 लोगों को कैंसर के उपचार के लिए और अन्य को विभिन्न बीमारियों के लिए सहायता प्रदान की गयी है। हर मरीज को अधिकतम तीन लाख रुपये तक की राशि दी गयी है।

जनता के लिए बड़ी राहत : राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मानवता के प्रति संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राशि जनता के लिए एक बड़ी राहत है। उन्होंने बताया कि अब गरीब इलाज के लिए चिंता नहीं करते, क्योंकि प्रधानमंत्री उनके साथ खड़े हैं। यह पहली बार है जब रांची लोकसभा क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में मरीजों को सहायता दी गयी है। संजय सेठ ने इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया ।

जानें कैसे मिलेगा योजना का लाभ

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से राशि प्राप्त करने के लिए मरीज या उनके अभिभावकों को कुछ आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। जिनमें आय प्रमाण पत्र, अस्पताल का अनुमानित खर्च, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, सांसद का अनुशंसा पत्र और एक आवेदन पत्र शामिल हैं। इसके अलावा संबंधित अस्पताल का पीएम राहत कोष से संबद्ध होना भी अनिवार्य है। आवेदन के 40 दिन के भीतर पीएमओ की समिति राशि स्वीकृत कर संबंधित अस्पताल को भेज देती है।

निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य : के रवि कुमार

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों ने झारखंड के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों को दिया निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के संचालन एवं प्रबंधन में पुलिस के पदाधिकारी महती भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रिसाइडिंग ऑफिसर और पोलिंग ऑफिसर की तरह निर्वाचन कार्य से जुड़े पुलिस के हरेक स्तर तक के पदाधिकारियों के लिए मैनुअल तैयार करते हुए उनकी ट्रेनिंग कराना सुनिश्चित करना है।

रवि कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग से ड्यूटी पर लगे पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में स्पष्टता आयेगी। साथ ही

वे अपनी जिम्मेदारियां तत्परता से निभा सकेंगे और उन्हें यह मालूम रहेगा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान क्या करना है और क्या नहीं। वे आज राज्य के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरिज आफताब ने पदाधिकारियों को चुनाव की घोषणा से पूर्व प्रारंभिक कार्य एवं मतदान केंद्रों का वर्गीकरण, वल्नरेबिलिटी का मूल्यांकन और क्रिटिकल विश्लेषण के विषयों एवं मतदान पूर्व, मतदान दिवस और मतदान के पश्चात की अवधि के लिए सुरक्षा व्यवस्था के विषयों पर बिंदुवार विस्तृत रूप से रेखांकित किया। तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सत्यव्रत साहू ने प्रशिक्षण सत्र में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जरूरतों का आकलन, स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों से उनके समन्वय एवं राज्य के पुलिस बल के साथ उनकी तैनाती से संबंधित विषयों को रेखांकित किया। साथ ही उनसे संबंधित स्थानीय पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका को बताया।

निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था, जिसमें एमसीसी एवं व्यय निगरानी, नवाचार एवं सुधार से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के पदाधिकारियों से फीडबैक प्राप्त करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, राज्य सीएपीएफ के नोडल डीआइजी इंद्रजीत महथा, पुलिस हेडक्वार्टर के निर्वाचन सेल के डीआइजी धनंजय कुमार कुमार सिंह, रांची, हजारीबाग, चाइबासा, पलामू, बोकारो एवं दुमका प्रक्षेत्र के डीआइजी, सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, जिलों के निर्वाचन प्रकोष्ठ के प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सहित मुख्य निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

छात्रों को सपने पूरे करने में कोई रुकावट नहीं आने देंगे : सुदेश

देश में पहली बार 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मिलेगा मिड डे मील

प्रगति प्रयास फाउंडेशन के की ओर से संचालित युवा मध्याह्न भोजन योजना का सुदेश महतो ने किया शुभारंभ

9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए सिल्ली में युवा मध्याह्न भोजन योजना की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के बच्चों को अपने सपने पूरे करने में किसी भी प्रकार की कोई बाधा न आये यह हमारी प्राथमिकता है। इसी कड़ी में हाइस्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना की शुरुआत की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए यह किचन वरदान साबित होगा।

उक्त बातें सिल्ली विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए युवा मध्याह्न भोजन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में कहीं। इस योजना के तहत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा। इसका संचालन प्रगति प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि विद्यर्थियों को निःशुल्क बस सेवा स्टूडेंट एक्सप्रेस, निःशुल्क उड़ान कोचिंग सेंटर, स्मार्ट क्लास, वीआर लैब जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। हमारी तैयारी शिक्षा के क्षेत्र में जल्द नये और व्यापक बदलाव लाने की है। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी वजह से उनके बच्चों की पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आयेगी।

मौके पर उपस्थित प्रगति प्रयास फाउंडेशन के चेयरपर्सन अंकित जैन ने कहा कि आज सिल्ली स्टेडियम के समीप स्थापित यह किचन सुदेश की सोच का नतीजा है। युवा मध्याह्न भोजन योजना से 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत देश में पहली बार 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मिड डे मील मिलेगा। सिल्ली स्टेडियम के पास बने मेगा किचन में खाना पकाया जायेगा और फिर यहां से पूरे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हाइस्कूलों में यह खाना गरमा गरम पहुंचाया जायेगा।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सचिव सुनिल सिंह, संजय सिद्धार्थ, शुशील महतो, चितरंजन महतो, गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जितेंद्र बड़ाइक, आरती देवी, सुसैन प्रमाणिक, रंगबहादुर महतो, बबलू खान इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस ने की विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति

रांची (आजाद सिपाही)। चुनावी अभियान जनसंवाद- लक्ष्य 2024 को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गयी है। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सभी नियुक्त विधानसभा प्रभारी को विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर बूथ कमेटी को मजबूती प्रदान करवाने और जन संवाद लक्ष्य 2024 को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। नियुक्त प्रभारियों में पाकुड़ से एनुल हक, जामताड़ा से मनोज कुमार, जरमुंडी से मुन्नम संजय, पोड़ैयाहाट से अशोक वर्मा, महागामा से श्यामल किशोर सिंह, बरही से मनोज सहाय पिंकू, बड़कागांव से आभा सिन्हा, हजारीबाग से राजेश गुप्ता छोटू, रामगढ़ से नरेश वर्मा, मांडू से विजय यादव, सिमरिया से आबिद अंसारी, बगोदर से शशि मोहन सिंह, जमुआ से मृत्युंजय शर्मा, बेरमो से वैभव सिन्हा, बोकारो से परविंदर सिंह, धनबाद से महेंद्र मिश्रा, झरिया से प्रीतम रवानी, बाघमारा से चितरंजन चौधरी, जमशेदपुर इस्ट से अमरिंदर सिंह, जमशेदपुर वेस्ट से शशि भूषण राय, जगन्नाथपुर से विजय खान,खिजरी से शिवकुमार भगत, जमील अख्तर, हटिया से निजाम अंसारी, कांके से अखिलेश यादव, मांडर से जगदीप भगत, सिमडेगा-रमा खलको, कोलेबिरा से रोशन बरवा, लोहरदगा से दीनानाथ तिवारी, मनिका से पप्पू अजहर, पांकी से धर्मराज राम, डाल्टनगंज से आशिक अंसारी, विश्रामपुर से राम लखन सिंह, भवनाथपुर से ज्योतिष यादव शामिल है।

भाजपा ने झारखंड की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को खोखला कर दिया: बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि झारखंड के विकास पर छाये लंबे ग्रहण का कारण है भाजपा का झूठ, छल-प्रपंच, कपटपूर्ण और भ्रष्टाचार से भरा-पूरा राजनीतिक नजरिया। यह सभी समस्याओं की जड़ में है। तिर्की ने कहा कि 15 नवंबर 2000 को प्रदेश गठन के बाद 24 साल पूरे होने को आये हैं और अब झारखंड अपने रजत जयंती जैसे महत्वपूर्ण वर्ष में प्रवेश करेगा। इस युवावस्था में जहां अपने पैरों पर खड़े होने के विषय में सभी लोग बेहद गंभीरता के साथ सोचते हैं, वहीं, यह दुर्भाग्य की बात है कि सामाजिक-आर्थिक विकास के मामले में आज भी झारखंड देश के पिछड़े प्रदेशों में शामिल है।

तिर्की ने कहा कि पिछले 24 साल में 17 साल भाजपा का शासन रहा और उसने इस दौरान झारखंड की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था को खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल के दौरान भाजपा के प्रत्येक मुख्यमंत्री ने केवल भ्रष्ट और वैसे बाहरी तत्वों को प्रोत्साहित किया, जिनका झारखंड गठन के आंदोलन के

साथ-साथ यहां के समाज, राजनीति और विकास से कोई भी भावनात्मक लगाव नहीं था। उन्होंने कहा कि हालांकि पिछले 5 साल के अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही इंडिया गठबंधन की सरकार ने उस वातावरण को परिवर्तित करने का बहुत अधिक प्रयास किया। लेकिन हेमंत सरकार को शुरू से ही प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से केंद्र सरकार, भाजपा नेताओं एवं केंद्र सरकार की एजेंसियों के द्वारा अस्थिर करने का प्रयास किया जाता रहा है, जो किसी से भी छुपा हुआ नहीं है।

तिर्की ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी प्रत्येक यात्रा के दौरान झारखंड से हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन करते हैं। पिछले 2 अक्टूबर को भी हजारीबाग में उन्होंने 83 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास या उद्घाटन किया। लेकिन उसमें से अधिकांश योजनाएं राष्ट्रीय स्तर की हैं, जो अन्य प्रदेशों में स्थापित की जायेंगी। भाजपा नेताओं और विशेष रूप से केंद्र सरकार को यह बताना चाहिए कि उस 83 हजार करोड़ या पहले की लाखों-करोड़ों रुपये की उन योजनाओं में से कितने का लाभ झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों और यहां के लोगों के हित में होगा।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष आत्मविश्वास की वृद्धि,नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी।

वृष कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लम्बित रहे।

मिथुन आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ।

कर्क सुख-सौहार्द की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।

सिंह नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएँ सफल होने में कुछ बिलम्ब होने की संभावना।

कन्या प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद, विरोधियों से परेशानी हो सकता है।

तुला जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे,नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।

वृश्चिक राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।

धनु उत्साहित रहेंगे,अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

मकर सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

कुंभ स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

मीन सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

सेविकाओं और सहायिकाओं की हड़ताल आज से

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बड़कागांव प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका 5 अक्टूबर से हड़ताल पर जायेंगे। बड़कागांव के 157 आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। सेविकाओं के अनुसार सेविका और सहायिका हड़ताल में चल जायेंगे तो, आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटकेगी। हड़ताल से संबंधित संघ द्वारा मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन दिया जा चुका है। दिये गये ज्ञापन के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका और सहायिकाओं की मांग पूरा करने का आश्वासन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला था। लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल में जाने का निर्णय लिया गया है।

नौ दिन नौ कन्या नौ कार्यक्रम का शुभारंभ

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच की झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा द्वारा नवरात्रि के अवसर पर नौ दिन नौ कन्या नौ कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का पहला दिन भालोटिया स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं के बीच डोम्स किट, टॉफी, और कॉपी का वितरण किया गया। इस पहल के अंतर्गत सभी बच्चों को उपहार स्वरूप डोम्स किट और टॉफी बांटी गयी, जिससे बच्चे काफी खुश दिखे। कार्यक्रम की संयोजक श्वेता गुटगुटिआ और प्रीति गुटगुटिआ ने इस आयोजन का नेतृत्व किया और इसे सफलतापूर्वक संपन्न किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिनों तक अलग-अलग सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित किया जा सके। कार्यक्रम में मायूम झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, सचिव शीतल पोद्दार, नेहा जैन सहित कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के आलोक में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम बिरसा सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु सुदीप सहाय ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रकार के पहलुओं की जानकारी दी। मतदान केंद्र पर सारी मूलभूत सुविधाएं, मतदान से पहले की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन की प्रक्रिया, संवेदनशील मतदान केंद्रों, वनरेबल मैपिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी और जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव से संबंधित दिया जा रहा प्रशिक्षण का हर पहलुओं की अच्छे से प्रशिक्षण ले ताकि चुनाव प्रक्रिया में बेहतर तरीके से कराया जा सके। इसके अलावा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित इवीएम को लेकर उप विकास आयुक्त के कार्यालय स्थित सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के पल्स टू उच्च विद्यालय के मैदान में पांच दिवसीय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच चेडरा और चानो के बीच खेला गया। चेडरा की टीम एक गोल से जीत कर नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता टीम घोषित हुई। उपविजेता चानो की टीम रही। इस टूर्नामेंट में विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र से कुल 40 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को मेडल और विजेता टीम को 25,000 रूपये का चेक और उपविजेता टीम को 15,000 रुपए का चेक देकर पुरुस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच चानो के मनीष कुमार और मैन ऑफ द सीरीज चेडरा के छोटू रोशन को मिला। मौके पर बंटी तिवारी, जयप्रकाश, बिक्रम, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, सुखदेव रजवार, मधुसूदन प्रसाद, सुशील कुमार महतो, प्रभु विश्वकर्मा, राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला, दीपू अकेला, रवि पांडेय, नागेश्वर महतो, युगल स्वर्णकार, शंभूनाथ पांडेय, सुनील मिश्रा, मुकेश चौरसिया, राजेश सोनी, जीवन सोनी, अनूप कसेरा, धीरज कसेरा, गौतम भारती, वरुण ठाकुर, राजेश महतो, राजू रवानी, अवधेश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सेविका सहायिका संघ ने निकाला मशाल जुलूस

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड शुक्रवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय में 8 सूत्री मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व सुरेंद्र पांडेय कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर से बेमियादी हड़ताल जाने को लेकर सरकार को आगाह किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार सेविका और सहायिकाएं का मांग नहीं मानती है तब तक हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर मीना देवी, रूबी देवी, पार्वती देवी, गजाला परवीन, रीना देवी, रेखा देवी, उषा देवी, मंजू देवी, चिंता देवी, किरण देवी, सोनी देवी, रूबी देवी, नुसरत जहां आदि सेविका और सहायिका शामिल थी।

मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थानान्तर्गत अज्ञात चोर के द्वारा विभिन्न खड़ी वाहनों से मोबाईल की चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने विनय कुमार थाना प्रभारी तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक 1अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की गयी। विभिन्न कंपनी का तीन मोबाईल को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 247/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वहीं मो आयुब (उम्र 21 वर्ष, पिता मो असगर, सा मंडेय बडी मस्जिद, थाना लोहसिंघना, हजारीबाग) को गिरफ्तार किया गया है।

बादम कोल परियोजना में बवाल फायरिंग, नहीं हो सकी आम सभा

मची भगदड़, 25 लोग हुए घायल, पुलिस की गाड़ियां भी टूटी

एनटीपीसी कॉल खनन परियोजना बादम के सहायक कंपनी बीजीआर के साइट कार्यालय में होई तोड़फोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम बादम में अंबाजीत मोड़ के पास बादम कोल खनन परियोजना के विरोध में रैयतों और ग्रामीणों ने जमकर उत्पात मचाया। बीजीआर कंपनी के कंटेनर को तोड़फोड़ कर ग्रामीणों ने गुस्से का इजहार किया। जवाब में बीजीआर कंपनी के सिक्योरिटी गार्डों ने कई राउंड रबड़ के गोली चलायी और हवाई फायरिंग की। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गया। बादम और गोंडलपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना से 25 लोग घायल हो गये हैं। घायलों का निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा है।

क्या कहना है एसडीपीओ का: इस संबंध में बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि बादम कोल ब्लॉक को लेकर ग्रामीण और बीजीआर कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड के बीच झड़प हो गयी थी। जिसमें से एक गार्ड और एक ग्रामीण घायल है। फिलहाल क्षेत्र में शांति का माहौल है।

क्या कहना है ग्रामीणों का: ग्रामीणों ने इस दौरान कहा के हमलोग नहीं चाहते हैं की कोई भी कंपनी यहां खुले। ग्रामीणों ने कहा के यह जो पोर्टा कैबिन लगाया गया है उसे जल्द से जल्द कंपनी हटा ले। बिना ग्रामीणों के सहमति का यह कार्य किया जा रहा है जो सही नही है। ग्रामीणों ने कहना है की पुलिस के जवानों ने एक व्यक्ति को मार कर घायल कर दिया तब ग्रामीण उग्र हुए। घटना उपरांत एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, मंडल प्रभारी थाना प्रभारी छोटू उरांव सहित कई जवान मुस्तैद थे। उधर ग्रामीणों का कहना है कि जब हम जमीन नहीं देना चाहते हैं तो कॉल कंपनियां जबरदस्ती हमारा जमीन पर कब्जा कर रहे हैं बीजीआर कंपनी कंटेनर बैठने के क्रम में और चार दिवारी कार्य किया जा रहा था जिसकों ग्रामीणों ने कार्य को रोकने का प्रयास किया इसी बीच पुलिस ने ग्रामीण पर गोलियां चलायी।

क्यों घटी घटना

एनटीपीसी का 4 अक्टूबर आम सभा को आम सभा का आयोजन होना था। परंतु 3 अक्टूबर को देर शाम को उक्त आमसभा को कंपनी द्वारा रद्द कर दिया गया था। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीणों को जानकारी नहीं हो पायी थी। इसके बाद 4 अक्टूबर को सुबह से ही बादम बीएमसी ग्राउंड में कई गांव के ग्रामीण एकत्रित होना शुरू हुए थे। वहीं ग्रामीणों की सभा भी हुई। सभा स्थल से रैली के रूप में मुख्य सड़क से होते हुए अम्बाजीत दिघी मोड़ के पास पहुंच कर बीजीआर द्वारा लगाये जा रहे कैबिन कैंप में ग्रामीणों के द्वारा उत्पात मचाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बीजीआर कंपनी में तोड़फोड़ किया। ग्रामीणों को रोकने के लिए बीजीआर कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा कई राउंड हवाई फायरिंग की गयी। फायरिंग के बाद भी ग्रामीण डटे रहे। एक ग्रामीण और एक कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड इस दौरान जख्मी हो गया। घटना स्थल पर सीआइएसएफ के जवान और बड़कागांव थाना के जवान और पदाधिकारी उपस्थित थे। जवानों और पदाधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को रोकने का प्रयास किया गया।

दुधमटिया में वन और पर्यावरण मेला की तैयारी अंतिम चरण में

आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया। प्रत्येक वर्ष 7 अक्टूबर को टाटीझरिया के दूधमटिया में वन पर्यावरण महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर वन्य प्राणी सुरक्षा समिति अंतिम तैयारी में जुटे है। दूधमटिया वन पर्यावरण के संस्थापक महादेव महतो ने कहा कि दूधमटिया वन की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर है। सन 1995 ईस्वी से इस वन में पेड़ों को लाल डोर बांध पर्यावरण संरक्षण का मॉडल वन विभाग समेत विभिन्न समितियों ने इसे अपनाया है। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों का कहना है कि दूधमटिया वन को हमारे बुजुर्गों ने संरक्षित कर रखा है। लाखों पेड़ के घना जंगल से टाटीझरिया प्रखंड की पहचान है। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी, प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों के लिए विभिन्न सदस्यों को मूल्यांकन और देखरेख की जिम्मेवारी दी जाती है वन विभाग के अधिकारी भी पर्यावरण मेला को सफल कराने में जुटी है। वनपाल और वनरक्षी वन पुजा और वृक्षों का रक्षाबंधन कार्यक्रम हजारीबाग से दुधमटिया के लिए साइकिल यात्रा, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, एकल गीत प्रतियोगिता पर्यावरण मेला में आकर्षक होता है। पिछले कई दिनो वन विभाग के पदाधिकारी संजीत कुमार अपने पदाधिकारी के मार्गदशन पर तैयारी करवा रहे है वही वन प्राणी सुरक्षा समिति के पदाधिकारी और वन समिति डहरभंगा के अध्यक्ष प्रमेश्वर यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को डहरभंगा समेत अन्य गांव में भिक्षाटन किया गया और मेला को सफल बनाने में सहयोग किया।

नरकी में एक ट्रैक्टर सखुवा बोटा जब्त

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नरकी से वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़ी संख्या में सखुवा का बोटा जब्त किया। इस संबंध में वनपाल संजीत कुमार दास ने जानकारी देते हुए कहा कि नरकी से अवैध रूप से बड़ी संख्या में लकड़ी बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई। खबर पाकर छापेमारी की गयी जिसमें एक ट्रैक्टर सखुवा का बोटा जब्त किया गया। जब्त सखुवा बोटा को विष्णुगढ़ बीट लाया गया, नरकी निवास भगवान दास और अन्य के विरुद्ध वन अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि इलाके में लगातार छापेमारी की जायेगी। अवैध रूप से लकड़ी चोरी करने वाले बक्से नहीं जायेंगे।

एनटीपीसी ने की प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। एनएमएल पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने आधुनिक कृषि खेती तकनीकों पर केंद्रित एक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक शुरू किया है। इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से स्वीट कॉर्न की खेती पर जोर दिया जायेगा। यह पहल एक व्यापक कौशल विकास प्रयास का हिस्सा है, जो 3 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2024 तक होली क्रॉस कृषि विज्ञान ट्रस्ट में पकरी बरवाडीह और जागृति महिला संघ के सहयोग से आयोजित की गयी है। यह कार्यक्रम गांवों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है जिसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया-25 महिलाएं और 10 पुरुष हैं। इन सभी प्रशिक्षुओं को आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी जिनमें स्वीट कॉर्न, ऑइस्टर, मिल्की और बटन मशरूम की खेती, मौसमी सब्जियों की खेती, ग्राफ्टिंग तकनीक, नर्सरी तैयार करना, कीट और रोग प्रबंधन, फलों और सब्जियों का मूल्य संवर्धन, और वर्मी-कंपोस्टिंग शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन तजीन फैज, अध्यक्ष, जागृति महिला संघ ने किया। इस पहल के तहत तजीन फैज ने भाग लेने वाले किसानों को उच्च उपज वाले स्वीट कॉर्न के बीज और फल देने वाले पौधे, जैसे कि आम और नींबू के पेड़, वितरित किए। प्रशिक्षण का समन्वयन श्री एसके सेनापति, डीजीएम ने किया, जिसमें एनटीपीसी और एचसीकेबवीटी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति थे।

मोदी कल्याण समिति का चिंतन शिविर आयोजित

भाजपा सुरेन्द्र भाई मोदी को बनायें उम्मीदवार: अतुल वर्णवाल

मोदी वर्णवाल समाज जनसंघ काल से ही रहा है वोटर: सुरेन्द्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा। बुढ़िया माता मंदिर के प्रांगण में मोदी कल्याण समिति का एक दिवसीय चिंतन शिविर आयोजित किया गया। इस चिंतन शिविर में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र भाई मोदी आयकर अधिकारी अतुल कुमार बर्णवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मोदी कल्याण समिति के अध्यक्ष महाराजा अहिवरन, शिव शंकर मोदी के द्वारा महाराजा अहिवरण का झंडोत्तोलन से किया गया। वहीं सभी अतिथियों ने महात्मा गांधी, महाराजा अहिवरण और स्व विश्वनाथ मोदी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोदी कल्याण समिति के अध्यक्ष शिव शंकर मोदी और संचालन निलकंठ मोदी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि सुरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सभी महराज अहिवरन के वंशज हैं। इसे पहचाने जाने की जरूरत है। उन्होंने मोदी वर्णवाल समाज को एक होकर सामाजिक कार्यों में भाग लेने को कहा। आज हमारे समाज में सैकड़ों लोगों के प्रशासनिक नौकरी है लेकिन राजनीतिक पकड़ नहीं है। आज हमारा समाज राजनीतिक चर्चाओं में ज्यादा एक्टिव हैं लेकिन हमें पहले धरातल पर उतर कर काम करना है। मौके पर दर्जनों वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र मोदी को भाजपा से बरकट्ठा विधानसभा का टिकट देने की बात कही ताकि बरकट्ठा विधानसभा से चुनाव जीत कर यह सीट भाजपा की झोली में डाल दिया जायेगा। अगर भाजपा टिकट नहीं देती है तो मोदी वर्णवाल समाज इस पर विचार करेगा। मौके पर चंदवारा प्रमुख मंजु देवी, बर्णवाल समाज प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार रंजन, डॉ शालिनी, मोदी बर्णवाल विकास संघ सचिव प्रेमलाल बर्णवाल, लखन लाल, लखन बर्णवाल, सूर्यदेव मोदी, ईश्वर मोदी, महेन्द्र मोदी नंदलाल मोदी, डॉ प्रमोद वर्णवाल, डॉ उमेश चंद्रा, बिरेंद्र मोदी, अजय कृष्ण, मनोहर मोदी, अशोक मोदी, शंकर मोदी, सुरेन्द्र मोदी, केडी मोदी, रामकुमार मोदी, चंदन मोद, सुरज मोदी, अरूण मोदी, उमेश मोदी, महेश मोदी, बिमलेश मोदी, प्रदीप मोदी, अनिल मोदी, कुमार मोदी समेत हजारों संख्या में लोग उपस्थित थे।

वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव

कोडरमा (आजाद सिपाही)। गया-गोमो रेल सेक्शन के सरमाटांड़ और यदुडीह स्टेशन के बीच पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस पर अज्ञात व्यक्ति ने पत्थरबाजी कर दी। पत्थर फेंके जाने की घटना के कारण ट्रेन के एक कोच का एक शीशा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें किसी यात्री की चोट लगने की खबर नहीं है। यह घटना गुरुवार की देर शाम की है। इस घटना को लेकर हजारीबाग आरपीएफ पोस्ट में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि 20894 डाउन पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस कोडरमा से खुलने के बाद शाम में 515 बजे सरमाटांड और यदुडीह स्टेशनों के बीच से गुजर रही थी। इसी समय रेल किलोमीटर संख्या 368/24 पर सी/2-43, 44 और सी/5-63, 64 पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर मार दिया। पत्थर मारने से वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच का शीशा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें किसी यात्री को कोई चोट नहीं लगी है। इधर, इस घटना के बाद आरपीएफ की टीम ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। विभाग के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर कोडरमा आरपीएफ और हजारीबाग रोड आरपीएफ की संयुक्त टीम पत्थरबाज की खोज में जुट गयी है। शुक्रवार को रेलवे लाइन से सटे कुछ गांवों में पूछताछ की गयी है।

फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

इचाक (आजाद सिपाही)। महिला मुक्ति संस्था के द्वारा हदारी मैदान मे किया गया। महिला मुक्ति संस्था की सचिव देवयानी वर्मा ने कहा कि हमलोग के प्रयास से क्षेत्र की लड़कियां आगे निकली हैं और भविष्य में भी आगे निकलने का अवसर मिलता रहेगा। अब लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे आ रही है। आने वाले समय में प्रखंड की 50 युवति और महिला को कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिससे लड़कियां रोजगार के क्षेत्र में आगे निकलेंगी और पितृसत्ता को चुनौती दे पायेंगी। इस अवसर पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता ने कहा कि आज के दौर में लड़कियों को खेलने का अवसर मिल रहा है। पहले और आज के समय मे किशोरियों और महिलाओं के प्रति मानसिकता मे बदलाव आया है। किशोरियों और युवतियों को इसका फायदा लेना चाहिए। खेल कूद से शारिरिक और मानसिक विकास होता है और प्रतियोगिता की भावना पनपती है जो आगे चलकर जीत हासिल करने की प्रेरणा देती है। समापन समारोह मे हदारी मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मेहता ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, प्रतिभा सबके अंदर है उसे निखारने की जरूरत है और आगे निकलने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। गोहरबंदा पंचायत की उपमुखिया साजमा खातून, सहिया फिरदौसी खातून, समाज सेवी राजेन्द्र मेहता, रमेश प्रसाद ने किशोरियों और युवतियों का मनोबल बढ़ाया। संस्था से लीला कुमारी, शांता सांगा, ज्योत्सना वर्मा, काजल, प्रियंका, प्रेरणा, रिंकी, लक्ष्मी, विनीता कुमारी, अनिता देवी, पूनम देवी ज्योति सिन्हा ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन में सहयोग किया।

कटकमसांडी और कटकमदाग का विनोद कुशवाहा ने किया दौरा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगातार सातवें दिन हजारीबाग सदर विधानसभा का झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद कुशवाहा का डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान जारी है। शुक्रवार को श्री कुशवाहा कटकमसांडी प्रखंड के सुलमी और कटकमदाग प्रखंड के कस्तूरीखाप में अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं संग डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। वहीं इंडिया गठबंधन के तहत झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनहित के योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी लोगों को दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जनता के कल्याणार्थ लगातार जन कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है, जिसका लाभ अंतिम पायदान तक के व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर संकल्पित होकर अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों संग लगातार दौरा कर लोगों से रूबरू हो रहे हैं और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत करा रहे हैं, ताकि एक भी जरूरतमंद इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाये। उन्होंने आगे कहा नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी अपना बेहतरीन किरदार अदा कर रहे हैं। आज देश के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में राहुल गांधी ने अपनी पहचान बनायी है राहुल गांधी जन जन के नेता हैं।

दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। शारदीय दुर्गापूजा त्यौहार शांति और सौहार्द के साथ बनाये जाने को लेकर शुकवार को नवलशाही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता और संचालन थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप दोनों समाज के प्रबुद्ध ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने दुर्गा पूजा को लेकर उपस्थित दोनों समुदाय के प्रबुद्ध ग्रामीणों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने दोनों समुदाय के लोगों को त्योहार मिल जुल कर शांति और शौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। डीजे पर पूर्ण रूपेण प्रतिबंध रहेगा, हाई कोर्ट का आदेश है। शराब बेचने और शराब पीने वाले से सख्ती से निपटा जायेगा। मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने से बचें। बैठक को मुखिया बेदू साव, समाजसेवी किशोर यादव, मदन सिंह, समाजसेवी शंकर साव ने संबोधित किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस गश्ती तेज करने, शराब पर पूर्ण पाबंदी, शोभा यात्रा के दौरान डीजे पर उत्तेजक गानों पर पूर्ण पाबंदी की बात कही। मौके पर अधिवक्ता राजीव पांडे, समाजसेवी शंकर साहू, देवनारायण यादव, बीरेंद्र यादव, मदन साव, रविंद्र यादव, हरदेव साव, दुली साव, प्रकाश राणा, कलीमुद्दीन अंसारी, हीरालाल यादव, अफजल खान, जैनुल अंसारी, गिरधारी शर्मा, महेश साव, पिंटू गुप्ता, सुधीर सिंह, महावीर राणा समेत कई गणमान्य ग्रामीण और थानाकर्मी उपस्थित थे।

चोरी, छिनतई, लूट की बढ़ रही घटना को लेकर पुलिस प्रशासन बेपरवाह

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया शहर इन दिनों चोरी, छिनतई, लूट आदि घटना को लेकर काफी सुर्खियों में है, और प्रशासन हाथ पैर हाथ धरे बैठी है। शुक्रवार पूर्वाह्न 11:00 बजे कुछ ऐसी ही घटना सामने आई। ट्रेन से सफर कर स्टेशन परिसर से बाहर आते ही तिलैया थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार झंडा चौक के निकट से एक व्यक्ति की रुपयों से भरा बैग छीनकर दो बाइक सवार फरार हो गये। घटना को लेकर भुक्त भोगी बिरजमू निवासी सुनील यादव पिता बैद्यनाथ यादव ने काफी शोर गुल किया। उसकी आवाज वाहनो के भोंपू से दब गया। किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। बाद में धीरे-धीरे मामला तुल पकड़ता देख पुलिसिया हस्तक्षेप के बाद भुक्त भोगी को थाना भेजा गया। जहां उसने घटना की जानकारी देते हुए थाने में लिखित आवेदन दी। बताते चले पिछले सोमवार को भी थाना क्षेत्र के सामान्तो पेट्रोल पंप के निकट से एक महिला के गले से सोने की चैन छिनकर बाइक सवार स्नैचर फरार हो गया था।

सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

टंडवा (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व के अंतर्गत एक सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, बुनियादी ढांचे और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वनांचल कॉलेज में एक नये स्टेडियम के उद्घाटन से हुई, जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करना है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कालीचरण सिंह, विधायक किशुन कुमार दास और परियोजना प्रमुख संजीब कुमार सुआर ने इस स्टेडियम का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 20 लाख रुपये बताया गया है। इसके साथ ही, एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा ने कॉलेज के छात्रों के लिए एक विशेष बस पड़ाव का भी उद्घाटन सांसद, विधायक और नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना प्रमुख द्वारा किया, जिससे आस-पास के गांवों के विद्यार्थियों के लिए लिए सुरक्षित और सुलभ आवागमन की सुविधा हो सके। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, एनटीपीसी ने झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति जे एसएलपीएस से जुड़ी 10 महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कीं, जिससे कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। इस महत्वपूर्ण अवसर पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों में मानव संसाधन प्रमुख नीरज रॉय, एजीएम टीएस, जुनैद जावेद, एजीएम एचआर, धीरज गुप्ता, डीजीएम सीसीडी, आनंद स्वामी, सीनियर मैनेजर एचआर, रघुवीर मीणा, सीनियर मैनेजर एचआर अभिषेक आनंद और सीनियर मैनेजर सीसीडी उज्ज्वल सिंह की उपस्थिति रही।

विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू की बैठक

कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय बाजार टांड़ चबूतरा के पास विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अशोक गहलोत कुंदा पहुंचे। उन्होंने बैठक में कुंदा प्रखंड के पांच पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष और पंचायत सचिव का चुनाव कराया। पंचायत के सभी चयनित अध्यक्ष और सचिव को आजसू पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधानसभा चुनाव को लेकर के गांव-गांव में जाकर बुथ कमेटी का गठन करने और बैठक, का प्रचार प्रसार करते हुए ग्रामीणों तक पहुंच बनाने के लिए कमेटी के सदस्यों की जिम्मेवारी सौंपी गयी। आजसू पार्टी को मजबूत करने के लिए कमेटी सदस्यों को गांव-गांव जाकर ग्रामीण के साथ मिलकर प्रचार प्रसार करने को कहा गया। इन्होंने चुनाव जीतने के बाद कुंदा जैसे पिछड़े क्षेत्र में युवाओं को रोजगार, खेती के सिंचाई के लिए पटवन की व्यवस्था करने, ग्रामीणों को हर सुख दुख में हमेशा सहयोग करने के लिए अपना विचार व्यक्त किया।

सारूबेड़ा लोकल रोड सेल में अवैध वसूली के खिलाफ ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल सारूबेड़ा कोलियरी के लोकल रोड सेल में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध वसूली के खिलाफ, हैंड लोडिंग, बेरोजगारों को वैकल्पिक रोजगार समेत 17 सूत्री मांगो को लेकर विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा आरा के बैनर तले ग्रामीण प्रभावित विस्थापितो ने सीसीएल जीएम कार्यालय कुजू के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। साथ ही, सीसीएल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपकर जल्द पहल करने का अनुरोध किया। धरना की अध्यक्षता विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार महतो और संचालन सुनील कुमार महतो ने किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही, मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष संतोष महतो ने कहा कि 15 दिन पूर्व लोकल रोड सेल का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद से सेल में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं ट्रकों से अवैध वसूली का सिलसिला शुरू किया गया। जिसके खिलाफ सीसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जरूरत है जीएम समेत प्रशासनिक अधिकारियों को पहल करने की। उन्होंने मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की धमकी दी। धरना प्रदर्शन में चितरंजन महतो, प्रकाश महतो, सुरेश महतो, सत्येंद्र महतो, शशि महतो, सकलदीप, अमित, जयनंदन, रामकिशुन, चिंतामण, रामधन, हरि, सावित्री देवी, पूनम देवी, सुशीला देवी, मंजू देवी, सुनीता देवी, बबिता देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, टूकेश्वरी देवी, उषा देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

इनरव्हील क्लब ने ब्रिगेडियर पुरी पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के सदस्यों ने गांधी जयंती को लेकर शुक्रवार को शहर के ब्रिगेडियर पूरी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पार्क में लगे ब्रिगेडियर पूरी की प्रतिमा सहित अन्य स्थानों की साफ-सफाई की। वहीं लोगों से पार्क में गंदगी नहीं फैलाने की अपील करते हुए पार्क परिसर में डस्टबीन भी लगाया। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ने लोगों से स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए अपने घर व आसपास के स्थानों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। मौके पर इनरव्हील के सचिव नवलजीत कौर, श्रमिष्ठा दत्ता, ममता गंगवाल, पिंकी गांधी सहित कई सदस्य शामिल थे।

डटमा बस्ती में पीसीसी रोड कार्य को पूरा कराने को लेकर दिया गया आवेदन

कुजू (आजाद सिपाही)। ओरला पंचायत अंतर्गत डटमा बस्ती में अधूरा पड़े पीसीसी रोड कार्य को पूरा करने को लेकर ग्रामीणों ने पेयजल और स्वच्छता विभाग रामगढ़ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को एक आवेदन दिया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि ओरला पंचायत अंतर्गत डटमा बस्ती के रोड से आंगनबाड़ी तोपा तक लगभग दो किलोमीटर पीएचडी विभाग के द्वारा पीसीसी पथ का निर्माण कार्य कराया गया है। जिसके बीच में लगभग चार सौ फीट छोड़कर कार्य पूरा हो चुका है। पीसीसी पथ के दोनों और मिट्टी भराई भी नहीं हुई है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अधूरे रोड का कार्य पूरा कराने और रोड के दोनों साइड मिट्टी मोरम भरवाने की मांग की है।

स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर ब्लड बैंक में समारोह आयोजित

खून सबसे कीमती उपहार: सिविल सर्जन

डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और समाजिक संगठन के प्रतिनिधियों ने लिया संकल्प

हम सब स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की जीवन बचा सकते हैं: डॉ महालक्ष्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस को लेकर शुक्रवार को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक स्थित सभागार में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, सदर अस्पताल के डीएस डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने लोगों के बीच रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमसब स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान का मनुष्य के शरीर पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है। कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति प्रत्येक तीन माह के अंतराल में रक्तदान कर सकता है। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए सदर अस्पताल के डीएस डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ रेणु कुमारी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन के क्रम में ब्लड बैंक में रक्त की किल्लत को देखते हुए रक्तदान के लिए आगे बढ़कर आने की अपील की। जिससे जरूरतमंदों की जान बचाया जा सके।

वही, डीएस डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने और बिना किसी लालच और भेद-भाव के जाति धर्म से उपर उठकर रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने का शपथ दिलाया।

संस्था के सदस्यों को किया गया सम्मानित

समारोह के दौरान रेगुलर रक्तदान करने वाले समाजिक संगठन के पदाधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, इंद्रपाल सिंह सैनी, इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष पिंकी पोद्दार, सचिव नवलजीत कौर, मारवाड़ी युवा मंच, नारनौलिय अग्रवाल युवा संघ, संत निरंकारी मिशन के संजीत साह सहित पचास रेगुलर ब्लड डोनर को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, डीएस डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ उदय श्रीवास्तव और ब्लड बैंक प्रभारी डॉ रेणु कुमारी ने सम्मानित किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन उपेंद्र कुमार, अजय चित्रा, लालदेव ठाकुर, रमेश कुशवाहा, दिलीप महतो सहित कई डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

बरहे गांव के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित, आक्रोश

आजादी के 77 साल बाद भी नहीं मिली बिजली और सड़क

प्रकाश कुमार

प्रतापपुर/चतरा (आजाद सिपाही)। प्रतापपुर प्रखंड के योगियारा पंचायत के बरहे गांव के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आजादी के 77 साल बाद भी गांव में न तो सड़क है, न बिजली और न ही स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वोट लेते हैं, लेकिन वादे पूरे नहीं करते। ग्रामीणों ने नेताओं और सरकार के मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले अगर बिजली और सड़क नहीं बनी, तो वे वोट नहीं करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि सरकार उनके गांव में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करे। आपको बताते चलें कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की कई योजनाएं हैं, लेकिन इनका लाभ बरहे गांव के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजनाएं केवल कागजों पर ही सीमित हैं। यह समस्या न केवल बरहे गांव की है, बल्कि कई गांवों में लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस मौके पर मुकेश गंझू, सिबल गंझू, संतोष गंझू, नरेश गंझू, विशेश्वर गंझू, मनोज गंझू, कमलेश गंझू, मटन गंझू, कुलदीप गंझू, प्रकाश महतो, रूपलाल महतो, करम महतो, चंद्रशेखर महतो, अखलेश गंझू, विकाश गंझू, प्रदीप गंझू, सुनील गंझू, राकेश गंझू, सुचिता गंझू, प्रभु गंझू, भोला यादव, अरविन्द यादव, लालन यादव, कैलाश यादव, हर-देव यादव, पिन्टु महतो, जगदीश गंझू, अनोज गंझू, नान्हू गंझू, राजमन्ति देवी, सरोज देवी, रिंकू देवी, रमणी देवी, राधा देवी, सुमित्रा देवी, मंजरी देवी, संजू देवी, कलावती देवी और ललिता देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

विद्यालय में चोरी

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय पांडेयपुरा में अज्ञात चोरों द्वारा गुरुवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। शुक्रवार को विद्यालय खुलने के बाद शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो कंप्यूटर रूम का ताला टूटा हुआ पाया और उसमें लगे 6 बैटरी मॉनिटर और सीसी कैमरा का एलईडी गायब पाया गया। दो दिनों से विद्यालय बंद था। जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया बैटरी की चोरी हो जाने से बच्चों को कंप्यूटर क्लास करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं प्रभारी अरुण सिंह ने अज्ञात चोरों के विरोध में पांडेयपूरा पुलिस पिकेट में आवेदन दिया है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आदर्श मध्य विद्यालय से महज 100 मीटर पर पांडेयपूरा पुलिस पिकेट है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग नहीं की जाती है। जिसके कारण अज्ञात चोर भयमुक्त होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस से अज्ञात चोरों के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार करने की मांग की है।

पतरातू के नये एसडीपीओ ने दिया योगदान

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के नए एसडीपीओ पवन कुमार ने योगदान दे दिया है। शुक्रवार को एसडीपीओ कार्यालय पतरातू में एसडीपीओ ने पत्रकारों को बताया कि त्यौहार का समय है चुनाव भी नजदीक है यहां की विधि व्यवस्था और संगठित अपराध और साइबर अपराध पर नियंत्रण करना और एसडीपीओ कार्यालय से ज्यादा से ज्यादा जनता को जोड़ना ताकि आम लोगों की समस्या का समाधान एसडीपीओ कार्यालय से हो। प्राथमिकता में शामिल है। इस मौके पर पुलिस अंचल निरीक्षक योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, भदानी नगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी ने एसडीपीओ को बुके देकर स्वागत किया।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में तमन्ना ने जीता गोल्ड मेडल, बनी स्टेट चैंपियन

चैंपियन बनने पर कोयलांचल वासियों ने दी बधाई

परिजनों में हर्ष बधाईयों का तांता

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। रांची के होटवार खेलगांव में 4 अक्टूबर को खेलो राज्य स्तरीय तिरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। जिसमें झारखंड से कई जिलों से अंडर 17 तीरंदाजों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में तमन्ना ने तीरंदाजी में गोल्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही खेलो झारखंड तिरंदाजी के अंडर-17 स्टेट चैम्पियनशिप में लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर वर्मा और रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

सौंदा डी हाई स्कूल के 9एल10वीं की छात्रा तमन्ना वर्मा ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर स्टेट चैंपियन बनने का गौरव पाया है। तमन्ना ने इसी वर्ष 2024 में कोलकाता इंटर साई ऑल इंडिया नेशनल चैंपियन शिप में गोल्फ मेडल जीत चुकी है। साथ ही 23 से 29 अगस्त को हरियाणा के सोनीपथ में ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग में टॉप 12 में अपना स्थान बना चुकी है। स्टेट चैंपियन बनकर तमन्ना ने भुरकुंडा कोयलांचल ही नहीं रामगढ़ जिला और झारखंडवासियों का भी मान बढ़ाया है। इधर अपनी सफलता पर तमन्ना ने कहा कि ओलंपिक का हिस्सा बनकर तिरंदाजी प्रतियोगिता में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना मेरा लक्ष्य है। तमन्ना की सफलता से कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

फुटबॉल मैदान को सेना के अधिकार से मुक्त कराने को लेकर पूर्व उपाध्यक्ष ने दिया धरना

खिलाड़ियों ने आंदोलन का किया समर्थन, सीइओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छावनी परिषद रामगढ़ कैंट में एकमात्र सुभाष चंद्र बोस क्रीड़ा स्थल फुटबॉल मैदान को सेना के अधिकार से मुक्त कराने को लेकर शुक्रवार को छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह ने छावनी परिषद कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना पर बैठे अनमोल सिंह को स्थानीय खिलाड़ियों और लोगों का समर्थन मिला। इस दौरान डॉ संजय प्रसाद सिंह, सूर्यवंशी श्रीवास्तव, जिला फुटबॉल संघ के महासचिव मुस्तफा आजाद, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, अजीत गुप्ता, आरजेडी के प्रदेश सचिव बद्री विश्वकर्मा, राजीव जायसवाल सहित कई लोगों ने आंदोलन को समर्थन दिया।

धरना के उपरांत छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन: धरना के उपरांत छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये पत्र में कहा है कि छावनी परिषद रामगढ़ की जनता और खेल प्रेमियों को खेलते हुए तथा सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए एकमात्र स्टेडियम सुभाष चंद्र बोस क्रीड़ा स्थल शहर के मध्य में अवस्थित है। छावनी परिषद का विलय नगर परिषद रामगढ़ में किये जाने का संवैधानिक प्रक्रिया जारी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोक यानी जनता जनार्दन सर्वोपरि है। जनता की मांग है कि विगत कई वर्षों से युक्त फुटबॉल ग्राउंड आम जनता की उपयोग के लिए उपलब्ध रहा है। परंतु आए दिन चर्चा है कि उक्त स्टेडियम सेना के अधिकार में चला जायेगा यह रामगढ़ की आम जनता और खिलाड़ियों के लिए चिंता का विषय है।

दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रजरप्पा क्षेत्र के मंदिरों में विधि-विधान से कलश की स्थापना, रजरप्पा :निरंजन महतो दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्र को लेकर रजरप्पा कोयलांचल सहित आसपास के विभिन्न मंदिरों में विधिवत कलश स्थापना के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गया। शारदीय नवरात्रा के प्रथम दिन गुरुवार को मां दुर्गे के प्रथम स्वरूप मांशैलपुत्री की पूजा अर्चना की गयी। जबकि दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की विधि विधान से पूजा की गयी, पूजा अर्चना के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। इस दौरान वैद्धिक मंत्रोच्चारण से पूरा मंदिर प्रक्षेत्र गूंजयमान रहा। इधर, रजरप्पा स्थित लुगू बाबा आश्रम में भी विधि -विधान के साथ नौ कलशों की स्थापना किया गया। कलश स्थाना से पूर्व अहले सुबह स्नान ध्यान के बाद जलयात्रा निकालकर गंगा पूजा किया गया। तत्पश्चात गंगा को कलश में भरकर आश्रम लाया गया कलश स्थापना की गयी। यहां वैद्धिक विधि से कलश स्थापना पूजन कर मां शैलपुत्री का आहवान किया गया। साथ हीं यहां मौजूद साधकों द्वारा मां दुर्गा शप्तशती का पाठ प्रारंभ किया गया। मौके पर मौजूद आश्रमाचार्य रामशरण गिरी बाबा ने बताया कि यहां लगातार नौ दिनों तक भंडारें और रात्रि में भक्ति जागरण किया जायेगा।

झामुमो सरकार में हो रहा कोयले का अवैध कारोबार, सांसद ने जतायी आपत्ति

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में कोयल का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। यह आरोप भाजपा नेताओं ने सरकार और पुलिस प्रशासन पर लगाया है। इस आरोप के साथ शुक्रवार को भाजपा के वरीय नेता रंजीत पांडे ने रामगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अवैध कारोबारों पर आपत्ति जतायी है। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है कि वह अवैध कारोबारों के खिलाफ आवाज बुलंद करें। रंजीत पांडे ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह बताया कि जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन की सरकार राज्य में बनी है, तब से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है। साथ ही राजस्व की चोरी कर नेता और अधिकारी अपनी जेब में भर रहे हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इस अवैध कारोबार से होने वाली कमाई से चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा नेता राजीव जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में रामगढ़ जिला भी पड़ता है। यहां अवैध कारोबार के खिलाफ भी आवाज बुलंद की जा रही है। अगर अवैध कारोबार बंद नहीं होता है तो पार्टी कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे।

अग्रसेन जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

गोला (आजाद सिपाही)। नारनौलीय अग्रवाल समाज गोला अग्रसेन महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली। साथ ही अग्रसेन भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रमों में पूजा अर्चना पूर्वजों को श्रद्धांजलि अभिभावकों का सम्मान, डांडिया नृत्य बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता पौधरोपण और भंडारा आयोजित किया गया। शोभा यात्रा में अग्रवाल समाज के लोगों ने अग्रसेन महाराज की तस्वीर के साथ अपने विभिन्न गोत्र की तख्तीयालिए हुए थे। बाजे के साथ लोग जयकारा लगा रहे थे। पूजा में यजमान के रूप में शंकर अग्रवाल उपस्थित हुए। साथ ही पुरोहित के रूप में चिरंजीवी पाठकमौजूद थे। मंच का संचालन अनुष्का अग्रवाल ने किया। सम्मान समारोह में अभिभावकों को प्रमोद कुमार अग्रवाल ने अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। मौके पर अवध किशोर अग्रवाल, लखन अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, जुगल किशोर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, शशि अग्रवाल, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, कुमुद अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, द्वारिका अग्रवाल, केदार अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, जूली अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल मौजूद थे।

AFFIDAVIT

As Per Affidavit No. 3044 Date: 04.10.2024, I, Chandan Nath Thakur C/o Devashis Kumar Paswan, Resident of Near Hanuman Mandir, sundar Bihar Kokar, Ranchi G.P.O, P.S. Sadar, District- Ranchi (Jharkhand) - 834001, do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. THAT I am Citizen of India and am living at my above mentioned address.
2.THAT my name is Chandan Nath Thakur, mentioned in my AADHAR & PAN vide Aadhar No. 3449 6423 2266
3.THAT I am maintaining bank account No. 653301000000 63 with Bank of Barod a and in which account, my name is written as Chandan sharma.
4.THAT Chandan Nath Thakur and Chandan Sharma is the same and one person which is my name.
5.THAT my information furni shed above are true. I will fully responsible for any type of wrong.

AFFIDAVIT

As Per Affidavit No. 826 & 827 Date:20.09.2024, I Sushil Oraon, Son of - Baliya Oraon, Resident of - shanti, P.O - Murpa, P.S - Balumath, Dist - Latehar (Jharhkand), Presently Residing At - Qtr.No - M/254, Ashok Vihar Colony, Dhamdhamiya, P.O - Nawadih, P.S - Khalari, Dist - Ranchi, (Jharkhand), do hereby solemnly affirm And declare as follows;-
2. That I am a CCL Employee working at :- Churi Colliery, N.K Area, at the post of Driller, having PIS No - 14323711.
3. That I have married with Nuni Devi, D/o - Fuldev Oraon, Resident of Shanti, P.O - Murpa, P.S - Balumath, Dist - Latehar, (Jharkhand), on dated 18/04/1996 Since then I am residing with her as husband and wife.
4. That Date of Birth of my wife is 01-01-1982.
5. That due to my own mistake I forget to imsert my children name in my service sheet of CCL but now I want to insert the name as the names as they are dependent upon me.
6. That details of my Children's are as under.

Sl. No.	NAME	Date Of Birth	Relation With Employee
1.	AKASH ORAON	01-01-2001	Son
2.	CHANDNI KUMARI	01-01-2002	Daughter
3.	SURAJ ORAON	01-01-2003	Son
4.	CHATU ORAON	01-01-2004	Son

Affidavit No.: 826 & 827 **Date:20.09.2024**

कोकीन की सबसे बड़ी खेप पर शिकंजा

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने बुधवार को 562 किलो कोकीन की जो खेप पकड़ी, वह निश्चित रूप से बड़ी कामयाबी कही जायेगी। हालांकि उसकी यह कामयाबी उसी अनुपात में चिंता भी जगाती है, क्योंकि इससे पता चलता है कि इंटरनेशनल नेटवर्किंग के जरिए यह जहर न केवल भारत में लाया जा रहा है, बल्कि इसे समाज के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाया भी जा रहा है। दिल्ली पुलिस की यह जब्ती सबसे पहले तो अपनी विशाल मात्रा की वजह से ही ध्यान खींचती है। 6.5 हजार करोड़ रुपये मूल्य की यह खेप दिल्ली में अब तक पकड़ी गयी कोकीन की सबसे बड़ी मात्रा बतायी जा रही है। मगर यह हाल के दिनों की इकलौती जब्ती नहीं है। कुछ समय पहले ही दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 किलो ग्रेड ए कोकीन बरामद की गयी थी। 2022 में मुंद्रा पोर्ट पर 500 करोड़ रुपये की 56 किलो कोकीन बरामद हुई थी। 2021 में तमिलनाडु के तूतीकोरिन पोर्ट पर 300 किलो कोकीन पकड़ी गयी थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गयी थी। साफ है कि भारत में कोकीन पहुंचाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बुधवार की पुलिस कार्रवाई से सामने आये तथ्य भी बताते हैं कि कोकीन का इंटरनेशनल कार्टेल सुनियोजित ढंग से भारत में कोकीन पहुंचा रहा है। इसका पूरा तंत्र बना हुआ है जो काम भी कर रहा है। प्लानिंग, कम्युनिकेशन, डिलिवरी और पेमेंट- सबका पूरा सिस्टम बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ये कोकीन दिल्ली, मुंबई और गोवा में अगले कुछ महीनों में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को ध्यान में रखते हुए लायी गयी थी। नशे के इन सौदागरों की नजर में ये कंसर्ट ड्रग्स की खपत बढ़ाने का जरिया है। अच्छी बात यह है कि पुलिस इस मामले के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रही है। कोकीन कारोबार ग्लोबल नेटवर्किंग के जरिए ही फलता-फूलता है। इसे तैयार करने वाले कोका प्लांट मुख्यतया तीन लैटिन अमेरिकी देशों- पेरू, बोलीविया और कोलंबिया में है। वहां से शिपमेंट के जरिए लंबे-चौड़े समुद्री मार्ग से इसे दुनिया भर में भेजा जाता है। दिल्ली में पकड़ी गयी ताजा खेप भी पनामा रूट से इथियोपिया और दुबई होते हुए दिल्ली भेजी गयी थी। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस मामले में पुलिस की तत्परता और कुशलता काबिले तारीफ है, लेकिन ड्रग्स की चुनौती से निपटने के लिए यह काफी नहीं। समझना होगा कि इसके प्रॉडक्शन और डिमांड को खत्म किए बगैर सप्लाई के फ्लो को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है। जाहिर है, सरकार और समाज को मिल-जुल कर एक लंबी लड़ाई के लिए कमर कसनी होगी।

नशे के इन सौदागरों की नजर में ये कंसर्ट ड्रग्स की खपत बढ़ाने का जरिया है। अच्छी बात यह है कि पुलिस इस मामले के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रही है। कोकीन कारोबार ग्लोबल नेटवर्किंग के जरिए ही फलता-फूलता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं। इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है।

'क्रिएट इन इंडिया' के मायने

अनुराग सक्सेना

पश्चिमी देशों ने नवाचार, बौद्धिक संपदा (आइपी) और तकनीकी प्रगति पर सदियों से अपना फोकस निरंतर बनाए रखने का लाभ उठाया है। अक्सर विनिर्माण और सेवा की तुलना में सृजन को महिमामंडित करके, इन देशों ने न केवल अपने आविष्कारों का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है, बल्कि अपनी अवधारणाओं को वैश्विक स्तर पर निर्यात भी किया है। इन उपायों से वे आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने इंटरनेट, फार्मास्यूटिकल और एयरोस्पेस जैसी विघटनकारी तकनीकों के माध्यम से उद्योग जगत को बदल दिया। इसके परिणामस्वरूप, उनके उत्पादों और सेवाओं की वैश्विक मांग पैदा हुई। इसी तरह, यूरोपीय देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर (जैसे- रेलमार्गों के आर्थिक लाभ), ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग और लक्जरी सामान जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व किया है, जहां नवाचार और बौद्धिक संपदा (आईपी) उनके वैश्विक प्रभुत्व के मूल में हैं। इसके विपरीत, भारत और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने ऐतिहासिक रूप से विनिर्माण और सेवाओं पर अपने विकास को टिकाया है। यह दोनों ही क्षेत्र मूल्य-संवर्धन के परिदृश्य में निचले स्थान पर हैं। यह दृष्टिकोण, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी होने के बावजूद, नवाचार या आईपी सृजन को प्राथमिकता नहीं देता है। वास्तव में बौद्धिक संपदा आर्थिक लाभ उठाने योग्य है। यही कारण है कि ये देश उन्नत प्रौद्योगिकियों के निमार्ता बनने के बजाय उपभोक्ता बन गए हैं।

अगली सदी की गाथा और अर्थव्यवस्था पर प्रभुत्व के लिए भारत की कुंजी

हालांकि, चीन ने हाल के वर्षों में इस मॉडल को तोड़ दिया है। इसने नवाचार, बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्लेटफार्मों में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। देश ने दूरसंचार, सोशल मीडिया और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया है। हुआवेई, टिकटोक और टेंसेंट जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां इसके उदाहरण हैं। इन प्रयासों ने चीन की घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। इतना ही नहीं, इसे एक मजबूत वैश्विक निर्यातक के रूप में स्थापित किया है, और इसे दुनिया भर के अमूल्य डेटा तक पहुंच प्रदान की है।

दूसरी ओर, भारत ने एक अलग तीव्र प्रगति का अनुसरण किया। उत्पादीकरण और प्रौद्योगिकी निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भारत संपर्क केंद्रों, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और आइटी सेवाओं का पर्याय बन गया। इस स्थिति ने भारत को दुनिया का बैकरूम का नाम दिया। यह एक ऐसी भूमिका है, जिसने आर्थिक रूप से लाभकारी होने के बावजूद, नवाचार और उच्च-मूल्य प्रौद्योगिकी निर्माण के मामले में देश को पिछड़ा बना दिया, जबकि भारत ने सेवाएं प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल की, इसने अक्सर अन्य देशों के नवाचार और उत्पाद विकास से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करने के बजाय उनका समर्थन किया।

हालांकि, पिछले दशक में भारत के वैश्विक रुख में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा गया है। भारत एक भू-राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरा है और इसने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखाई है। कूटनीतिक रूप से, भारत ने वैश्विक मंच पर एक अधिक मुखर स्थिति अपनाई है, अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्वायत्तता बनाए रखते हुए प्रमुख शक्तियों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी कायम की है। भू-राजनीतिक क्षेत्र में, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत किया है और क्वाड जैसी पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ताकि भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। व्यापार के मोर्चे पर, भारत ने व्यापार सौदों पर फिर से बातचीत की है और इसे खासकर कोविड-19 महामारी के कारण वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण हस्ती के रूप में देखा जा रहा है।

यह नयी मुखरता इस बात को निहित करती है कि भारत का क्रिएट इन इंडिया पर वर्तमान ध्यान समयोचित और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्यों है। नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास का समर्थन करके, भारत आर्थिक रूप से और सॉफ्ट पावर के मामले में, अगली सदी पर प्रभुत्व कायम करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। आर्थिक रूप से, सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से भारत मूल्य श्रृंखला में ऊपर उठ सकेगा, अपनी बौद्धिक संपदा पर अधिक लाभ अर्जित कर सकेगा और विदेशी प्रौद्योगिकियों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। सॉफ्ट पावर के मामले में, मीडिया और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने से भारत को विकृत पश्चिमी कथानकों पर लगातार प्रतिक्रिया करने के बजाय अपने खुद के कथानकों को आकार देने की सुविधा मिलेगी।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया, आइए हम सब मिलकर क्रिएट इन इंडिया यानी भारत में सृजन करें आंदोलन शुरू करें। ऐसे में हर कोई इसके दूसरे और तीसरे क्रम के प्रभावों, खासकर कथानक-सुधार और हमारे सभ्यतागत विचारों को वैश्विक स्तर पर निर्यात करने पर पड़ने वाले प्रभाव को नहीं समझ पाया। ईस्टमैन कलर और विनाइल रिकॉर्ड की प्रौद्योगिकियों ने अमेरिका को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद की। एक्सआर और गेमिंग का युग भारत को अपने नायकों और रॉकस्टार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के तत्वावधान में 'क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज की घोषणा की। यह एक अनूठा आयोजन है, जो दुनिया के सामने हमारे एवीजीसी सेक्टर के भविष्य को दशार्ता है। यह ब्रॉड स्पेक्ट्रम चैलेंज 25 प्रकार के कंटेंट और गेम में हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। भारत को ऐसे और भी दृश्यमान समारोहों की आवश्यकता है। अब समय आ गया है कि दुनिया हमारी रचनात्मकता और हमारी महत्वाकांक्षा को देखे।

हालांकि, इस क्षमता के द्वार को पूरी तरह से खोलने के लिए, भारत को भी भारी निवेश करना होगा। एवीजीसी सेक्टर डिजिटल इंटरैक्शन और मनोरंजन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। भविष्य के इस द्वार को खोलने के लिए कौशल-विकास, निवेश पाइपलाइन, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जो मायने रखते हैं। इसके लिए एक प्रगतिशील नियामक प्रणाली के साथ-साथ और भी कई आवश्यकताएं हैं। यह वास्तव में एक कठिन काम है। लेकिन यहां गंगोत्री स्थापित करके, भारत आने वाले वर्षों के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था और कथानक में अपना नेतृत्व सुनिश्चित कर सकता है।

(लेखक : नीतिगत मामलों के विशेषज्ञ और ऑपएड स्तंभकार हैं। उनका लेखन वाशिंगटन पोस्ट, बीबीसी, वाइस, द डिप्लोमैट, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, संडे गार्जियन, स्पैन, ऑर्गनाइजर और पांचजन्य में छप चुका है। ये भारत सरकार की राष्ट्रीय पर्यटन सलाहकार परिषद के मनोनीत सदस्य हैं, सेंटर फॉर इन्सॉल्वेंसी एंड फाइनेंशियल लॉज के बोर्ड सदस्य हैं ई-गेमिंग फेडरेशन के सीईओ हैं। ये @anuraag_saxena पर ट्वीट करते हैं।)



देश-विदेश की खबरें

वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत तेजी से बढ़ रहा : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन में ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया के दो बड़े क्षेत्रों में युद्ध की स्थिति बनी हुई है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी जीडीपी के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। पीएम ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन हमारा मार्गदर्शक मंत्र है। जब लोगों का जीवन बदल जाता है, तो वे अपने देश में विश्वास करना शुरू कर देते हैं। फिर वही बात उनके जनादेश में दिखती है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास ही हमारी ताकत है। हम भारत की भलाई के लिए और अधिक संरचनात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि भारत को विकसित बनाने के लिए हम लगातार संरचनात्मक सुधार करते रहेंगे। भारत में समावेशी विकास हो रहा है। इसके चलते पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारत की वृद्धि का लाभ सभी को मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक नेता और वित्तीय विशेषज्ञ भारत के विकास की गति को देख रहे हैं। निवेशक मान रहे हैं कि भारत में निवेश का यह सही समय है। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि हमारी ओर से पूर्व में किए गए सुधारों का परिणाम है।

पीएम ने कहा कि बीते दशक में हमने बुनियादी ढांचे पर निवेश को अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ाया है। भारत के प्रक्रिया सुधार ने सरकार की गतिविधियों का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हम पीएलआई (प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव) लाए। पीएलआई के कारण 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। अंतरिक्ष क्षेत्र में अब 200 से अधिक स्टार्टअप हैं। भारत मोबाइल फोन के आयातक से उत्पादक बन गया है। भारत में हर क्षेत्र में निवेश के प्रचुर अवसर हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत के पांच सेमीकंडक्टर प्लांट दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लगाए जाएंगे और मेड इन इंडिया चिप्स दुनिया तक पहुंच सकेंगे। पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत पहले दिन ही 111 कंपनियों ने पोर्टल पर रजिस्टर किया है। इस स्कीम के तहत हम एक करोड़ युवाओं को बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप में मदद कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि इस वर्ष के बजट में हमने युवाओं के कौशल विकास और इंटर्नशिप के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की है। केवल 10 वर्षों में भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग में 81वें से 39वें स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत न सिर्फ शीर्ष पर पहुंचने के लिए प्रयासरत है, बल्कि शीर्ष पर अपनी स्थिति बनाए रखने के लिए भी काम कर रहा है। हमारे लिए यह कॉन्क्लेव सिर्फ एक डिबेट क्लब नहीं है। हम यहां से मिलने वाले सुझावों को गंभीरता से लेते हैं और नीति निर्माण के दौरान उन्हें लागू करने का प्रयास करते हैं। यह हमारे शासन मॉडल का एक हिस्सा बन जाता है।

हीरामणि आरोग्यधाम-डे केयर हॉस्पिटल का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया उद्घाटन

मोदी सरकार ने देश में स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण शुरू किया

10 साल में 75000 मेडिकल सीटें और बढ़ायी जायेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के गांधीनगर में हीरामणि आरोग्यधाम-डे केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि गुजरात में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और आम जनता के लिए सुलभ बनाने की दिशा में तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई प्रयास किये थे। उन्होंने कहा कि नरहरि अमीन ने समाज और लोगों की सेवा के साथ-साथ समस्याओं को सुलझाने का काम निरंतर किया है। उन्होंने कहा कि नरहरि ने राज्य में क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से पूरे गुजरात के खिलाड़ियों के लिए आधारभूत संरचना स्थापित की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों के माध्यम से लगभग 4000 बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उनके संपूर्ण विकास के लिए भी कई प्रयास किये। श्री शाह ने कहा कि नरहरि ने वृद्धाश्रम और अन्नपूर्णा ट्रस्ट के निर्माण के बाद अब अपने माता-पिता की स्मृति में इस हीरामणि आरोग्य धाम का निर्माण किया है, जो अभिनंदनीय है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली, तेजी से भागती ज़िन्दगी, प्रदूषण आदि से हम सबके शरीर को कई प्रकार के रोग घेर लेते हैं, जिनका लंबा उपचार करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों के लिए अक्सर कई तरह की थेरेपी, डायलिसिस, फिज़ियोथेरेपी आदि की जरूरत होती है, जिससे रोगों से होने वाले कष्ट कम हो सकें। श्री शाह ने कहा कि ये सभी ट्रीटमेंट काफी महंगे, गरीबों, मध्यम वर्ग और ग्रामीण इलाकों के लिए दुर्लभ और कम उपलब्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए नरहरि ने हीरामणि आरोग्य धाम का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि नरहरि ने एक होलिस्टिक अप्रोच के साथ लोगों के स्वास्थ्य की चिंता की है।

श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड के जरिए देश के करोड़ों लोगों को पांच लाख रुपए तक की तमाम स्वास्थ्य व्यवस्थाएं देकर उन्हें मंहगे इलाज से मुक्त किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण शुरू किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने लक्ष्य रखा है कि आने वाले 10 साल में 75 हजार मेडिकल सीटें और बढ़ायी जायेंगी। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने मंहगी दवाओं के बोझ से लोगों को बचाने के लिए जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने का एक तंत्र बनाया, जहां बाजार से करीब 10 से 30 प्रतिशत सस्ती दवाइयां मिलें।

अमित शाह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का ये पूरा तंत्र करीब 37 अलग अलग योजनाओं से मिल कर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इन 37 अलग-अलग योजनाओं को मिला कर देश के 140 करोड़ लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करने का प्रयास किया गया है। श्री शाह ने कहा कि राजनीतिज्ञ संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के साथ अपने सामाजिक जीवन के अनुभव से योजनाएं बना कर लोगों के दुःख दूर करने के प्रयास का यह एक आदर्श उदाहरण है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लंबी बीमारियों के लिए रोजाना होने वाले ट्रीटमेंट, जैसे डायालिसिस और फिज़ियोथेरेपी आदि की सुविधाएं अगर नजदीक और सस्ते शुल्क पर उपलब्ध हों, तो गरीब लोगों को उसका फायदा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि नरहरि ने संस्थान में फिज़ियोथेरेपी के मंहगे साधन भी काफी सस्ती दर पर लोगों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है।

देश का विदेशी-मुद्रा-भंडार पहली बार 700 बिलियन डॉलर पार

भारत यह मुकाम हासिल करने वाला चौथा देश बना

एक हफ्ते में सबसे ज्यादा 12.58 बिलियन डॉलर बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व पहली बार 700 बिलियन डॉलर के आंकड़े के पार हो गया है। 27 सितंबर को बीते सप्ताह में 12.58 बिलियन डॉलर बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर (करीब 59 लाख करोड़) के नये ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह, यह राशि 692.296 बिलियन डॉलर के ऑल टाइम हाई पर थी।

भारत यह माइलस्टोन पार करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। इस बात की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने दी। आरबीआइ के शुक्रवार के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय फॉरेक्स का सबसे हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) 616.154 बिलियन डॉलर है। फिलहाल भारत का गोल्ड रिजर्व 65.796 बिलियन डॉलर का है। अनुमान के मुताबिक भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व अब एक साल से ज्यादा के इंपोर्ट को कवर करने के लिए पर्याप्त है।

पिछले साल 58 बिलियन डॉलर बढ़ा : साल 2023 में भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन डॉलर जोड़े। जबकि 2022 में 71 बिलियन डॉलर की गिरावट देखी गयी। फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व यानी विदेशी मुद्रा भंडार का स्टॉक ग्लोबल झटकों से डोमेस्टिक इकोनॉमिक एक्टिविटी को बचाये रखने में मदद करता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर 15 को पाकिस्तान जायेंगे

15-16 अक्टूबर को एससीओ की बैठक में शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान जायेंगे। वे इस्लामाबाद में एससीओ के हेड्स ऑफ गवर्नमेंट (सीएचजी) की बैठक में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यह पिछले 9 साल में पहली बार होगा जब भारत का कोई मंत्री पाकिस्तान जायेगा। विदेश मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जायसवाल से सवाल किया गया कि क्या जयशंकर की यात्रा भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने की कोशिश है। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि भारत एससीओ चार्टर को लेकर प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री की यात्रा का यही कारण है। इसका कोई और मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। दरअसल, पाकिस्तान ने 29 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एससीओ मीटिंग के लिए न्योता दिया था। पाकिस्तान की विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा था कि बैठक में भाग लेने के लिए सभी सदस्य देशों के प्रमुखों को निमंत्रण भेजा गया है। विदेश मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान पहुंचे जाकिर नाइक, मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत यात्रा, मिडिल ईस्ट में तनाव और वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी बात की।

तिरुपति लड्डू विवाद में सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, एसआइटी बनायें

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने जांच के लिए एक स्वतंत्र कमेटी (एसआइटी) बनाने का आदेश दिया है। इस कमेटी में सीबीआइ और राज्य पुलिस के दो-दो और फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया का एक अधिकारी रहेगा। जांच की निगरानी सीबीआइ डायरेक्टर करेंगे। इससे पहले, 1 अक्टूबर को आंध्र पुलिस ने मामले की रक्ळ जांच रोक दी थी। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, राज्य सरकार की तरफ से मुकुल रोहतगी, तिरुपति मंदिर की तरफ से सिद्धार्थ लूथरा और कपिल सिब्बल तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम के पूर्व चेयरमैन वाईवी सुब्बारेड्डी की तरफ से कपिल सिब्बल ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश को स्टेट एसआइटी सदस्यों की स्वतंत्रता या निष्पक्षता पर सवाल के तौर पर न देखा जाए। हम केवल देवता में आस्था रखने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं को देखते हुए नयी एसआइटी बना रहे हैं।

रामलला दुबे ने अनुमंडल पदाधिकारी को छह सूत्री मांग पत्र सौंपा

कांडी (आजाद सिपाही)। पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को फसलों को बचाने के लिए दिन रात एक करना पड़ रहा है वजह है जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान। किसानों को नीलगाय, वन सुअर और हांथी से हो रहे फसलों को निजात दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामलला दुबे ने शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को छः सूत्री मांगों को आवेदन देकर इन समस्याओं से निजात पाने हेतु गुहार लगाया है। उन्होने आवेदन में लिखा है कि गढ़वा जिले के 80 प्रतिशत किसान रहते हैं, जो केवल कृषि पर निर्भर हैं और किसानों के खून पसीने की कमाई को जंगली जानवर एक ही रात में नष्ट कर चले जाते हैं, किसान केवल हांथ मल कर रह जाता है, अतः किसानों को इन सभी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम लिए जाये। वहीं जिले के कांडी प्रखंड के स्कूलों में शौचालय, पानी, बिजली वायरिंग, पुस्तकालय की मांग किया।

दो लोडेड पिस्टल और एक जिंदा गोली के साथ तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। थाना क्षेत्र के सोनपुरवा गांव में देवी मंदिर के समीप भक्ति जागरण के दौरान हुए दो गुटों के बीच विवाद में पिस्टल से फायर किया गया, जिसमें मिस फायर होने के कारण सोनपुरवा निवासी अंबिका चौधरी के पुत्र रोहित चौधरी बाल-बाल बचा, जिसके बाद ग्रामीणों ने गोली चलाने वाले को घेर लिया। लेकिन गोली चलाने वाले अंशु दुबे और एक अन्य युवक पिस्टल फेंककर फरार हो गये। इधर सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस ने मौके वारदात पर पहुंचकर जांच किया इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार कर उसके पास से एक लोडेड पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया। साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को गढ़वा जेल भेज दिया। मझिआंव केस कांड संख्या 98/24 के तहत अंशु पिता अजीत दुबे गोपालपुर निवासी पर नामजद तथा एक अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस छापामारी में जुट गयी।

वहीं दूसरी घटना के संबंध में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अंशु दुबे की जांच-पड़ताल और धर पकड़ में जुटी ही थी कि गुरुवार की रात्रि लगभग 12:30 बजे सोनपुरवा पंचायत के पूर्व मुखिया शकील अहमद खां के घर के समीप थाना प्रभारी आकाश कुमार और एस आई संजय कुमार मुंडा रोड पर जांच पड़ताल कर ही रहे थे कि एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर आ रहे थे, जिसे पुलिस वाहन को देख और मोटरसाइकिल रोकने का इशारा करते ही वे तीनो भागने लगे, जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया और पूछताछ और तलाशी लिया गया। उस दौरान रोशन चौधरी उर्फ दरोगा पिता इंद्रदेव चौधरी के पास से लोडेड गोली के साथ पिस्टल बरामद हुआ, वहीं मनोज उरांव उर्फ मनु पिता मोहन उरांव के पास से जिंदा एक गोली 3 फिफ्टीन का बरामद हुआ, दोनों सोनपुरवा के हराया टोला के निवासी हैं। वहीं तीसरा युवक करुई के भागोडीह निवासी सरयू राम के पुत्र बलवंत कुमार उर्फ ननका के पास कुछ नहीं पाया गया। जिसके बाद तीनों के पास से मोबाइल और काले रंग का मोटरसाइकिल जे एच 14 के 6097 जप्त करते हुए तिनों आरोपी को थाना लाया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सुनील तिवारी थाना प्रभारी आकाश कुमार, एस आई चंदन कुमार, एएसआई आलोक कुमार मौजूद थे।

एसआइएस की जीटीओ अधिकारी सेवा के 39वें बैच का प्रशिक्षण प्रारंभ

1971 की लड़ाई के बाद भूतपूर्व सैनिकों के रोजगार की व्यवस्था करने के उद्देश्य से की गयी एसआईएस की स्थापना : चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। देश और एशिया की सबसे बड़ी निजी सुरक्षा कंपनी और विश्व की पांच बड़ी सुरक्षा कंपनियों में से एक एसआईएस लिमिटेड के गढ़वा के बेलचंपा स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में जी.टी.ओ अधिकारी सेवा के 39 वें बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ एसआईएस कम्पनी समूह के संस्थापक और ग्रुप चेयरमैन तथा पूर्व राज्यसभा सांसद रवींद्र किशोर सिन्हा द्वारा किया गया। एसआईएस लिमिटेड प्रतिवर्ष पूरे देश में स्नातक युवाओं के लिए अधिकारी सेवा के लिए प्रतियोगी परिक्षा आयोजित करती है। इस परीक्षा में प्रतिवर्ष पचास हजार से भी अधिक युवा भाग लेते हैं। यह परीक्षा तीन चरणों में होती है, पहला चरण लिखित परीक्षा, दूसरा चरण शारीरिक और व्यक्तित्व क्षमता और अंत में कंपनी के टॉप मैनेजमेंट द्वारा फाइनल साक्षातकार। इस वर्ष इन तीनों चरणों को सफलतापूर्वक पार कर-के 66 स्नातक युवा एसआईएस के जीटीओ अधिकारी बने। इस अवसर पर चेयरमैन रवींद्र किशोर सिन्हा ने बताया कि कैसे उन्होने 1971 की लड़ाई के बाद भूतपूर्व सैनिकों के रोजगार की व्यवस्था करने की सोची और कुछ भूतपूर्व सैनिकों को लेकर 1974 में कंपनी की शुरूआत की। इसी उद्देश्य को पूरा करने लिए आज से 41 वर्षों पूर्व 22 सितंबर 1983 को गढ़वा में पहला प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हुई। वहीं आज देशभर के विभिन्न राज्यों में 22 प्रशिक्षण केन्द्र भी कार्य कर रहे हैं। लेकिन प्रथम प्रशिक्षण केंद्र गढ़वा के बेलचंपा गांव स्थित अनुशासनपुरण आज भी निजी सुरक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में एक मिसाल है। उद्घाटन के अवसर पर चेयरमैन रविंद्र किशोर सिन्हा, प्रेसिडेंट आरपी सिंह, झारखंड के रीजनल हेड एएस धामी, वाइस प्रेसिडेंट अमिय शंकर, प्रबंधक आर्यन भारद्वाज और गढ़वा प्रशिक्षण केंद्र के ग्रुप कमांडेंट रमेश जयसवाल और कमांडेंट, सुनील प्रसाद मौजूद थे।

डंडई में अबुआ आवास में अनियमितता को लेकर जिप सदस्य ने डीसी से की शिकायत

आजाद सिपाह संवाददाता

डंडई। डंडई जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान ने प्रखंड में अबुआ आवास चयन में अनियमितता को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव व गढ़वा उपायुक्त से लिखित शिकायत का है। लिखित आवेदन में बताया गया है कि डंडई प्रखंड में क्षेत्र भ्रमण के दौरान झारखंड सरकार कि महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में सरकार के नियम को ताक पर रखकर अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही बताया कि लाभुकों द्वारा शिकायत मिली है कि जो लाभुक गरीब तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हैं साथ ही उनका मकान भी कच्चा है, उनको छोड़कर कर्मियों और बिचौलियों की मिलीभगत से आर्थिक रूप से मजबूत और पक्का मकान वालों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। आवेदन के माध्यम से कहा गया है कि अबुआ आवास योजना का लाभ वैसे लोगों को दिया गया। जिनसे कर्मियों द्वारा राशि की अवैध उगाही की गयी है। उन्होंने प्रखंड में आवंटित अबुआ आवास योजना के जांचोपरांत ही लाभुक के खाते में राशि हस्तांतरण कि मांग की है। साथ ही मामले में जांच कर दोषी कर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

गरीबी मिटाने के लिए शिक्षा जरूरी: गिरिनाथ

आजाद सिपाह संवाददाता

गढ़वा। शुक्रवार को पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह परिवर्तन सह जनसम्पर्क यात्रा गढ़वा प्रखंड के जाला, बिनवाडीह, संग्रहे, झपहा, सोह, लोटो, महुलिया एवं रंका में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित रामलीला के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए` जहाँ अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा पर बात करते हुए कहा कि गरीबी मिटाने के लिए शिक्षा जरूरी है ना कि सिर्फ भाषण देने से गरीबी मिटेगी आगे उन्होंने कहा कि आप से वोट मांगने नहीं आये हैं। बल्कि आपका हाल-चाल जानने आये हैं। वोट किसे देना है किसे नहीं देना है वह आपकी अपनी सोच है। आप अपने सोच समझ से वोट देने का कार्य जरूर करें। आपका जो भी अधिकार है वह आपको मैं पूरी तरह दिलवाने की कोशिश करूंगा। कार्यकर्म मे मुख्य रूप से सत्यनारायण यादव जिला परिषद उपाध्यक्ष, सूरज सिंह राजद जिला अध्यक्ष, सुलपानी सिंह, सुनील कुमार माली रंका मंडल अध्यक्षदिलीप पासवान, भोला राम, समीम अंसारी, धर्मेंद्र पासवान, कृष्णा पासवान, सुदीप कुमार, बुधन अंसारी, अलमुद्दीन शेख, रीता देवी वार्ड सदस्य समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

लायंस क्लब ने मरीजों के बीच फल का वितरण किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा लायंस इंटरनेशनल सेवा के तहत शुक्रवार को क्लब अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्पताल गढ़वा में फुड फॉर हंगर के तहत मरीजों के बिच फल वितरण किया गया। अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद ने बताया कि हमारा क्लब लायंस विशाल1986 से समाजिक सेवा कार्यों में समर्पित होकर सेवा कार्य करते आ रही है। मौके पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आरएनएस दिवाकर, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, रघुवीर प्रसाद कश्यप, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, गिरिश कमलापुरी, समेत सदर अस्पताल के कई कर्मचारी उपस्थित थे।

उद्याननिदेशालय, झारखण्ड, राँची
कृषि भवन, काँके रोड़, राँची–834008
(कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)
Email ID-ddhranchi@rediffmail.com. Ph.No. 0651-2230691

रद्द पत्र (Cancellation)

निदेशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में Request for Proposal (RFP) setting up of project Management Unit (PMU) to provide Technical and Operational support for Implementation of various schemes under Directorate Of Horticulture & State Horticulture Mission हेतु प्रकाशित RFP- Horti/08/2023-24, PR No.- 321953 (Agriculture) 23-24*D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
उप निदेशक उद्यान,
राँची

PR 338003 (Agriculture)24-25*D

युवक का पेड़ से लटकता मिला शव, हत्या की आशंका

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने शुक्रवार की प्रातः में चामा जंगल से संदिग्ध अवस्था में पेड़ से झूलता हुआ एक युवक का शव बरामद किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चामा गांव निवासी बैजनाथ राम का 21 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार रवि गुरुवार की रात्रि में देवी धाम ठाकुरवाडी मंदिर प्रांगण में चल रहे पर्दा पर रामलीला देखने गया था। मध्य रात्रि में वहां से आने के बाद अपने एंड्रॉयड फोन से बात करते हुए पुनः घर से चला गया। प्रातः में घर के कुछ दूरी पर जंगल किनारे एक महुआ के पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटकता हुआ शव बरामद किया गया। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए थाना में आवेदन देकर मामले का उद्भेदन करते हुए दोषी को कड़ी सजा देने की गुहार लगायी है। थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

मनरेगा संबंधी तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय, नगर उंटारी के सभागार में प्रखंड नगर उंटारी और सगमा के सभी मुखिया, पंचायत सचिव और वीएलई का मनरेगा संबंधी तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर उंटारी अदिति गुप्ता, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र दुबे, मुखिया सानिधा सोनी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य मनरेगा के पंचायत स्तरीय कार्यों को पंचायत से ही निष्पादित कराना है। प्रशिक्षण के दौरान मुखिया कुमारी रेखा, सुशीला देवी, अनुराधा देवी, सरोज देवी, पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, अमन केशरी, सरोती कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मारुतनंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह भाजपा नेता मारुतनंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को आवेदन सौंपा। वहीं सोनी में लिखित आवेदन में कहा है कि नगर पंचायत के सभी वार्डों में पवित्र शारदीय नवरात्र और दशहरा पूजा को देखते हुए पूजा पंडाल और देवस्थलों पर साफ सफाई कराया जाये। वहीं जगह-जगह पर गढ़ानुमा सड़क को भरवाकर समतलीकरण कराया जाये। वहीं सोनी ने सभी वार्डों में जगह-जगह लाइट लगवाने और खराब पड़े लाइट को दुरुस्त करने को कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार से अपील किया है।

कांडी प्रखंड में ओबीसी एकता अधिकार मंच के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

महेंद्र प्रसाद ने साझा किया विकास का विजन, महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। कांडी प्रखंड में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर-मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके बड़े भाई और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। महेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा, हमारा उद्देश्य क्षेत्र के हर नागरिक को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जायेगी। साथ ही, विकास की गति को दोगुना किया जायेगा, ताकि क्षेत्र के हर नागरिक को इसका लाभ मिल सके। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे क्षेत्र की महिलाएं और बेटियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उन्हें सम्मान और अवसर मिलें। साथ ही, आधारभूत सुविधाओं की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता होगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं मिल सकें।

उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
जिला बाल संरक्षण इकाई (समाज कल्याण)
(विकास भवन, द्वितीय तल्ला, Email Id– dcpschatra@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

समेकित बाल संरक्षण सेवाएं, मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के अधीन विभिन्न रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आमंत्रित आवेदनो से संबंधित दावा आपत्ति हेतु आम सूचना :–

केन्द्र प्रायोजित बाल संरक्षण सेवाएं, मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, चतरा के अधीन संविदा अधारित विभिन्न पदों पर विज्ञापन संख्या–PR No-331397 दिनांक–31.07.2024 के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन के तहत् स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन की जांच के पश्चात पदवार ओवदकों की प्रारंभिक सूची तैयार करने के उपरांत जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.chatra.nic.in पर अपलोड किया गया है सूची के संदर्भ में आवेदक अपना दावा आपत्ति आवेदन दिनांक 05.10.2024 से 07.10.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला बाल संरक्षण इकाई, विकास भवन, चतरा में मूल दस्तावेज/कागजात और उसकी एक छायाप्रति के साथ स्वयं उपस्थित होकर दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। अन्य किसी भी माध्यम, यथा–ईमेल, डाक, मोबाइल इत्यादि से भेजा गया दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा तथा उपरोक्त निर्धारित समय–सीमा के उपरांत किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

विश्वासभाजन
उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.338010 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

रामलीला मंचन से युवाओं में संस्कार, संस्कृति के साथ बढ़ती है धार्मिक प्रवृत्ति : आचार्य

भगवान विष्णु दरबार एवं नारद मोह से प्रारंभ हुआ नौ दिवसीय रामलीला

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रखंड भर में धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। हासनदाग देवी धाम परिसर में आयोजित रामलीला का उद्घाटन काशी से आये विद्वान पंडित श्री श्री 1008 श्रीविश्वाकांत जी महाराज, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, बीडीसी नंदू चौधरी, सुदर्शन विश्वकर्मा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर आचार्य विश्वाकांत ने कहा कि रामलीला चित्रण से युवाओं में संस्कार, संस्कृति के साथ धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ती है तथा नई चेतना का विकास होता है। हरेंद्र चौधरी ने कहा कि रामलीला देखने से जीवन जीने की कला आती है तथा सामाजिक समरसता बढ़ता है। काशी क्षेत्र से आये रामलीला मंडली द्वारा रामलीला का शुभारंभ भगवान विष्णु दरबार और नारद मोह से की गयी। उद्घाटन के मौके पर दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक अविनाश कुमार चौबे उर्फ बिट्टू, कोमल चौधरी, द्वारिका चौबे, पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी, पत्रकार विवेकानंद चौबे, शिवपूजन पासवान जगनारायण ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

धार्मिक नाटक मंचन से पुरानी संस्कृति रहती जीवित : शालेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रमना। रमना प्रखंड अंतर्गत भागोडीह गांव के महाशिव शक्ति क्लब पोखरा टोला के तत्वधान में रामलीला नाटक मंचन का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी शालेंद्र सिंह और रमना भाजपा मंडल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शंकर चंद्रवंशी, अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, सचिन अनिल चौधरी व नाटक मंचन कुशवाहा मंडली प्रथम के अध्यक्ष विंध्याचल सिंह व डायरेक्टर रामनाथ सिंह ने सामूहिक रूप से फीता काटकर व पूजा पाठ कर शुरूवात किया। इस अवसर मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी शालेंद्र सिंह ने कहा कि दशहरा के अवसर पर बीते 40 वर्षो से दुर्गा पूजा होते आ रहा है। वहीं धार्मिक नाटक मंचन का कार्यक्रम करना पुरानी संस्कृति को जीवित रखता है। उन्होंने सभी कमिटी के पदाधिकारी को बधाई देते हुए हौसला बढ़ाया। कमिटी के अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा आपसी बढ़ चढ़ कर सहयोग से इस तरह का कार्यक्रम सफल होते आ रहा है। भाजपा कार्यकर्ता शंकर चंद्रवांशी ने कहा की दशहरा पूजा असत्य पर सत्य का प्रतीक है।

कार्यालय जिला स्वास्थ्य समिति
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार)
सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा

पत्रांक ..... E-mail: cs.koderma4@gmail.com कोडरमा, दिनांक .....

नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला स्तरीय विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 01/2024 एवं 02/2024 के तहत आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्राप्त आवेदनों को कम्प्युटरीकृत करते हुए संपूर्ण सूची दावा आपत्ति हेतु www.koderma.nic.in पर **upload** कर दिया गया है, यदि किसी अभ्यर्थी को अपने आवेदन में कोई त्रुटि नजर आती है अथवा कोई कागजात की कमी दर्शाई गई है तो उसे दिनांक 15.10.2024 के अप0 05 बजे तक जिला स्वास्थ्य समिति, सदर अस्पताल परिसर, कोडरमा पिन कोड 825410 पर डाक अथवा हाथों हाथ आवेदन के साथ सभी वांछित कागजात के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें । उक्त समयावधि के उपरांत प्राप्त कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा ।

सिविल सर्जन
कोडरमा

PR 338044 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष ने सिरोइकला और अध्यक्ष ने पिंडरा में रामलीला का किया शुभारंभ

रंका (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर बीस सूत्रि के गढ़वा जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने रंका प्रखंड के ग्राम- सिरोईकला और प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने ग्राम- पिंडरा में रामलीला कार्यक्रम का फीता काट कर व भगवान श्री राम सीता माता का आरती कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर नितेश सिंह ने कहा कि नवरात्रि में शक्ति की देवी मां दुर्गा का नौ दिनों तक सच्चे मन से साधना किया जाता है, उसी प्रकार गढ़वा रंका विधानसभा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर सच्चे दिल से जनता के विकास कार्यों में लगे हुए हैं, जो साधना से कम नहीं है। इस मौके पर जिपस प्रमिला देवी, रतन सिंह, आशीष सिंह, सीता राम सिंह सहित दोनों गांव के हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

अनंत प्रताप देव ने किया रामलीला मंचन का उद्घाटन

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड अंतर्गत कर्णपुरा गांव के न्यू युवा कल्ब श्री दुर्गा पुजा महोत्सव पूजा समिति के तत्वाधान में रामलीला नाटक मंचन का आयोजन का शुरूवात पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जीप अध्यक्ष शांति देवी, मुखिया अजीत कुमार पांडेय, बीडीसी प्रमोद कुमार गुप्ता व क्लब के अध्यक्ष टोनी साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर रामायण कथा जैसे पुरानी संस्कृति को नाटक मंचन के रूप में दिखाने का बीड़ा कल्ब के द्वारा उठाया गया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा की दशहरा पूजा असत्य पर सत्य का जीत का प्रतीक है। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने लोगों को दशहरे जैसे पर्व को शांति, सदभाव से मनाने की अपील की।

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, राँची

अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 70/24–25

International Dyslexia Awareness Month के अवसर पर राजभवन, राँची को लाल रंग से रौशन करने एवं धनतेरस, दिपावली एवं छठ पूजा 2024 के शुभ अवसर पर राँची स्थित राजभवन, मुख्य मंत्री आवास, विधान सभा अध्यक्ष आवास, मान्नीय झरखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधिशों के आवास आदि महत्वपूर्ण भवनों के विद्युत साज–सज्जा हेतु अस्थायी विद्युतीकरण कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदकों से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1.परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :–22.10.24 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
2.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची/ विद्युत कार्य अंचल, राँची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक – 23.10.24 को 1.00 बजे अपराह्ण तक, नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
4.निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक–23.10.24 को 2.00 बजे अपराहण में,विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
5.परिमाण विपत्र का मूल्य :–नियमानुसार रू0 500/–, 750/–, 1250/–,2500/– एवं 5000/–
6.अग्रधन राशि :–प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 338026 (Energy)24-25*D

शराब के नशे में युवक ने किया यूरिया का सेवन

भंडरा (आजाद सिपाही)। कैरो थाना क्षेत्र चाल्हो महवारी में एक युवक ने शराब के नशे मे यूरिया खा लिया। जिसके बाद वह अचेत हो गया। इस घटना के बाद परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिये लोहरदगा सदर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला कैरो प्रखंड के चाल्हो महवारी गांव का है। यूरिया खाने वाले युवक का नाम शाहदेव उरांव पिता गोपाल उरांव है, वह शराब पीने का आदी है। बताया गया कि शराब पीने को लेकर घर में उसका विवाद हुआ था। जिसके बाद आवेश में आकर उसने नागजुवा बाजार मे यूरिया का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गयी, परिजनों ने बिना देरी किए शाहदेव की को गंभीर अवस्था में भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया। जहां डाक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार कर लोहरदगा रेफर कर दिया।

शिविर आयोजित कर बिजिली बिल माफी का प्रमाण पत्र बांटा गया

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल बिल माफी योजना के तहत शिविर आयोजित कर बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं बिजिली विभाग के पदाधिकारी रविकांत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड बिजली विभाग निगम लिमिटेड के तहत झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामकेश्वर के निर्देश पर प्रत्येक माह दो सौ यूनिट बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं का बिल माफ किया जा रहा है। जिसे की सरकार के निदेर्शानुसार वैसे उपभोक्ताओं का बिजली बिल जो बिल देने में असमर्थ हैं उनका बिजली बिल अगस्त 2024 तक माफ किया गया है। आयोजित बिजली बिल माफी शिविर में लगभग 200 बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफी योजना के तहत बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर बिजली विभाग के रविकांत कुमार, सुनील कुमार, विष्णु कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण अवस्थित थे।

मंत्री के पुत्र रोहित उरांव के प्रयास से मो उमर फारूक का हो रहा इलाज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो निवासी नसीम अंसारी के दामाद मो उमर फारूक का इलाज मंत्री पुत्र रोहित उरांव के सकारात्मक प्रयास से बेहतर तरीके से हो रहा है। जानकारी के अनुसार मो उमर का तबियत खराब होने के कारण परिवार वालो के द्वारा मरीज को गुरु नानक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परंतु मरीजों के परिजनों के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर होने के साथ मरीज की स्थिति को देखते हुए परिजनों ने वित्त मंत्री डॉ.रामेश्वर उराँव के सुपुत्र रोहित उरांव से संपर्क किया। बेहतर इलाज की मदद के लिए बात कहीं। रोहित उरांव के द्वारा डॉक्टर और प्रबंधक से बात कर अपने प्रभारी खान को अस्पताल रिम्स भेज कर वहा पर मरीज के स्थिति को देखते हुए वेंटिलेटर में भर्ती कराया गया। अभी मरीज की स्थित स्थिर है और उरांव के द्वारा आर्थिक सहयोग भी किया गया है। इसके साथ ही परिजनों को हर संभव मदद करने की बात कही।

लातेहार पुलिस को फिर मिली बड़ी सफलता

एक लाख का इनामी माओवादी गुलशन उरांव गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भाकपा माओवादी के एक लाख इनामी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली गुलशन उरांव उर्फ फुलचंद उरांव पिता नेरू उरांव (हाटा, कुमंडीह, मनिका) का रहने वाला है। इसकी जानकारी बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने पुलिस सभागार मे प्रेस वार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव की गुप्त सूचना मिली थी कि

माकपा माओवादि के उग्रवादी को कुमंडीह रेलवे स्टेशन के आस पास घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद बरवाडीह एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम जैसे ही कुमंडीह रेलवे स्टेशन के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही नक्सली गुलशन उरांव को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली गुलशन उरांव गोली चलाने में माहिर है। गुलशन की गिरफ्तारी होना पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। गिरफ्तार नक्सली के ऊपर बारेसाढ़ थाना में एक 17 सीएलए के तहत मामला दर्ज हैं।

छापेमारी दल में शामिल

छापेमारी अभियान में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, आरक्षी उमेश कुमार सिंह, उदित कुमार और तकनीकी शाखा के कर्मी भी शामिल थे।

जंगली हाथियों का उत्पात, पांच घरों को किया ध्वस्त, 25 एकड़ से अधिक फसल को किया नष्ट

एक युवक गम्भीर रूप से घायल, इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह थाना क्षेत्र के पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत छिपादोहर पश्चिमी क्षेत्र के ततहा ग्राम में मध्य रात्रि हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। बता दें कि शुक्रवार की रात प्रखंड के तत्तहा मे हाथियों ने दो दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को और 6 घरों मोहन कोरवा, मनरखन कोरवा, राजकुमार कोरवा, खेटू कोरवा, राम लाल कोरवा को नुकसान पहुंचाया हैं।व फसलो को खा गये और रौंद दिया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान आदिम जनजाति समुदाय के 65 वर्षिय मोहन कोरवा का हुआ है। हाथियों ने उसके घर को पूरी तरह तोड़ दिया। और उसके चपेट में आ गया और जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया। तथा घर में रखा चावल, गेहूं खा गये और घर के सामानों को नष्ट कर दिया। वहीं धर्मदेव सिंह के ही करीब एक एकड़, नागों सिंग की 10 डिसमिल , सामरिया देवी का

70 डिसमिल खेत में लगी धान की फसल और दो एकड़ में लगी मकई की फसल खाकर उसे रौंद दिया। इसके अलावे करीब 40 लोगों का 25 एकड़ से अधिक फसल को नष्ट किया है। भुक्तभोगी ने बताया कि रात में किसी तरह बाल बच्चों को लेकर अलग भाग कर उसने जान बचायी। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की संख्या 40 से 45 के बीच थी। विदित हो कि गत कुछ वर्षों से क्षेत्र में हाथियों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि जंगली क्षेत्र के लोग अपना घर छोड़कर अन्यत्र रहने को विवश हैं। उधर वन विभाग के रेंजर अजय टोप्पो नुकसान का आकलन कर रहे है और हरसम्बव मदद और मुआवजा के लिए जुट गये है। उधर गम्भीर रूप से घायल का बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज कराया गया और बेहतर इलाज के लिए एम एम सीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। उधर ततकाल सहायता के लिए 5000/-रुपये की राशि रेंजर ने परिवार वालो को दी है। और वन विभाग के देखरेख में ईलाज कराया जा रहा है। इधर हाथियों के उत्पात से ग्रामीण काफी दहशत में हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक वन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया है। उधर इस सम्बन्ध मे रेंजर अजय टोप्पो ने बताया कि भंडरिया के तरफ से हाथी का घुसपैठ हुआ है। उसके रास्ते में जो फसल और घर आया उसे अपने गिरफ्त में ले लिया है जिससे काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल गांव वालों के पास पठाका और तेल व्यवस्था कर दी गयी है। जल्द अनाज भी मुहैया कराया जायेगा। उधर वन विभाग की पूरी टीम अलर्ट मोड़ पर है। ट्रैकर क्षेत्र में गश्ती कर रहे है। और विभाग की और से हरसम्भव मदद की जायेगी।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

भंडरा (आजाद सिपाही)। रांची लोहरदगा मुख्य पथ नवडीहा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार देर रात की बतायी जाती है। बाइक सवार रांची की ओर जा रहा था। इसी क्रम में रांची लोहरदगा रोड के नवडीहा मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मंन्हो गांव निवासी राजकुमार उरांव के रूप मे हुई. घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवक राजकुमार उरांव को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया ।

पूजा पंडाल और दुर्गा प्रतिमा का निर्माण शुरू

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दशहरा को लेकर पूजा पंडाल और दुर्गा प्रतिमा का निर्माण शुरू हो गया है। शहर के विभिन्न स्थानों पर मूर्ति कलाकार अपने सहयोगियों के साथ मां दुर्गा के अलावे सरस्वती जी, लक्ष्मी जी, गणेश जी, कार्तिकेय जी, शिव जी, पार्वती जी, महिषासुर, बाघ आदि की भव्य और आकर्षक प्रतिमा बनाने का काम शुरू कर दिया है। पूजा समितियां आकर्षक पंडाल बनाने में जुटी हैं। पंडाल को उत्कृष्ट बनाने में समितियों में होड़ मची है। पंडाल को स्वरूप देने में ऐसी होड़ मची है कि कौन समिति कैसा पूजा पंडाल बनायेगी इसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। वहीं शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों के रंग-रोगन का काम भी शुरू कर दिया गया है। बता दें कि कोलकाता के बाद दुर्गा पूजा महोत्सव का विशाल स्वरूप झारखंड के अन्य शहरों की तरह लोहरदगा में भी देखने को मिलता है। दूरदराज से लोग दुर्गा पूजा महोत्सव की झलक देखने आते हैं। विशाल पंडालों में देश-विदेश के मंदिरों के स्वरूप देखने को मिलते हैं। बारिश का असर न हो इसलिए पंडालों के निर्माण में अधिकतर प्लाई, सनमाइका और प्लास्टिक शीट का प्रयोग किया जा रहा है। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की व्यस्तता बढ़ गयी है।

मानव तस्करी के संदेह में दो बसों को पुलिस ने पकड़ा, यात्रियों के सत्यापन के बाद छोड़ा

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मानव तस्करी मामला में पुलिस कारवाई के दौरान बनारस जाने वली दो बस को बक्सीडीपा के समीप से पकड़ कर बस में सवार यात्रियों का सत्यापन पुलिस द्वारा किया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा के समीप से दो बस को मानव तस्करी मामला में पकड़ कर सेन्हा थाना लाया गया। जहां सभी यात्रियों को अलग अलग कर पूछताछ किया गया। और बाहर जाने का प्रयोजन पूछा गया वही बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारीश बिन जमां को मानव तस्करी का गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में आदेशनुसार अहतु थाना लोहरदगा के द्वारा जांच आरम्भ किया गया। जहां सवार सभी यात्रियों से पूछताछ के पश्चात सत्यापन होने पर मुक्त किया गया. जानकारी के अनुसार बता दें कि नित्य दिन क्षेत्र से मजदूरों का पलायन जारी है। सत्यापन के पश्चात पलायन करने वाले मजदूरों को पुलिस की ओर से संदेश देते हुए बताया गया कि प्रदेश के किसी सरकारी या निजी संस्थान में कार्य दिलाने के नाम पर किसी व्यक्ति द्वारा प्रेरित किया जाता है तो वैसे परिस्थिति में प्रदेश जाने से पूर्व प्रखंड या जिला स्तर पर रजिस्टेशन अवश्य करायें।

तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दो बच्चों को चपेट में लिया, स्थिति चिंताजनक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड के बरही गांव में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दो बच्चों को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान युवराज कुमार पिता महावीर साहू उम्र 15 साल, अमन साहू पिता रामजीत साहू उम्र 7 साल के रूप में किया गया है। अमन साहू की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। दोनो को रिम्स रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर जय श्रीराम समिति के संरक्षक अजय सोनी, ओम महतो, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, रामकुमार साहू, राम अवतार महतो समेत काफी संख्या में समिति के लोग सदर अस्पताल पहुंच घायल का उपचार करवाकर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर भेजने में मदद की, परिवार की सहमति से जसलोक हॉस्पिटल रांची में एडमिट किया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार कर आईसीयू में भर्ती किया। अभी स्थिति चिंताजनक ही बनी हुई है। जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बच्चे का जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

कोल्हान की खबरें

झारखंड बांग्ला भाषा समिति ने 18 सीटों पर बंगाली कैंडिडेट देने की मांग भाजपा से की

कोल्हान के जमशेदपुर पूर्वी - पश्चिमी, ईचागढ़ एवं बाहरगोड़ा सीट पर बंग भाषियो ने ठोका दावा

कोल्हान (आजाद सिपाही)। झारखंड बांग्ला भाषा समिति के अध्यक्ष रंजीत मल्लिक ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र सौपकर आसन्न विधानसभा चुनाव में राज्य के 18 विधानसभा क्षेत्र में बंग भाषी नेताओं को प्रत्याशी घोषित करने की मांग की है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को लिखें पत्र में समिति के अध्यक्ष ने सिंदरी से रंजीत मुखर्जी उर्फ बेगू ठाकुर, धनबाद से रीना मंडल एवं दीपक चौधरी, बोकारो से अम्बिका खावास, फाल्गुनी भट्टचार्य एवं प्रशांत मल्लिक, जमशेदपुर पूर्वी से तरुण डे एवं अचीनतम गुप्ता, जमशेदपुर पश्चिमी से संजीव आचार्य, बाहरगोड़ा से देवी शंकर दत्ता उर्फ काबू दत्ता, जामताड़ा से बेबी सरकार, दुबराज मंडल, सुरेश राय एवं तरुण गुप्ता, नाला से विष्णु मंडल, पूराइयाहात से राजेंद्र मंडल एवं शुभम मंडल, रांची से महुआ माजी एवं समीर राय, निरसा से कोई भी बंगाली प्रत्याशी, चंदन क्यारी से अमर कुमार बाउरी, राजमहल से उज्जवल मंडल, कार्तिक साहा एवं पप्पू साहा, मधुपुर से सूरज मंडल, जुग सालाई से कोई भी बंगाली प्रत्याशी, देवघर से नारायण दास, पाकुड़ से नरेन साहा एवं दिगंबर साह तथा इचागढ़ से राज कुमार चौधरी एवं शम्भू गोराई उर्फ करण गोराई को भाजपा की ओर से कैंडिडेट बनाने का आग्रह किया है।

डॉ अजय कुमार ने सर्कस मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ट नेता डॉ.अजय कुमार ने शुक्रवार को गोलमुरी सर्कस मैदान स्थित गोलमुरी दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा समस्त झारखंड वासियों का कल्याण करें। डॉ. अजय ने कहा नवरात्रि में हम मां दुर्गा की नौं रुप का पूजन करते है। दुर्गा पूजा हमें नारी एवं बेटियों को सम्मान देने के लिए प्रेरित करती है। इससे प्रेरित हो कर इंडिया गठबंधन ने प्रदेश की आधी आबादी को सम्मान के साथ जीने के लिए उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करने का संकल्प लेती है। उन्होंने कहा प्रदेश की लगभग 48 लाख महिलाओं को मईंयां सम्मान योजना के तहत उनके खाते में प्रति माह एक हजार रुपया प्रदान की जारही है। इतना ही नहीं राज्य में झांरखंड सरकार आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और सहिया के मानदेय में वृद्धि कर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कर किया। लेकिन विपक्षियों को यह रास नहीं आ रहा हैं। डॉ अजय कुमार ने कहा झारखंड सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति कृतसंकल्प है। इस अवसर पर पूजा कमिटि के सभी सदस्य और सैकड़ो स्थानीय लोग मौजुद रहे।

हजारों समर्थकों के साथ पप्पू वर्मा भाजपा में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

चांडिल। सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल स्थित भालूकोचा मैदान में भाजपा का विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित जनसभा मे ईचागढ़ विधानसभा के कद्दावर नेता पप्पू वर्मा ने झामुमो को अलविदा कर हजारों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। मौके पर भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, इचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, ईचागढ़ विधानसभा के प्रभारी और रांची महानगर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के के गुप्ता शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को मंचासीन अतिथियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इधर भाजपा में शामिल होते ही पप्पू वर्मा का दर्द छलक उठा। उन्होंने मंच से झारखंड मुक्ति मोर्चा पर जमकर

निशाना साधा। उन्होंने कहा 26 साल जिस पार्टी को मैंने सींचा उस पार्टी में परिवारवाद हावी हो चुका है। झामुमो में कार्यकर्ताओं की कद्र नहीं है। बेहद ही भारी मन लेकर झामुमो से नाता तोड़ना पड़ा। पप्पू वर्मा ने कहा अब नए सिरे से नई भूमिका के तहत भाजपा की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने मंच से ऐलान किया आगामी विधानसभा चुनाव मे झामुमो को बूथ के लिए भी कार्यकर्ता नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा ईचागढ़ विधानसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे। वही पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने एक बार फिर से सरकार पर निशाना साधा और बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर अपना स्टैंड क्लियर किया। उन्होंने कहा जिस तरह से संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ हुआ है अब एक लड़ाई उन घुसपतियों को खदेड़ने की लड़नी होगी। लेकिन आज वहां सरकार के संरक्षण में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हो रहा है। हमारी माताएं-बहने सुरक्षित नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा जिस पार्टी को हमने सींचा मुझे वहां सम्मान नहीं मिला। अब भाजपा ही एकमात्र विकल्प बच गई है। जो आदिवासी- मूलवासियों के हितों की रक्षा कर सकती है। हर हाल में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरे राज्य में जीत का परचम लहराने जा रही हैं।

अस्पताल में सिटी स्कैन सेंटर और नये रिसेप्शन हॉल का उद्घाटन

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन सेंटर और नए रिशेप्शन हॉल का कोल्हान के कमिश्नर हरि प्रसाद केसरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में संस्था के चेयरमैन मदन मोहन सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएन सिंह, उप प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिन्हा, मैनेजर के के सिंह सहित अस्पताल के तमाम चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। बताया जा रहा है आगामी 17 अप्रैल को 650 बेड के सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटना हुआ था। यहां सभी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद ही कम कीमत पर उपलब्ध है। सभी प्रकार के रोगियों का ईलाज किया जा रहा है। अगले सत्र से मेडिकल की पढ़ाई भी शुरू होगी। अस्पताल एनएमसी के नियमों के तहत तैयारी कर रही है। यहां डेढ़ सौ विद्यार्थियों को मेडिकल की शिक्षा दी जायेगी।

Government of Jharkhand Urban Development Department
Latehar Nagar Panchayat , Latehar
e- Procurement Notice (Very Short Tenders Notice)
NIT No. - UDD/LNP/11/2024-25

Notice No. - **Date –**

S.L. No.	Tender ID	Name of Work	Estimated Cost	Earnest Money	Tender Fee	Completion of Work
1	UDD/LNP/11/2024-25	नगर पंचायत लातेहार के ग्राम डुरूआ में आयुष्मान आरोग्य मंदीर भवन का निर्माण कार्य।	3368353.00	67400.00	5000.00	छः माह
2	Date of Publication of Tender on website		05.10.2024 at 12:00 AM			
3	Mode of Submission of bids		E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in			
4	Date start of submission of bids		06.10.2024 at 10:00 am			
5	Last Date/Time of submission of bids		26.10.2024 upto 03:00 pm			
6	Date of Technical & Financial Bid opening (online)		28.10.2024 upto 05:00 pm			
7	Name & Address of office inviting tender		Executive officer Nagar Panchayat, Latehar			
8	Contact No. of Procurement officer		9308707021/ 8789131804			
9	Helpline number of e-Procurement cell		9308707021/ 8789131804			

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Rajeev Ranjan)
Administrator cum
Executive Officer Nagar Panchayat, Latehar

PR 337962 Urban Development(24-25)D

ऊर्जा विभाग झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची।
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/71/2024-25** दिनांक– 04/10/2024

1.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
I	पुलिस लाईन हजारीबाग के परिसर में हाईमास्ट लाईट, बगीचा लाईट, एवं सुरक्षा लाईट के अतिरिक्त कार्य एवं पुलिस लाईट, हजारीबाग के आवासीय परिसर में रोड लाईट एवं हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य।	1,18,72,826=00	10,000=00	2,38,000=00	56 दिन
II	झारखण्ड पुलिस एकेडमी के नये परिसर, पिछे स्थित प्रेड गाउण्ड, मेस 2, 3 एवं 4 में हाई मास्ट लाईट, सुरक्षा लाईट, पाथम लाईट के अधिष्ठापन एवं जैप के नये परिसर के सुरक्षा लाईट के अतिरिक्त कार्य।	1,09,46,031=00	10,000=00	2,19,000=00	56 दिन
2.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	08.10.2024			
3.	निविदा जमा करने की तिथि	09.10.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 16.10.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक			
4.	निविदा खोलने की तिथि	17.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में			
5.	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।			
6.	निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	मुख्य विद्युत अभियन्ता, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉची।			
7.	ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल	0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com			

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 338025 Energy(24-25)D

गुमला सदर अस्पताल में शुरू हुआ थैलेसीमिया सेंटर

सिकल सेल अनीमिया और थैलेसीमिया के मरीजों को मिलेगी बेहतर चिकित्सकीय सुविधा

- सांसद सुखदेव भगत ने किया उद्घाटन, उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और सिविल सर्जन रहे मौजूद
- एनजीओ 'द विशिंग फैक्ट्री' के सहयोग से मिलेगा निःशुल्क इलाज
- सेंटर में बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं, सकारात्मक वातावरण और मानसिक सहारा प्रदान करने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर अस्पताल में शुक्रवार को थैलेसीमिया सेंटर के रूप में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा का उद्घाटन किया गया। जिले के थैलेसीमिया और सिकल सेल अनीमिया से पीड़ित मरीजों, खासकर बच्चों को बेहतर उपचार और मानसिक सहारा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गुमला एवं एनजीओ 'द विशिंग फैक्ट्री' के संयुक्त प्रयास से स्थापित इस सेंटर में थैलेसीमिया और सिकल सेल अनीमिया के मरीजों में ब्लड ट्रांसफ्यूजन सुलभ हो सकेगा। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने सेंटर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, सिविल सर्जन नवल कुमार, द विशिंग फैक्ट्री के चेयरमैन राजेश ठाकुर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी, मरीज और आम नागरिक उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह सेंटर जिले के बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और जरूरतमंद मरीजों तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और 'द विशिंग फैक्ट्री' का यह कदम प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं 'द विशिंग फैक्ट्री' की संयुक्त पहल से गुमला जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र के मरीजों को राहत मिलेगी एवं इस सेंटर में अपने सगे परिजनों की तरह डॉक्टर एवं नर्स मरीजों की देखभाल करेंगे। उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की इस पहल एवं 'द विशिंग फैक्ट्री' के सहयोग से प्रारंभ किये गये इस सेंटर के लिए उनके प्रति कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे लोहरदगा संसदिय क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों में भी इस प्रकार के सेंटर स्थापित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके द्वारा सांसद मद से भी हरसंभव सहायता राशि इस सेंटर की बेहतरी के लिए प्रदान की जायेगी। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सेंटर की विशेषताओं और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सेंटर बच्चों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण में चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। 'द विशिंग फैक्ट्री' के सहयोग से गुमला जिले को यह विशेष स्वास्थ्य सुविधा मिलना एक गौरव की बात है। यह संगठन पार्थ ठाकुर की सोच का परिणाम है, जिन्होंने स्वयं थैलेसीमिया और सिकल सेल अनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों का सामना किया था। वे भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, परंतु उनकी सोच को आगे बढ़ाते हुए आज यह संगठन देश भर में 10 थैलेसीमिया सेंटर का संचालन कर रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने भी 'द विशिंग फैक्ट्री' के सहयोग के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित थैलेसीमिया -सिकल सेल के मरीजों को उनके डॉक्टरों एवं नर्स का भी परिचय दिया।

सेंटर की विशेषताएं

बच्चों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया यह सेंटर पांच बेड की सुविधा के साथ आता है।

चाइल्ड-फ्रेंडली वातावरण जिसमें टीवी और खेलने की चीजें उपलब्ध करायी गयी हैं। मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए उन्हें एक सकारात्मक माहौल प्रदान करने का प्रयास किया गया है। सेंटर में डेडीकेटेड नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध होंगे, जो मरीजों को लगातार देखभाल और आवश्यक सेवाएं प्रदान करेंगे। इस सेंटर की स्थापना से गुमला जिले के मरीजों को अब बेहतर चिकित्सकीय देखभाल मिलेगी और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा।

देश भर में 10 सेंटर चला रहा है एनजीओ 'द विशिंग फैक्ट्री'

एनजीओ 'द विशिंग फैक्ट्री' की स्थापना पार्थ ठाकुर द्वारा, जब उनकी उम्र लगभग 19 साल की थी, तब की गयी थी, जो स्वयं थैलेसीमिया और सिकल सेल अनीमिया के मरीज थे। उनका सपना था कि हर थैलेसीमिया मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें और किसी भी मरीज को अपनी बीमारी के कारण अकेलापन महसूस न हो। उनके निधन के बाद भी उनकी सोच को एनजीओ द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। इस संगठन के साथ मिलकर देशभर के अलग-अलग जिलों में 10 सेंटर संचालित किये जा रहे हैं। संस्था के चेयरमैन राजेश ठाकुर द्वारा वर्तमान में उक्त संस्था का संचालन किया जा रहा है। अब गुमला भी इस पहल का हिस्सा बन चुका है।

गुमला जिले के 41 खिलाड़ियों में 22 लाख का वितरण

गुमला (आजाद सिपाही)। खिलाड़ी सम्मान समारोह (नगद पुरस्कार राशि वितरण) के तहत गुमला जिले के 41 राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के बीच 22 लाख रुपये का वितरण किया गया। खिलाड़ियों को पेयजल स्वच्छता, पर्यटन, कला-संस्कृति और खेलकूद व युवा मामलों के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने पुरस्कार राशि सौंपी। रांची के बाद गुमला जिला के सबसे अधिक खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि मिली है। इनमें एथलेटिक्स के दो, हॉकी के चार, फुटबॉल के 34 और रग्बी के एक खिलाड़ी शामिल हैं।

डीएवी पब्लिक स्कूल में 'वर्ल्ड एनीमल डे'

गुमला (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में शुक्रवार को 'वर्ल्ड एनीमल डे' मनाया गया। इसमें नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण एवं वन्य जीवों के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने एवं उनके प्रति संवेदनशील बनाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों ने एनीमल परेड किया। मास्क मेकिंग कंपीटिशन में कक्षा प्रथम ए के मितांश राज, अनन्या सिंह और रेयांश मंत्री तथा परी कुमारी, कक्षा प्रथम बी की अनाया इफ्फत और अलीजा नाज,यश्वी साबू और नूतन, सुमैरा और रूही, कक्षा द्वितीय ए के लाल अपूर्व नाथ शाहदेव, कृतिश्री बघेल तथा श्रेष्ठ शुक्ल, द्वितीय बी की नव्या नवीन, उसी कुमारी, संगम कुमार और दक्षित उरांव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्षिता कुमारी, मोनिका कुमारी, निशा जयसवाल, प्रज्ञा पल्लवी, सुधांशु देवघरिया, छवि कृति, तनुश्री, अमृता प्रिया, सुमन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

बसिया में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आज

बसिया (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बसिया की एक बैठक पांच अक्टूबर को प्रखंड सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। यह जानकारी रतिया इंदवार और सुजीत टेटे ने संयुक्त रूप से दी।

चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप कल गुमला में

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप रविवार छह अक्टूबर को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। वह सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच और उनका इलाज किया जायेगा।

हथियार के बल पर लूट की योजना बना रहे सात गिरफ्तार

गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र के बंगरू पहाड़ के पास से पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। वे हथियार के बल पर लूट की योजना बना रहे थे। इनके पास से एक देसी पिस्तौल, दो देसी कट्टे और कारतूस बरामद किया गया है। बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि सात से आठ लोग बंगरू पहाड़ के पास हथियारों से लैस होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं। समय पर की गयी कार्रवाई के चलते पुलिस इन्हें पकड़ने में सफल हो सकी, जिससे एक बड़ी घटना टल गयी। गिरफ्तार लोगों में से तीन का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। इनके गिरोह में छत्तीसगढ़ के अपराधी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

भूषण बाड़ा को जिताने और फिर से गठबंधन की सरकार बनाने की अपील

पालकोट (आजाद सिपाही)। युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का ने तपकरा पंचायत के अंतर्गत रेवड़ा और पोजेंगा लामदोन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव में वर्तमान विधायक भूषण बाड़ा को जिताने और फिर से गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार आप सभी के कल्याण हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ला रही है। सभी को जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर विशेष रूप मुखिया कांति केरकेट्टा, सुजीत बिलुंग, संजय केरकेट्टा, जेरोम केरकेट्टा, बेंजामिन केरकेट्टा, मनोज केरकेट्टा, शुक्र उरांव, भंवरा उरांव, बिरसा पहन, ठेपइ पुजार, चामू बड़ाइक, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सचिव ने पीएलवी के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिया

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देशानुसार अवर न्यायाधीश सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता के द्वारा पीएलवी के साथ मासिक बैठक सह ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव ने पीएलवी को अपने-अपने क्षेत्र पर मन लगाकर कार्य करने को कहा जिससे गरीब, असहाय वर्गों को लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रखंड ,थाना,बाल कल्याण समिति आदि जगहों पर आपको सेवा के लिए लगाया गया है। आप लोगों को सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढाओ, महिला सशक्तिकरण ,वाहन दुर्घटना, डायन बिसाही प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम ,बच्चों से संबंधित कानून आदि की जानकारी दें। स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लास का आयोजन कर बच्चों को मूल अधिकार एवं कर्तव्य तथा अन्य कानूनी जानकारी दें। गरीब असहाय लोगों का ब्लॉक ,थाना आदि जगहों पर मदद करें। उसके कार्य संबंधित पदाधिकारी से मिलकर उनका कार्य करने में उनका मदद करें। जरूरत पड़ने पर डीएलएसए में आवेदन दें ताकि हम भी उनका मदद कर सकें। मानव तस्करी, बाल विवाह पर भी नजर रखें समाज को इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पीएलवी डीएलएसए का महत्वपूर्ण पाठ है जो लोगों को न्याय दिलाने हक दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। बैठक में मुख्य रूप से पीएलवी सोमनाथ उरांव, दीपक कुमार,अमृता कुमारी, बुकसाय उंराव, लक्ष्मण मोची, विष्णु रौतीया, नवीना साहू, सुंदर मुनी बरला, तेतरू उरांव, बुकसाय खेरवार, बीना कुमारी, शिव कुमारी आदि उपस्थित थे।

कामडारा प्राइज मनी फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना ब्लैक पैंथर

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। कामडारा रौतिया समाज द्वारा आयोजित प्राइज मनी दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट कामडारा प्रखंड के तुरबुल गांव में आयोजित किया गया। इसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इनमें झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा की टीमें शामिल थीं। सुकुरडा एफसी की टीम ने सिंह ब्रदर्स तुरबुल को 5-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि फाइनल की दूसरी टीम ब्लैक पैंथर ने झारखंड एक्सप्रेस को 3-2 से हराया। फाइनल मैच सुकुरडा एफसी और ब्लैक पैंथर के बीच हुआ। इसमें ब्लैक पैंथर ने 1-0 से जीत हासिल कर प्राइज मनी टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार दिगंबर सिंह द्वारा और तथा द्वितीय पुरुस्कार बसंत सिंह द्वारा दिया गया। प्रथम पुरस्कार बीस हजार और दूसरा पुरस्कार दस हजार रुपये था। इसके अलावा भागीरथ सिंह, तिलक सिंह, लालदेव सिंह और लखन सिंह ने सांत्वना पुरस्कार सिंह ब्रदर्स तुरबुल और झारखंड एक्सप्रेस को दिया। प्रतियोगिता के आयोजन में शशि सिंह, पवन सिंह, विवेक सिंह, रंजीत, दीपक, संदीप, जगदीश, पिंटू और अन्य सदस्यों ने प्रमुख भूमिका निभायी।

कामडारा बीडीओ के चालक को छह माह से मानदेय नहीं, आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

कामडारा। प्रखंड कार्यालय कामडारा में बीडीओ के चालक के रूप कार्यरत पेत्रुस केरकेट्टा को पिछले छह माह से मानदेय नहीं मिला है। इस कारण उनके समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी है। उन्होंने बताया कि वह पिछले 20 साल से कामडारा प्रखंड में बीडीओ के चालक के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। वर्ष 2022 मे वह राइडर एजेंसी से जुड़ गये और नियमित रूप से अपनी सेवा दे रहे हैं। पिछले छह माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उनकी पत्नी कैंसर से ग्रसित है। पैसे के अभाव उसका इलाज नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने बीडीओ निशा तिर्की से शीघ्र मानदेय दिलाने की मांग की है। इधर प्रखंड के नाजिर से इस संदर्भ में बातचीत की गयी, तो उन्होंने बताया कि अप्रैल तक के मानदेय के लिए विभाग को बिल बनाकर भेज दिया गया है। इसके बाद से अब तक और कोई आवंटन नहीं आया है।

फर्जी ग्राम सभा को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पूसो थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्री गांव के ग्राम प्रधान जोहन उरांव ने शुक्रवार को जिला खानदान पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर फर्जी ग्राम सभा को निरस्त करने की मांग की है। सौंपे ज्ञापन में बताया कि दिनांक 3 अक्टूबर को गांव के बालू घाट बर्री के लिए फर्जी और असंवैधानिक तरीके से बालू माफियाओं द्वारा ग्राम प्रधान को डरा धमकाकर और झूठ बोलकर कागज में हस्ताक्षर कर लिया गया। जिसकी जानकारी देर से ग्रामीणों को मिली। बताया कि क्षेत्र में बालू माफिया अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से करते हैं।

ग्राम प्रधान ने खनन पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि असंवैधानिक तरीके से बालू माफिया द्वारा ग्राम सभा बिना किए डरा धमका कर हस्ताक्षर कराया है।उसे निरस्त करते हुए पुनः संवैधानिक तरीके से ग्राम सभा कराया जाए।

मंईयां सम्मान का पैसा नहीं मिलने पर बीडीओ से संपर्क करें लाभुक

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर के बीडीओ यादव बैठा ने कहा है कि मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन करने वाले लाभुक, जिनके खाते में अभी तक पैसा नहीं आया है, प्रखंड कार्यालय आकर उनसे मुलाकात करें। यह योजना झारखंड राज्य की गरीब परिवार की महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए चलायी गयी है। उन्होंने बताया कि मंईयां सम्मान योजना की राशि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि के कारण खाते में नहीं आ रही है, जिसका सुधार तुरंत कराया जायेगा। उन्होंने लाभुकों से अपील की है कि वे अपने दस्तावेज के साथ प्रखंड कार्यालय आकर उनसे मिलें, ताकि उनकी समस्या का समाधान किया जा सके।

सांसद ने किया कुजाम और गुरदरी माइंस का दौरा, सुविधाओं की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने गुरुवार को कुजाम एवं गुरदरी माइंस का दौरा किया। वह हिंडाल्को के रैयतों से मिले। उन्होंने रैयतों एवं मजदूरों को हिंडाल्को द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने संसद का स्वागत पारंपरिक वाद्य यंत्रों से किया और अपनी समस्याएं रखीं। बाद में सांसद ने बिशुनपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिंडाल्को कंपनी ने रैयतों की जमीन ली है। रैयत इस उम्मीद से जमीन कंपनी को देते हैं कि उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में बदलाव आ सके। लेकिन जिन्होंने अपनी जमीन दी है, उन्हें उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। नियम के अनुसार रैयतों को मुआवजा एवं नौकरी भी दी जानी है। रैयत खदान में सिर्फ मजदूर बनकर रह गये हैं। यहां तक की कुछ इंटर पास और स्नातक युवक भी खदान में मजदूरी का काम कर रहे हैं। वहीं रैयतों को अपना ट्रक कंपनी में चलाने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएट युवक मजदूर का काम कर रहा है। कंपनी को चाहिए था कि पाठ क्षेत्र के लोगों को प्रशिक्षण देकर उनकी स्थिति मजबूत करने में मदद करे, लेकिन कंपनी सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। उन्होंने कहा कि पाठ क्षेत्र के रैयत अपनी जमीन देकर भी पुरानी स्थिति में रहेंगे, तो फिर जमीन देने का क्या फायदा। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र भ्रमण का उद्देश्य दिशा की बैठक में माइंस क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखते हुए प्रशासन से निदान कराने का है। इसके लिए लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं को जानना जरूरी था।

अवध उत्खनन पर लगायी जायेगी रोक

सांसद ने अवैध बॉक्साइट उत्खनन के संबंध में कहा कि वह कोल, स्टील एवं माइंस संबंधी संसदीय समिति के सदस्य हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए अवैध उत्खनन पर कैसे रोक लगे, इस पर भी मैं विशेष प्रयास करूंगा, ताकि यहां के लोगों को इसका फायदा मिल सके।

मौके पर प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, मोती चौबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, महात्मा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

एक सौ विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए

घाघरा (आजाद सिपाही)। चिल्ड्रेन एजुकेशन एकेडमी प्लस टू स्कूल घाघरा के एक सौ विद्यार्थियों शुक्रवार को शैक्षणिक भवन के लिए रवाना हुए। इस दौरान विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने बताया कि विद्यालय से लगभग एक सौ विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए उड़ीसा के पुरी, कोणार्क मंदिर, चिल्का झील, नंदनकानन, धौलागिरी व चंद्रभागा इन सभी जगह पर ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय से छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बाहर ले जाया जाता है ताकि छात्र प्रसिद्ध स्थलों का दर्शन करे। उनमें मानसिक विकास हो जो किताबी ज्ञान से बेहतर होता है।

आनंदपुर बरिसा में सीआरपीएफ जवान को मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला शहर से सटे आनंदपुर बरिसा गांव में गुरुवार की रात 9:30 बजे एक व्यक्ति गोविन्द चिक बड़ाइक ने अपने पड़ोसी सीआरपीएफ का जवान अरविंद गिद्ध पर चाकू से हमला कर उसके पैर में दो बार काट दिया। जिसके बाद परिजन तत्काल घायल जवान को सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज किया गया जानकारी के मुताबिक गांव का ही गोविंद बड़ाइक किसी बात को लेकर अपनी पत्नी और बच्चों को मारपीट कर रहा था बच्चे घर से निकलकर इधर उधर भागने लगे तभी जवान बच्चों को भागता देख उनके घर पहुंचा और गोविंद को काफी समझाया बुझाया और शोर गुल और मारपीट करने से मना किया। इसके बाद अरविंद अपने घर चला आया थोड़ी देर बाद गोविंद चाकू लेकर उसके घर पहुंचा और उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा मारपीट के क्रम में गोविंद ने पॉकेट से चाकू निकाला और उसके पैर में दो बार हमला कर दिया। जिससे जवान घायल हो गया जानकारी पर गुमला थाना की पुलिस गांव पहुंची और आरोपी को पकड़ कर गुमला थाना ले गयी। जवान ने थाना में केस करने की बात कही है।

हत्या मामले में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के नवाडीह काशी टोली निवासी रति उरांव को गुमला पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2014 में डायन बिसाही में शक को लेकर युवक ने अपने ही चाचा 65 वर्षीय बिरसो देवी की लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दिया था। घटना के कुछ दिनों बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 2 वर्ष जेल में रहने के बाद वह बेल पर जेल से बाहर निकला था। वह लम्बे समय से कोर्ट में हाजिरी नहीं दे रहा था। कई बार कोर्ट द्वारा उसे नोटिस दिया गया। लेकिन वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ।

तीन महीने से अंधकार में है शमशेरा फागुटोली

इलाके के लोग हैं परेशान, मिशन बदलाव ने उठाया मुद्दा बच्चों की पढ़ाई बाधित, प्रशासन और जन प्रतिनिधि मौन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव के जिला अध्यक्ष बिनोद साहू के नेतृत्व में एक टीम कलिगा थाना क्षेत्र के शमशेरा फागु टोली पहुंची। इस गांव में पिछले तीन महीने से बिजली नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि तीन महीने पहले ट्रांसफार्मर जल गया था। उसे अब तक बदला नहीं गया है। बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं। उन्हें केरोसिन भी नहीं मिलता है। सबसे अधिक समस्या बच्चों को हो रही है, क्योंकि उनकी पढ़ाई बाधित है। गांव में करीब एक सौ बच्चे हैं। ग्रामीणों को मोबाइल चार्ज करने में भी परेशानी हो रही है। वनोद साहू को ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बीडीओ को आवेदन भी दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मिशन बदलाव के अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं पर न तो अधिकारी ध्यान देते हैं और न जन प्रतिनिधि। यह बहुत गंभीर है। उन्होंने तत्काल समस्या के समाधान की मांग की है। मिशन बदलाव की टीम के दौरे के दौरान नेहरू सिंह, देवचरण दास, फिरूं खड़िया, पुणा लोहरा, जोगी खड़िया, चैतन्य सिंह, विशु लोहरा, सुरेंद्र लोहार, शिव मोरका, सुरेंद्र लोहार, संतोष साहू, शागी खड़िया, सोनमत देवी, कलावती देवी, हेमंती देवी, मनोज खड़िया, दीपक दास, समुंदर सिंह, पंचू सिंह, राजकुमार खड़िया आदि उपस्थित थे।

पांकी विधायक ने किया तोरणद्वार का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। तरहसी प्रखंड के मंझोली के झालखंडी धाम में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को तोरण द्वार का भूमि पूजन के साथ शिलान्यास किया। इस अवसर विधायक ने कहा कि झालखंडी मंदिर के पास तोरण द्वार बनाया जाएगा। जिसका आज शिलान्यास किया गया है। इस धार्मिक स्थल में पंहुचने के लिए बाहरी श्रद्धालुओं को तरह-तरह की परेशानीयों का सामना करना पड़ता था। जिसके चलते यहां तोरण द्वार का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। तोरण द्वार बन जाने के बाद ऐतिहासिक धार्मिक स्थल पंहुचने में श्रद्धालुओं को आसानी होगी। कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। बहुत जल्द दर्जनों सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मुखिया पति अनुज सिंह, समाजसेवी कमेश यादव, कार्तिक सिंह, सुधीर तिवारी आदि मौजूद थे।

दुर्गापूजा को लेकर हरिहरगंज व पीपरा में पुलिस का फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। विधानसभा चुनाव और शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर हरिहरगंज और पीपरा पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में काफी चुस्त-दुरुस्त दिख रही है। इसे लेकर वरीय प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर गुरुवार को हरिहरगंज बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार सिन्हा, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार और शुक्रवार को पीपरा में सीओ जितेंद्र कुमार व थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से दशहरा पर्व सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मानने की अपील की। कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। संदिग्ध व अराजक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कहा कि सभी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। फ्लैग मार्च में एसआई शशि शेखर पांडेय, सुनील कुमार झा, एएसआई मनोज कुमार दास आदि शामिल थे।

सीसीटीवी से रखी जायेगी पंडालों पर नजर

बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)। दुगार्पूजा को लेकर बोकारो थर्मल थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने किया। बैठक में बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के दुर्गापूजा समिति के चार लाइसेंसधारी और दो बिना लाइसेंसधारी कमेटी सदस्य मौजूद रहें। जिसमें बोकारो थर्मल पंच मंदिर, बोकारो क्लब, डीवीसी ऑफिसर्स क्लब एवं सीसीएल फेज टू, कथारा और जरंगडीह पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में बीडीओ ने कहा कि बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द के साथ पूजा मनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं, डीवीसी अधिकारी से सड़क एवं बिजली की समस्या पर बात किए व कथारा मोड़ हनुमान मंदिर के समीप जर्जर सड़क की मरमति को लेकर सीसीएल के कथारा जीएम से भी बात कर समस्या का समाधान जल्द करवाने का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों ने भी पूजा शांति पूर्वक संपन करवाने से संबंधित अपने-अपने सुझाव दिए। बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित दुगार्पूजा समिति के सदस्यों को सरकारी आदेश को सभी लोगों के सामने पढ़ कर सुनाया। पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पंडाल के अगल बगल देखने पर तुरंत थाना को सूचना देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर थाना के बैजून मरांडी सहित बाबू लाल गिरी, जानकी महतो, आरएस पांडेय, भुनेश्वर प्रसाद साव, मोतीलाल महतो, नरेश महतो, संजय सिंह, खिरोधर महतो, मंजूर आलम, अख्तर खान, भागीरथ शर्मा, हरदीप कुमार, मनिरुद्दीन अंसारी, अख्तर अंसारी आदि उपस्थित थे।

जमीन विवाद में गोलीबारी, 3 घायल

एक की हालत गंभीर, 1989 से चल रहा जमीन विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना अंतर्गत मझिगांवा में जमीन विवाद को लेकर तीन लोगों को गोली मार दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घायलों की पहचान अखिलेश चौरसिया, सूर्यदेव प्रसाद और सुरेंद्र चौरसिया के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सभी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां सूर्यदेव प्रसाद को प्राथमिरक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में रेफर करने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने छत से दूसरे पक्ष पर फायरिंग की। इस गोलीबारी में अखिलेश चौरसिया, सूर्यदेव प्रसाद और सुरेंद्र चौरसिया को गोली लगी। सूर्यदेव प्रसाद को गले में गोली लगी है, जिससे उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है।

1989 से चल रहा जमीन का विवाद

घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये और पूरे मामले की छानबीन में जुट गये। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंचे हैं। उधर, घायल सूर्यदेव प्रसाद ने बताया कि 1989 से जमीन का विवाद चल रहा है। शुक्रवार को विवादित जमीन पर जुताई करने गये थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी। इससे पहले गुरुवार को दूसरे पक्ष ने अपने हिस्से की जुताई की थी। उसके बाद दोनों पक्षों में तनाव का माहौल बना हुआ था।

जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणित-विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को गणित-विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में नित्य नए प्रयोगों को लेकर आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एके सिंह डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सतीश सिंह, अशोक सिंह, राहुल सिंह, डॉ मलय राय, विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के संरक्षक दिनेश जी कश्यप, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय और प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से किया। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में नित्य नए हो रहे खोज और अनुसंधान ने मानव जीवन को सरल बना दिया है। इस तरह का आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान विषय से जुड़ी मन में छिपी जिज्ञासाओं को बाहर लाती है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए एक से बढ़कर एक मॉडलों की तारीफ की। वहीं, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने बताया कि इस प्रदर्शनी में गणित के 53 और विज्ञान के 65 प्रदर्शन शामिल थे। कहा कि विद्या भारती प्रतिवर्ष ऐसे मेले का आयोजन कर बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना चाहती है।

उधर, निर्णायक टीम ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से उनके द्वारा बनाए गए मॉडल एवं चार्ट से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका विद्यार्थियों ने जवाब दिया। प्रदर्शनी में अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। निर्णायक की भूमिका में अवकाश प्राप्त शिक्षक सतीश सिंह, राहुल सिंह, रंजीत मिश्र, दीपक पाण्डेय, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक आदि के साथ विद्यालय के गणित और विज्ञान आचार्य भी रहे। वहीं, प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित करते हुए उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

पुलिस व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में करें नियमित फ्लैग मार्च: उपायुक्त

विधानसभा चुनाव को लेकर आइएलएमएस एप का दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप से संबंधित समाहरणालय सभागार में विभिन्न बीडीओ, सीओ व अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने बड़े स्क्रीन पर आईएलएमएस ऐप को डाउनलोड कर सभी को ऐप के विभिन्न तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ऐप में छह अलग-अलग विंडो है। पहला विंडो लाइब्रेरी है जिसमें एलेक्शन्स मैन्युअल, लैंडमार्क जजमेंट, चेकलिस्ट, विभिन्न विषयों पर संशोधन आदि के मैनुअल्स है। इन्हें अपने आवश्यकतानुसार अवलोकन किया जा सकता है। वीडीओ वाले सेक्शन में चुनाव से जुड़े विभिन्न तरह के वीडीओ, असेसमेंट में क्विज आदि का टेस्ट लिया जा सकता है। इसी तरह उन्होंने वेबसाइट, रिव्यू, लाइव टेस्ट आदि पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

दूसरी ओर, डीसी ने सभी बीडीओ-सीओ को दुगार्पूजा के मद्देनजर अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में सभी को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को अलर्ट मोड में रहने की बात कही। सभी को अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया।

घूस लेता मुखिया पति रंगे हाथ हुआ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

नावाडीह। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने शुक्रवार को अबुआ आवास योजना के लाभुक से रिश्वत लेते हुए चपरी पंचायत के मुखिया पति सुंदर महतो को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चपरी पंचायत के नवाटांड़ ग्राम की निवासी धुजा सिंह की पत्नी को अबुआ आवास योजना का लाभ मिला था। योजना के तहत पहली किस्त के भुगतान के बाद मुखिया पति ने घर बनाने के बदले 30 हजार रुपये रिश्वत देने की मांग की। बार-बार पैसे की मांग और दबाव के चलते लाभुक ने एसीबी धनबाद से संपर्क किया। लाभुक की शिकायत पर एसीबी ने जाल बिछाया और बैंक ऑफ इंडिया परिसर में सुंदर महतो को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद नावाडीह क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

ओवरलोडिंग हाईवा परिचालन को लेकर बेरमो सीओ के साथ ग्रामीणों की बैठक

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग पिछरी, तातरी मानगो, तुपकाडीह व खुंटरी के ग्रामीणों ने उक्त मार्ग से ओवरलोड छाई और कोयला लदा हाईवा के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए 30 सितंबर से ट्रांसपोर्टिंग बंद करवा दी थी। हालांकि एक अक्टूबर को पेटरवार थाना प्रभारी द्वारा प्रदूषण की समस्या को लेकर चार अक्टूबर को त्रिपक्षीय वार्ता करने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया था। इसके लिए पूर्व में अपनी 8 सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंप थी। जिसके आश्वासन के बाद शुक्रवार को फुसरो स्थित बेरमो अंचल कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ संजीत कुमार सिंह ने की। इसमें ग्रामीणों ने आठ सूत्री मांग पर चर्चा करते हुए फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में हाईवा द्वारा कोयला और छाई के ट्रांसपोर्टिंग से हो रही प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटना पर विचार रखा। साथ ही अविलंब समाधान करने की बात की। जिसके बाद बेरमो सीओ ने कहा कि सभी हाईवा में रूट चार्ट लगाना अनिवार्य होगा और वाहन परिवहन नियम का अनुपालन करते हुए कोयला और छाई ढुलाई कार्य करेंगे। ओवर लोड हाईवा वाहन नहीं चलेगी। ऐसा नहीं करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रपत्र VII

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांकः–1233/भू0अ0 दिनांकः– 01.10.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना– कठौतिया शिवपुर न्यू बी0 जी0 रेलवे लाईन** हेतु ग्राम– **एदला**, थाना नं0– **164**, थाना– **सिमरिया**, अंचल– **सिमरिया**, जिला– **चतरा** में कुल रकबा **0.93** एकड़ यानि **0.37636** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.93** एकड़ यानि **0.37636** हेक्टेयर है और जो ग्राम– **एदला**, थाना नं0– **164**, थाना– **सिमरिया**, अंचल– **सिमरिया**, जिला– **चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना			
							उ0	द0	पू0	प0
1	16	1756	रैयती	निजी	0.12	रामचन्द्र साव पिता–स्व0 बुधन साव वो प्रमेश्र साव वगैरह पिता–स्व0 निरंजन साव	प्लॉट सं0 1760	प्लॉट सं0 1757	प्लॉट सं0 1759	प्लॉट सं0 1755
2	16	1760	रैयती	निजी	0.06	धनेश्वर प्रजापति पिता–स्व0 हुसैनी प्रजापति	प्लॉट सं0 1760	प्लॉट सं0 1756	प्लॉट सं0 1759	प्लॉट सं0 1760 का शेष
3	16	1767	रैयती	निजी	0.01	जुट्टी साव पिता–स्व0 मोहन साव	प्लॉट सं0 1767 का शेष	प्लॉट सं0 1790	प्लॉट सं0 1790	प्लॉट सं0 1767 का शेष
4	16	1779	रैयती	निजी	0.0633	छोटेलाल साव वगैरह पिता–स्व0 बोधा साव	प्लॉट सं0 1780	प्लॉट सं0 1790	प्लॉट सं0 1780	प्लॉट सं0 1779 का शेष
5	16	1779	रैयती	निजी	0.0633	लिलेश्वर साव पिता–स्व0 रितल साव	प्लॉट सं0 1780	प्लॉट सं0 1790	प्लॉट सं0 1780	प्लॉट सं0 1779 का शेष
6	16	1779	रैयती	निजी	0.0634	देवचरण साव पिता–स्व0 भुखल साव	प्लॉट सं0 1780	प्लॉट सं0 1790	प्लॉट सं0 1780	प्लॉट सं0 1779 का शेष
7	101	1790	रैयती	निजी	0.06	उतीम साव पिता–स्व0 लंगर साव	प्लॉट सं0 1789	प्लॉट सं0 1759	प्लॉट सं0 1791	प्लॉट सं0 1760
8	269	1822	रैयती	निजी	0.06	छोटेलाल साव वगैरह पिता–स्व0 बोधा साव, लिलेश्वर साव पिता–रितल साव देव चरण साव पिता–भुखल साव	प्लॉट सं0 1823	प्लॉट सं0 1821	प्लॉट सं0 1817	प्लॉट सं0 1822 का शेष
9	271	1909	रैयती	निजी	0.17	धनेश्वर प्रजापति पिता–स्व0 हुसैनी प्रजापति	प्लॉट सं0 1907	प्लॉट सं0 1898	प्लॉट सं0 1907 एवं प्लॉट सं0 1907 का शेष	प्लॉट सं0 1910
10	271	1966	रैयती	निजी	0.05	चरक भुईयां वगैरह पिता–स्व0 माधो भुईयां	प्लॉट सं0 1963	प्लॉट सं0 1966 का शेष	प्लॉट सं0 1966 का शेष	प्लॉट सं0 1963 का शेष
11	271	1894	रैयती	निजी	0.01	मसोमात धनिया देवी पति–स्व0 बासुदेव साव	प्लॉट सं0 1791	प्लॉट सं0 1894 का शेष	प्लॉट सं0 1894 का शेष	प्लॉट सं0 1759
12	20	1907	रैयती	निजी	0.08	धनेश्वर प्रजापति पिता–स्व0 हुसैनी प्रजापति	प्लॉट सं0 1962	प्लॉट सं0 1907 का शेष	प्लॉट सं0 1907 का शेष	प्लॉट सं0 1912
13	162	1910	रैयती	निजी	0.02	द्वारिका प्रजापति पिता–जेठन प्रजापति	प्लॉट सं0 1911	प्लॉट सं0 1907 का शेष	प्लॉट सं0 1907 का शेष	प्लॉट सं0 1812
14	162	2043	रैयती	निजी	0.07	गोपाल ठाकुर पिता–स्व0 भुनेश्वर ठाकुर	प्लॉट सं0 2042	प्लॉट सं0 2045	प्लॉट सं0 2043 का शेष	प्लॉट सं0 2044
15	162	2043	रैयती	निजी	0.03	प्रधान ठाकुर वो पैरू ठाकुर पिता–स्व0 डोमन ठाकुर	प्लॉट सं0 2042	प्लॉट सं0 2045	प्लॉट सं0 2043 का शेष	प्लॉट सं0 2044
			Total		0.93					

संरचना का विवरण

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	संरचना	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना			
						उ0	द0	पू0	प0
16	271	1909	रैयती	मकान ईंट एस्बेस्टस छत लं0 X चौ0 39' X 17'5"	धनेश्वर प्रजापति पिता–स्व0 हुसैनी प्रजापति	प्लॉट सं0 1907	प्लॉट सं0 1898	प्लॉट सं0 1907	प्लॉट सं0 1910
17	125	1960	रैयती	मकान 17' X 70' सीट 10' X 15' ईंट का मकान एस्बेस्टस सीट	बासुदेव साव पिता–स्व0 लालजी साव एवं अन्य	–	–	–	–

वृक्ष का विवरण

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भूखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	वृक्ष	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा संरचना			
						उ0	द0	पू0	प0
18	20	1929	रैयती	आम–01, कटहल–01	कौड़ी मलहोर पिता–स्व0 कैलु मलहोर	–	–	–	–
19	125	1960	रैयती	महुआ–02 सखुआ–01	बासुदेव साव पिता–स्व0 लालजी साव	–	–	–	–

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यस्थापन के लिए संभावित परिवारो की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

ग्राम–X, थाना–X थाना सं0–X अंचल–X, जिला–X क्षेत्रफल X एकड़ X यानि X हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैः–X

उपायुक्त,
चतरा

PR 338029 Land Reforms (24-25)_D

स्पोर्ट्स

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी होने जा रही है। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ, जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी।

हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद होगी वापसी, 28 दिसंबर से शुरू होगी प्रतियोगिता

आठ पुरुष व छह महिला टीमें लेंगी हिस्सा, रांची व राउरकेला में होंगे मैच

नई दिल्ली (एजेंसी)। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद दिसंबर में नए स्वरूप में वापसी होगी। जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ, जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। लीग का आयोजन 28 दिसंबर 2024 से पांच फरवरी 2025 तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक बोर्ड पर आए हैं। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये में की जाएगी। 2024 संस्करण में आठ पुरुष टीमें झारखंड और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि छह महिला टीमें रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेलेंगी। पंजाब, हरियाणा और नई दिल्ली जैसे क्षेत्रों के फ्रेंचाइजी मालिक 13 से 15 अक्तूबर तक नई दिल्ली में खिलाड़ियों की नीलामी में भाग लेंगे, जहां वे आगामी सत्र के लिए अपनी टीम का चयन करेंगे। टिर्की ने पुष्टि की कि एफआईएच ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर पर लीग के महत्व को पहचानते हुए 35 दिन की विशेष विंडो आवंटित की है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि लीग 2017 में अपने पिछले संस्करण के बाद से वित्तीय मुद्दों के कारण निष्क्रिय थी, जिसमें केवल पुरुषों की टीमें शामिल थीं और इसे होम और अवे प्रारूप में आयोजित किया गया था।

फ्रेंचाइजी मालिक 13 से 15 अक्तूबर तक नई दिल्ली में खिलाड़ियों की नीलामी में लेंगे भाग

धनबाद को सौगात : मटकुरिया से आरा मोड़ तक फ्लाई ओवर निर्माण का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने किया काको चौक से गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का उद्घाटन

काको चौक-बिनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का ऑनलाइन उद्घाटन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व मौके पर मौजूद विधायक मथुरा महतो, डीसी व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची में आयोजित एक समारोह में झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार की ओर से निर्मित काको चौक-बिनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग तक 8 लेन सड़क का ऑनलाइन उद्घाटन किया। साथ ही मटकुरिया से आरा मोड तक फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास भी किया। उधर, उद्घाटन व शिलान्यास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा 8 लेन सड़क पर स्थित बिनोद बिहारी चौक पर समारोह आयोजित किया. जिसमें मुख्यमंत्री के समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। इस मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, डीसी माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष कुमार के अलावा पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन उद्घाटन-शिलान्यास और अभिभाषण के बाद टुंडी विधायक और डीसी ने नारियल फोड़कर 8 लेन सड़क आमजन को समर्पित किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि काको चौक-बिनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग तक 461.90 करोड़ रुपए से निर्मित 20 किलोमीटर लंबी 8 लेन सड़क जिले के लोगों के सुगम यातायात के लिए बहुउपयोगी साबित होगी। वहीं मटकुरिया से आरा मोड तक 256.54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 3.53 किलोमीटर फ्लाईओवर से शहरी क्षेत्र में ट्राफिक पर कम दबाव पड़ेगा। बतातें चलें कि रांची में आयेजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रांची, जमशेदपुर और धनबाद जिले की 3260 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद, कनीय अभियंता अनिल कुमार, सहायक अभियंता पंकज कुमार, टुंडी विधायक के प्रतिनिधि मदन महतो, डीआइओ सुनीता तुलस्यान, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

धनबाद को मिलेगी जाम से निजात: चंद्रशेखर अग्रवाल

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड की पहली आठ लेन सड़क की सौगात मिलने पर धनबाद के निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल व निगम के सभी पार्षदों ने हर्ष व्यक्त किया है। शुक्रवार को आभार कार्यक्रम आयोजित कर निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले आठ लेन सड़क का उद्घाटन किया है, जिसका सपना धनबाद नगर निगम ने देखा था। इसके शुरूआती कार्य पार्षदों और अधिकारियों ने पूरा किया था। बताया कि नगर निगम के पास पांच करोड़ रुपये से अधिक के किसी कार्य को कराने की अनुमति नहीं है, जबिक उक्त सड़क करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बनी है। इसी लिए इसका कार्य झारखंड सरकार की मदद से धनबाद नगर निगम द्वारा पूर्ण कराया गया। इस सड़क को लेकर सारा ब्लू प्रिंट धनबाद नगर निगम ने लगातार अपने पांच बैठकों के माध्यम से तैयार किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आज धनबाद के पूजा टॉकीज से पुराना बाजार तक बनने वाले फ्लाईओवर का भी शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया है। इस फ्लाईओवर में ना तो राज्य सरकार का पैसा लग रहा है और ना ही केंद्र सरकार का। इस फ्लाईओवर का निर्माण धनबाद नगर निगम अपने डीएमएफटी फंड से करेगी। इस फ्लाईओवर की परिकल्पना और सारे कार्य धनबाद नगर निगम के पार्षदों और अधिकारियों द्वारा ही किया गया है।

विधान से ही समाधान : न्यायाधीश

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। महिलाओं (विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं) के उत्थान के लिए कानूनी जागरूकता का सर्वोपरि महत्व है। वे अपने कानूनी और अन्य अधिकारों, समाज में अपनी स्थिति और समस्याओं के समाधान के बारे में अनभिज्ञ हैं। इसी कारण राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से विधान से संविधान योजना को चला रही है। जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन के सहयोग से विभिन्न ब्लॉक में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। उक्त बातें अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कही। वे शुक्रवार को निरसा ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जब तक महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं होगी और कानून को नहीं जानेंगी तब तक विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित होती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सहिया, साथीयों को एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने दहेज प्रताड़ना, पोक्सो एक्ट, भारतीय न्याय संहिता में वर्णित विभिन्न प्रावधानों के विषय में बताया। कहा कि किसी भी तरह की शिकायत नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर फोन कर अथवा डालसा को फोन कर दें। पैनल अधिवक्ता जया कुमारी ने कहा कि शिक्षा के बिना आप अपने अधिकार को प्राप्त नहीं कर सकतं हैं। मेडइएटर मीना सिन्हा ने कहा कि यदि महिला समाज में अथवा अपने घर में किसी भी प्रकार से प्रताड़ित हो रही है तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस स्टेशन में जाकर या टॉल फ्री नंबर 100 पर फोन कर दें सकती हैं। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, मेडियेटर मिना सिन्हा, पैनल अधिवक्ता जया कुमारी, अंचलाधिकारी रमेश रविदास, डालसा सहायक अरूण कुमार और राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

पंचायती राज में फंड होता तो तेजी से सुदुरू गांव का होता विकास: खुशबू

नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड के उपरघाट क्षेत्र संख्या-8 के जिला परिषद (जिप) सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने बोकारो जिला परिषद फंड से अपने क्षेत्र के नारायणपुर पंचायत के ग्राम लहिया स्थित उपरेला बांध में छठ घाट निर्माण एवं काछो पंचायत के ग्राम बुडगड़ा शिव मंदिर के सामने मोटर युक्त सोलर टंकी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कुमारी खुशबू महतो ने कहा कि झारखंड के पंचायती राज में अधिक फंड होता और पंचायत प्रतिनिधियों को मिलता तो सुदूरू गांव की तेजी से विकास हो पाता। राज्य सरकार पंचायत चुनाव कराने के बाद मौन धारण कर लेती है। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य टिकैत महतो, काछो मुखिया जलेश्वरी देवी, नारायणपुर पंसस कालेश्वर महतो, मुखिया प्रतिनिधि भेखलाल महतो, काछो उपमुखिया लोचन महतो, कपीलदेव महतो, टेकोचंद महतो, गणपत महतो, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

पहला कदम में डेफ एंड ब्लाइंडनेस जागरूकता शिविर का आयोजन

धनबाद (आजाद सिपाही)। नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में शुक्रवार को दीपशिखा रांची से डेफ एंड ब्लाइंडनेस जागरूकता शिविर और बैठक आयोजित की, जो सेंस इंडिया द्वारा आयोजित की गई थी। दीपशिखा रांची से उर्मिला सिंह और दशरथ कच्छप बैठक में शामिल हुए। उर्मिला सिंह ने बताया की सेंस इंडिया देश की ऐसी एकमात्र संस्था है जो डेफ एंड ब्लाइंड के लिए प्रोजेक्ट चलाता है। बताया कि भारत में 80 हजार डेफ एंड ब्लाइंड है। झारखंड में 2020 से स्पर्श प्रोजेक्ट रामगढ़ और रांची जिले में चलाया जा रहा है। इस जागरूकता कैंप और मीटिंग में बताया गया कि डेफ ब्लाइंडनेस व्यक्ति की पहचान और निदान कैसे की जाए। प्रशिक्षण से काफी हद तक सुधार किया जा सकता है। सेंस इंडिया की ओर से डेफ एंड ब्लाइंड बच्चों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर दे कर स्वावलंबी बनाकर सम्मान से जीने का अवसर भी देती है। वहीं, दशरथ जी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य सभी रजिस्टर्ड एनजीओ को आने लाना है, ताकि डेफ ब्लाइंड के साथ ऑटिज्म, मल्टिपल आईडी आगे आकर लीगल गार्जियनशिप और निरामया हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ उठा सकें। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया की पहला कदम नेशनल ट्रस्ट में रजिस्टर्ड है और लोकल लेवल कमेटी के सदस्य भी है। जिस कारण दिव्यांगत के क्षेत्र में उनकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे सभी आगे आए और सभी योजनाओं का लाभ उठाए।

चेक बाउंस के मामले में एक साल की सजा व सात लाख जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

तेनुघाट। व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस मामले में संडे बाजार निवासी सुशील सिंह नामक व्यक्ति को एक साल की सजा सुनाई। लगे हाथ सात लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि परिवादी पंकज कुमार सिंह ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम की अदालत में साल 2021 में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था, जिसमें बताया था कि वह और सुशील सिंह पहले से दोस्ते थे। दोस्ती में ही पांच लाख रुपए का कर्ज दिया था। इसके बदले सुनील ने उसे (पंकज कुमार सिंह) को एक चेक दिया था। जब चेक को उसने बैंक में जमा किया तो वह बाउंस हो गया। जिसकी जानकारी उसने सुनील को दी। पर उसने पैसा नहीं लौटाया। खुद को ठगा महसूस होने पर पंकज सिंह ने आरोपित सुशील सिंह के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष की अधिवक्ताओं की बहस बाद सुनने के बाद न्यायाधीश ने सुशील कुमार सिंह को दोषी पाए जाने पर एक साल की सजा और सात लाख जुर्माने की सजा सुनाई। दूसरी ओर, दोषी सुशील के अधिवक्ता ने सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया। हालांकि इसके बाद दोषी सुशील सिंह को फिलहाल जमानत पर छोड़ा गया है।

चेक बाउंस मामले में छह महीने की सजा व दो लाख का जुर्माना

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। तेनुघाट व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस मामले में दोषी पाये जाने पर शुक्रवार को आंगवाली निवासी सुदर्शन स्वर्णकार उर्फ साव को छह महीने की सजा और दो लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। बताते चलें कि परिवादी अंगवाली निवासी महादेव साव ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम की अदालत में 2022 में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था। जिसमें बताया था कि उसकी और अभियुक्त सुदर्शन स्वर्णकार उर्फ साव की पहले से दोस्ती थी। दोस्ती में ही उसने सुदर्शन को एक लाख रुपए का कर्ज दिया था। इसके बदले सुदर्शन ने परिवादी को एक चेक दिया, जिसे बैंक में जमा करने पर वह बाउंस हो गया। जिसकी जानकारी सुदर्शन को दी। पर उसने कर्ज का पैसा नहीं दिया। इसके बाद परिवादी महादेव साव ने आरोपित सुदर्शन स्वर्णकार उर्फ साव के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने सुदर्शन स्वर्णकार को दोषी करार देते हुए छह महीने की सजा और दो लाख जुर्माना की सजा सुनाई। सजा सुनाई जाने के बाद अभियुक्त सुदर्शन स्वर्णकार उर्फ साव के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया। इसके बाद दोषी सुदर्शन स्वर्णकार को जमानत पर छोड़ दिया गया।

उत्पाद विभाग व पुलिस की कार्रवाई पोल्ट्री फॉर्म का मालिक गिरफ्तार

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में गुरुवार की देर रात हरला पुलिस ने पचौरा गांव स्थित एक पोलट्री फार्म में छापामारी की। इस दौरान पॉलट्री फार्म के मालिक रंजीत कुमार मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि अन्य आरोपी प्रदीप कुमार मंडल पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के आधार पर मामला दर्ज किया गया। उत्पाद विबाग ने मौके से 450 लीटर स्पिरिट भी जब्त किया। छापामारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक सन्नी तिर्की आदि शामिल थे।

सुरक्षा प्रथम विषय पर 'कांट्रेक्टर-मीट' का आयोजन

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में संविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा-प्रथम विषय पर 'कांट्रेक्टर-मीट' का आयोजन किया गया। जिसमें 150 ठेकेदारों ने भाग लिया। मानव संसाधन के कॉन्ट्रैक्ट लेबर सेल की महाप्रबंधक प्रांजलि ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उपस्थित सभी ठेकेदारों को उनके और संविदा कर्मियों के हित से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

फ्लिपकार्ट एजेंट से लूट कांड में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला मोड के समीप विगत 15 सितंबर की सुबह 10 बजे अज्ञात अपराधियों ने फ्लीपकार्ट के एजेंट मुकुल मिश्रा को गोली मारकर करीब 8 लाख 94 हजार रुपये की लूट की घटना का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने संदेह के आधार पर बलियापुर थाना क्षेत्र के कुसमाटांड़ से धीरज कुमार और गौतम धीवर को गिरफ्तार किया है। दोनों बाइक से कहीं जा रहे थे। इस बाबत सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र रावत ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना में त्वरित कार्रवाई के लिए जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। इस बीच गुरुवार की सुबह 10 बजे वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी टीम का गठन किया गया, जिसने तकनिकी सहायता से बलियापुर जाने वाले रास्ते में कुसुमाटाड के पास से दो संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। धीरज कुमार गुप्ता उर्फ भोलु बसरिया गोन्दुडीह का, जबकि गौतम धीवर उर्फ गोगो उर्फ बाबा उर्फ गौतम बंगाली भुली बस्ती बरवाटोला रहने वाला है। पूछताछ में दोनो ने लूटकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। इनके पास से लूट का 1.22 लाख रुपये, बाइक, देसी पिस्टल, कारतूस बरामद किया है। इससे पहले दो प्राथमिकी आरोपितों अभिषेक कुमार मंडल, पिंटु कुमार पासवान उर्फ पिन्टु गिरफ्तार किया गया था।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department
(Co-Operative Division)
OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI

Very Short e-Tender Notice

Tender Reference No:- ICDP/RANCHI/16/RE-2/2024-25 DATE:- 30.09.2024

SL No.		Name of work	No Of Unit	Estimated Value of Work (in Rs)	Cost Of BoQ (in Rs)	Earnest Money (in Rs)	Time Of Completion Of Work
01.	(A)	Construction of 100 MT Capacity Godown with Marketing Centre in Different Pacs Of District Palamu	31	10,88,56,500.00	10,000.00	10,88,600.00	12 Months
02.		Date Of Publication of on Website	08.10.2024 AT 11:00 AM				
03.		Last Date & Time of Submission of bids	17.10.2024 AT 05:00 PM				
04.		Name & Address of Office Inviting Tender	State Monitoring Officer, ICDP Cell, Ranchi, Pasupalan-Sahkarita Bhawan Singh More Hatia, Ranchi. 834003				
05.		Contact No of Procurement Officer	7979760612, 7250895727				

06. Bid document with details terms and conditions will be available online on e-tendering portal, http:// Jharkhandtenders.gov.in from 08.10.2024 at 11:00 AM to 17.10.2024 up to 05:00 PM. Bids must be Submitted online only at the e- tendering portal http:// Jharkhandtender.gov.in on or before 05:00 PM on 17.10.2024. Tender Fee and EMD Will be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from jharhandtenders.gov.in portal. Technical Bid received online will be opened at 05:00 PM on 18.10.2024
07. Estimate Cost May Vary.
08. Corrigendum/Amendment if any will be published only on the above mentioned website. Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 337956 Co-opretive (24-25)_D

विधायक ने बेरमो, जरीडीह और पेटरवार प्रखंड में कई योजनाओं का किया शिलान्यास

कार्य में गुणवत्ता व समय का रखें ध्यान: अनूप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

बेरमो। विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने शुक्रवार को बेरमो, जरीडीह और पेटरवार प्रखंड में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित होने वाली कई योजनाओं का शिलान्यास किया। यह सभी योजना डीएमएफडी और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पूरी की जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत मध्य से जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बनचास और बहादुरपुर के बीच उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास भी शामिल है। यह कार्य तीन करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से पूरा होगा। वहीं, जरीडीह प्रखंड के जैना पंचायत जैना में बैंक ऑफ बड़ौदा (मस्जिद) के पास से एनजेएस इंटर कॉलेज तक आरसीसी नाले का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जो करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से पूरा होगा। जरीडीह के ही जैना पंचायत स्थित होटल पार्क से लेकर नंदलाल महतो के घर तक निर्मित होने वाले पीसीसी पथ पर 16 लाख रुपए खर्च होंगें। इसी तरह राजपुत टोला स्थित लक्ष्मी सिंह के घर से काशीनाथ सिंह के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य करीब 19 लाख रुपए से किया जाएगा। पेटरवार प्रखण्ड अंतर्गत चांपी पंचायत के अंबाटोला फुटबॉल ग्राउंड और केपटीव पावर प्लांट के बीच दामोदर नदी में उच्च स्तरीय पुल निमार्ण कार्य का भी शिलान्यास हुआ, जिसे मुख्यमंत्री ग्राम सेतु मद से लगभग 15 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। जरीडीह बाजार व पेटरवार प्रखण्ड के चलकरी के बीच पुल का निर्माण कार्य का शिलान्यास भी विधायक ने किया, जिसे मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 22 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने सभी स्थान पर संवेदक को गुणवक्ता पूर्ण और समयाविधि में कार्य करने का निर्देश दिया। बेरमो प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जरीडीह पूर्वी, वार्ड-3 इमली पट्टी में आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य के लिए भी परियोजना का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि ये सारी योजनाएं जनता के हित को ध्यान में रखकर लाया गया है। इससे जनता को काफी लाभ होगा। पुल निर्माण से दो स्थानों की दूरी खत्म हो जाएगी। हर पुल से हजारों लोगों के आवागमन में सहूलियत होगी।

हमारे यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं: जीएम

धनसार (आजाद सिपाही)। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की ओर से शुक्रवार को बस्ताकोला क्लब में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्कृतिक प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ हुआ। बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल सिन्हा ने मुख्य अतिथि विद्युत साहा महाप्रबंधक कार्मिक कोयला भवन एवं विशिष्ट अतिथि सरोज पांडे महाप्रबंधक कार्मिक कल्याण भविष्य निधि पेंशन कोयला भवन को पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूरे बीसीसीएल के 10 एरिया से 89 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसका संचालन सतीश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनिल सिन्हा ने कहा कि हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उसे निखारने की। कार्य के साथ ही हमरे लोगों में एक से बढ़कर एक कला छुपा हुआ है जो आज देखने को मिला।

कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 04/2024–25 दिनांक – 28.09.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निर्मित दुकानो की आवंटन समयावधि नवम्बर 2024 से अक्टुबर 2027 तक के लिए की जानी है जिसमे निबंधित संस्था/प्रतिष्ठान/अच्छे आचरण वाले व्यक्ति प्रति दुकान के लिए आवेदन शूल्क– 1000/– (एक हजार) रूपये जमा कर नगर पंचायत कार्यालय से दिनांक – 01.10.2024 से 07.10.2024 तक कार्यालय दिवस में आवेदन प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। दिनांक – 08.10.2024 को आपति निराकरण की जायेगी तथा दिनांक 09.10.2024 को दुकानो की बन्दोबस्ती की जायेगी। नियम व शर्त के अनुसार अन्य कागजात आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। तय समयावधि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। दुकानो का शूल्क निर्धारण उपायुक्त, कोडरमा के अध्यक्षता में गठित टीम के सदस्यो के द्वारा दिनांक – 04.03.2023 को सामुहिक रूप से लिया गया है। दुकानो का आवंटन अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में की जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित / रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा। दुकानो की बन्दोबस्ती की विवरणी निम्नवत है –

क0 सं0	आवंटन की जाने वाली दुकानो का स्थान	दुकानो की संख्या	आवंटन का स्थान	आवंटन की तिथि एवं समय	सुरक्षित जमा राशि प्रति दुकान (रूपये में)	प्रतिमाह किराया प्रति दुकान (रूपये में)	आवेदन प्रपत्र का शूल्क (रूपये में)
3	नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्केट कम्प्लेक्स में अवस्थित 11 दुकान, जिसका साईज 9'0"X10'0",	11	कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा	दिनांक – 09.10.2024, समय– अपराह्न 02:00 बजे	250000/–	2500/–	1000/–
4	नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सुधा स्वीट के सामने, वार्ड सं0–14 में निर्मित मार्केट कम्प्लेक्स के दोनो कोने पर अवस्थित 01 दुकान जिसका साईज 19'0"X10'0",	01	कार्यालय, नगर पंचायत कोडरमा	दिनांक – 09.10.2024, समय– अपराह्न 02:00 बजे	350000/–	3500/–	1000/–

नोट :– निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ह0/–प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 337937 Urban Development(24-25).D

खुर्दा रोड डिवीजन क्षेत्राधिकार के सांसदों की डिवीजनल समिति की बैठक

यात्री सुविधाओं में सुधार का दिया सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) के खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन क्षेत्राधिकार का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद सदस्यों (सांसदों) की मंडल समिति की बैठक शुक्रवार को भुवनेश्वर में आयोजित की गयी। बैठक में आंध्र प्रदेश और ओड़िशा के प्रतिष्ठित सांसदों के साथ-साथ पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे।

सांसदों ने वरिष्ठ सांसद एवं लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब को संभागीय समिति का अध्यक्ष चुना। बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और सांसद/श्रीकाकुलम राममोहन नायडू, विभू प्रसाद तराई, डॉ संबित पात्र, सुलता देव, सुभाषिस खुंटिया, डॉ प्रदीप कुमार पाणिग्राही, अनंत नायक, सुकांत कुमार पाणिग्राही, डॉ रवींद्र नारायण बेहेरा, अविमन्यु सेठी ने भाग लिया।

सांसदों ने रचनात्मक चर्चा की और क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। उन्होंने खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन द्वारा की ग्यी विकासात्मक पहलों की सराहना की। साथ ही चल रही परियोजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला और ट्रेन सेवाओं, ठहराव और यात्री सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं को व्यक्त किया।

बैठक के दौरान ट्रेनों की संख्या बढ़ाना और दूरदराज के स्थानों तक सेवाओं का विस्तार करने, नयी रेलवे लाइनों का शीघ्र निर्माण, सड़क के नीचे पुलों (आरयूबी) और सड़क के ऊपर पुलों (आरओबी) का विकास, स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में सुधार, ट्रेनों, प्लेटफार्मों और स्टेशन क्षेत्रों की सफाई, चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करना और ट्रेनों के स्टॉपेज पर चर्चा की गयी।

सदस्यों ने क्षेत्रीय माल परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने और यात्री ट्रेन सेवाओं की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास करने की दिशा में पूर्व तट रेलवे की प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में परमेश्वर फूंकवाल ने संसद सदस्यों का स्वागत किया और उनके बहुमूल्य इनपुट और व्यावहारिक प्रतिक्रिया के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने यात्री सेवाओं में सुधार और चल रही बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूर्व तट रेलवे के प्रदर्शन पर सदन को अपडेट किया।

बैठक में डीआरएम एचएस बाजवा, पूर्व तट रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रधान प्रमुखों के साथ-साथ खुर्दा रोड डिवीजन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भुवनेश्वर में 14 से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कि हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण एवं प्रारूपन, हिंदी प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता आदि आयोजित की गयी। इसके साथ साथ आरोग्य सुधा पत्रिका के छटे संस्करण का विमोचन भी किया गया। इसी कार्यक्रम में आरोग्य सुधा पत्रिका में सर्वश्रेष्ठ लेख के लिए पुरस्कार, हिंदी प्रोत्साहन योजना के तहत अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कार एवं राजभाषा कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु रोलिंग ट्रॉफी से भी विभिन्न कार्मिकों को सम्मानित किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं में संकाय, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के अभिभावकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि (प्रो) डॉ नरबदेश्वरी दीप बाग, विभागाध्यक्ष, रेडियो डाइग्नोसिस की अध्यक्षता में इस पाखवाड़े का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी (प्रो) डॉ दिलीप कुमार परिडा; संकायाध्यक्ष, डॉ सत्यजित मिश्र आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि (प्रो) डॉ नरबदेश्वरी दीप बाग ने सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा राजभाषा हिंदी की महत्ता सभी के साथ साझा की। उन्होंने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को राजभाषा अधिनियम का पालन करने एवं अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित किया। एम्स भुवनेश्वर की गृह पत्रिका आरोग्य सुधा का विमोचन भी इसी सभा में मुख्य अतिथि के कर-कमलों से किया गया। संचालन संस्थान के वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, डॉ इंद्रजीत सिंह द्वारा किया गया तथा राजभाषा अनुभाग के विक्की वर्मा, बिक्की कुमार साव, गोबिंद चौधरी एवं भर्ती प्रकोष्ठ से रोहित सिंह, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आयोजक समिति का हिस्सा रहे।

किट, किस और जेपीगो ने 'थ्रीव' की शुरुआत की

जनजातीय स्वास्थ्य और युवा सशक्तिकरण को दिया जायेगा बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (किट), द कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) और जॉन्स हॉपकिन्स से संबद्ध जेपीगो ने गुरुवार को ट्राइबल हेल्थ रिसर्च इनोवेशन एंड वोकेशनल एम्पावरमेंट (थ्रीव) नामक एक नयी पहल के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार किया। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत की उपस्थिति में किट, किस और जेपीगो के बीच इस संबंध में एक नये त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। किट और किस के कुलपतियों क्रमशः प्रो सरनजीत सिंह और प्रो दीपक बेहेरा और जेपीगो इंडिया के कंट्री डायरेक्टर डॉ सोमेश कुमार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

नयी साझेदारी नयी पहल के हिस्से के रूप में दो अभूतपूर्व केंद्र बनायेगी, जो स्वदेशी नेतृत्व वाले अनुसंधान, सांस्कृतिक संरक्षण और युवा सशक्तिकरण के लिए केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिसका उद्देश्य स्वदेशी समुदायों के भीतर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करना है। केंद्रों को जनजातीय स्वास्थ्य और अनुसंधान केंद्र और युवा नवाचार और समावेशन केंद्र के रूप में जाना जायेगा।

आज झारसुगुड़ा जिले में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

आज 7 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रखरखाव आवश्यक है

भुवनेश्वर। बुर्ला ओड़िशा इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओपीटीसीएल) द्वारा 132/33 केवी ब्रजराजनगर ग्रिड सबस्टेशन पर रखरखाव कार्य के लिए झारसुगुड़ा जिले में बड़जब, बलंडा, बंधबाहल, ब्रजराजनगर, गांधीचक, गणेशनगर, जुराबगा, जुनाडीही, कंटाटिकरा, लामटिबाहाल, लोइसिं, पिपिलखानी, राजपुर, रेमजा, रेंगाली, सिंगेइपाल्ली, तेलेनपाल्ली, बेलपाहाड़ टाउन और आसपास के क्षेत्र में 5 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रखरखाव आवश्यक है। इसलिए, टीपीडब्ल्यूओडीएल बिजली सेवा के अस्थायी व्यवधान के लिए माफी मांगता है और क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं और जनता से सहयोग का अनुरोध करता है।

विवादित बिजली बिलों के निपटारे के लिए विशेष शिकायत निवारण न्यायाधिकरण का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बुर्ला टाटा पावर और टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ओड़िशा सरकार का एक संयुक्त उद्यम, विवादित मामलों के निवारण के लिए बलांगीर और सोनपुर जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में अक्टूबर महीने के लिए एक विशेष जीआरएफ शिविर का आयोजन कर रहा है। इसलिए इन दोनों जिलों के बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे लंबित बिजली बिलों के संबंध में अपनी शिकायतों को दर्ज करने और उनका निवारण करने के लिए निम्नलिखित नियत तिथियों पर अपने-अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहें।

सोनपुर जिले में, इन विशेष शिकायत निवारण पीठों का आयोजन 5 अक्टूबर को बीरमहाराजपुर और उलुंडा अनुभाग कार्यालयों में 23 अक्टूबर को बिनिका और महादेवपाल्ली अनुभाग कार्यालयों में और 25 अक्टूबर को सोनपुर टाउन स्थित अनुभाग कार्यालय में किया जा रहा है। बलांगीर जिले में, यह विशेष शिकायत सुनवाई 7 अक्टूबर को चंदनबाटी और मिधार्पाली अनुभाग कार्यालयों में, 19 अक्टूबर को तुरीइकेला और कंटाबांझी अनुभाग कार्यालयों में, और 21 अक्टूबर को अगलपुर और लोईसिंहा अनुभाग कार्यालयों में आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं और लंबित बिजली बिलों का भुगतान करें और निर्बाध और निरंतर बिजली सेवा का आनंद लें।

हाथियों की घुसपैठ के कारण कालाहांडी के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। हाथियों का एक झुंड (लगभग 60 हाथी) विभिन्न वन क्षेत्रों से नुनमथा, बालसी, केसिंगा, नर्ला, बिश्वनाथपुर और एम रामपुर प्रखंड के कई इलाकों में भोजन की तलाश में इधर-उधर घूम रहे हैं। इन हाथियों की आवाजाही के कारण वन विभाग के अधिकारियों के आदेश पर टीपीडब्ल्यूओडीएल की एक टीम हाथियों की निगरानी कर रही है और हाथियों की सुरक्षा के लिए बिजली की आपूर्ति काट रही है। पिछले 15 दिनों से नुनमथा, बालसी, के सिंगा, नर्ला, बिश्वनाथपुर और एम रामपुर प्रखंड एवं इसके आसपास के विभिन्न इलाकों में अनिश्चित काल के लिए बिजली सेवा बाधित होगा। वन विभाग के अधिकारियों के आदेशानुसार आने वाले दिनों में भी हाथियों के उक्त आबादी क्षेत्र को छोड़ने तक बिजली सेवा बाधित रहेगी।

बिजली सेवा बाधित होने से आठ हजार से अधिक टीपीडब्ल्यूओडीएल ग्राहक निर्बाध बिजली सेवा से वंचित हैं। इसके लिए हम टीपीडब्ल्यूओडीएल की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और जनता, प्रशासन और ग्राहकों का सहयोग चाहते हैं।

सोआ में ओड़िशा में रक्षा उपकरण उत्पादन पर सम्मेलन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओड़िशा में रक्षा उपकरणों के निर्माण की संभावनाओं का पता लगाने के लिए रक्षा विशेषज्ञ, उपकरण निमार्ता, निवेशक, शोधकर्ता और सेना के अधिकारी शनिवार को शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय में एक सम्मेलन आयोजित करेंगे। "मिशनः मेक इन ओडिशा फॉर डिफेंस इंडस्ट्री-ऑपर्चुनिटीज गैलोर' शीर्षक से यह सम्मेलन ओडिशा कॉरपोरेट फाउंडेशन, सोआ और सोआ सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन (सोआ-सीआइआइ) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ओसीएफ के सलाहकार ब्रिगेडियर एलसी पटनायक ने शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। ओड़िशा के पास पर्याप्त कच्चा माल, बुनियादी ढांचा, कुशल श्रमशक्ति और निर्यात के सभी अवसर हैं, लेकिन राज्य बहुत अधिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है। ब्रिगेडियर पटनायक ने कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन के प्रमुख विषयों में स्थानीय मानसिकता के साथ स्वदेशी विनिर्माण और विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादों, नवीन तरीकों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ओड़िशा को विकसित करने के लिए ओडिशा के मानव संसाधनों का कौशल शामिल है। साथ ही, इस आयोजन का उद्देश्य ओडिशा को वैश्विक रक्षा बाजार में पेश करके विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना भी है। साथ ही, कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक रक्षा बाजार में ओड़िशा का प्रतिनिधित्व करके विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेजर जनरल (रिटायर्ड) आरसी पाढ़ी, एवीएम (रिटायर्ड) एम महंत, कर्नल (डॉ) पीसी पटनायक, ओसीएफ की महिला विंग की अध्यक्ष उषशी रथ और कार्यकारी निदेशक और सलाहकार प्रमोद कुमार शतपथी उपस्थित थे और बक्तब्य रखे।

नासिक में आरपीएफ के 40वें स्थापना दिवस पर परेड का आयोजन

अश्विनी वैष्णव ने आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन के लिए 35 करोड़ अनुदान की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को नासिक स्थित आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की 40वीं स्थापना दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने 33 आरपीएफ कर्मियों को सम्मानित किया, जिन्हें 2023 और 2024 के दौरान यात्रियों की जान बचाने में उनके साहसी प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पुलिस पदक और जीवन रक्षा पदक प्रदान किये गये।

केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि आरपीएफ को अपने कर्मियों की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और बेहतर हेलमेट सहित आधुनिक सुरक्षात्मक गियर से लैस किया जाएगा। इसके अलावा, मंत्री ने महिला कर्मियों के लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ आरपीएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए 35 करोड़ के अनुदान की घोषणा की। तमिलनाडु में आरपीएफ डॉग स्क्वॉड के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तैयार करने के उद्देश्य से 5.5 करोड़ का अतिरिक्त अनुदान स्वीकृत किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने अनुशासन और प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में आरपीएफ परेड के दौरान औपचारिक सलामी भी ली। इस कार्यक्रम के भाग के रूप में श्री वैष्णव ने 'संज्ञान' मोबाइल एप्लिकेशन का हिंदी संस्करण लॉन्च किया, जिससे बल के भीतर संचार को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने तीन नए अधिनियमित आपराधिक कानूनों पर संदर्भ पुस्तकों के हिंदी संस्करण भी जारी किये। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले वर्ष 5300 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं और पिछले 10 वर्षों में 31,000 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान 40,000 किलोमीटर लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है।

40वें स्थापना दिवस परेड के अवसर पर आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव, मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना, भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और मध्य रेल के मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**